नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 21.08.2023 | वर्ष 10, अंक 228 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी जिन्दगी भी वैसी ही होती है..

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री ने राजीव गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने पूर्व ट्विटर पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जन्म-जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके अलावा संसद भवन के सेंट्रल हॉल में भी दिवंगत नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेता मौजूद रहे।

### यूक्रेन पर मिसाइल हमला, सात की मौत

**कीव** : यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा है कि उत्तरी यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव में एक प्रमुख चौराहे पर रूस के शक्तिशाली मिसाइल हमले में सात नागरिक मारे गए और 144 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी हैं। इस चौराहे पर पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी और एक सिनेमाहाल भी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में शेयर किया है।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि जब हमला हुआ, तब लोग धार्मिक अवकाश मनाने के लिए चर्च जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की इन दिनों स्वीडन की यात्रा पर हैं। संयुक्त राष्ट्र ने रूस के इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि वह इस से बेहद परेशान है।

### उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमला, 11 मजदूर मारे गए

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमले में 11 मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह बम विस्फोट एक वैन में हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में उपायुक्त रेहान गुल खट्टक के हवाले से कहा गया है कि यह वैन मजदूरों को लेकर जा रही थी। आतंकवादियों ने रास्ते में उसे विस्फोटक से उड़ा दिया। इस हमले में 11 मजदूरों की जान चली गई। घायल दो मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया। यह मजदूर दक्षिणी वजीरिस्तान की तहसील माकिन और वाना के रहने वाले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह आतंकी हमला कुछ हफ्ते पहले बाजौर में हुए आत्मघाती विस्फोट के बाद हुआ है। इस आत्मघाती विस्फोट में 23 बच्चों सहित कम से कम 63 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस आत्मघाती विस्फोट की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। एक दीगर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खैबर जिले के बारा में आतंकवादियों से शनिवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो दहशतगर्दों को ढेर कर दिया।

### पाकिस्तान में बस और मालवाहक वाहन में टक्कर, 16 की मौत

**इस्लामाबाद**: फैसलाबाद मोटर-वे पर आज तड़के पिंडी भट्टियां के पास कराची से इस्लामाबाद आ रही एक यात्री बस की मालवाहक वाहन (पिकअप) से हुई टक्कर में 16 लोगों की जान चली गई। इस हादसे में 15 अन्य घायल हो गए। पिकअप में डीजल के ड्रम थे।मीडिया रिपोर्ट्स में जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर फहद के हवाले से कहा गया है कि घायलों को पिंडी भट्टियन अस्पताल ले जाया गया। इस टक्कर के तुरंत बाद बस में आग लग गई। आसपास के लोगों ने खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बस से बाहर निकालने की कोशिश की। हादसे में दोनों वाहनों के ड्राइवरों की भी मौत हो गई।

### चांद के करीब पहुंचा हमारा चंद्रयान-3, क्रैश हुआ रूस का लूना-25

# चांद की सतह पर 23 को उतरेगा चंद्रयान-3

* चांद की सतह पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के साथ ही इसरो रच देगा इतिहास
* अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चांद पर पहुंचने वाला चौथा देश बन जाएगा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** : चंद्रयान 3 मिशन ने सफलतापूर्वक अंतिम डीबूस्टिंग चरण पूरा कर लिया।
इसरो ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि अब लैंडर मॉड्यूल की आंतरिक जांच की जाएगी और चांद पर उतरने की तय साइट पर सूरज के निकलने का इंतजार किया जा रहा है। इसरो ने बताया कि लैंडर मॉड्यूल 23 अगस्त की शाम करीब 5.45 बजे चांद की सतह पर उतर सकता है।
चांद पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है। अभी चांद पर रात है और 23 अगस्त को सूरज निकलेगा। यही वजह है कि दिन की रोशनी में ही लैंडर चांद की सतह पर उतरने की कोशिश करेगा। ताकि रोवर बेहतर तरीके से वहां रिसर्च कर सके और बेहतर तस्वीरें भेज सके।
भारत का चंद्रयान-3 मिशन चांद की सतह पर पानी की खोज करेगा, साथ ही चांद पर रसायनिक विश्लेषण भी करेगा। चांद की सतह पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के साथ ही इसरो इतिहास रच देगा। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा।
बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन का बजट करीब 615 करोड़ रुपये का है। इसरो चेयरमैन ने बताया कि चंद्रयान के लैंडर मॉड्यूल को चांद पर लैंड कराने में सबसे बड़ी चुनौती उसे लैंडिंग से पहले मोड़ना है। उन्होंने बताया कि जब लैंडर चांद की सतह पर लैंड करने के लिए उतरेगा तो वह क्षैतिज अवस्था में होगा। लेकिन उसे लैंडिंग से पहले 90 डिग्री सेल्सियस पर मोड़कर लंबवत करना होगा।

### चंद्रमा की सतह पर क्या करेगा चंद्रयान 3 ?

चंद्रयान-3 मिशन में लैंडर, रोवर और प्रॉपल्शन मॉड्यूल शामिल हैं। लैंडर और रोवर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेंगे और 14 दिनों तक प्रयोग करेंगे। वहीं प्रॉपल्शन मॉड्यूल चांद की कक्षा में ही रहकर चांद की सतह से आने वाले रेडिएशंस का अध्ययन करेगा। इस मिशन के जरिए इसरो चांद की सतह पर पानी का पता लगाएगा और यह भी जानेगा कि चांद की सतह पर भूकंप कैसे आते हैं। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक अन्नादुरई कहते हैं, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र का पता इसलिए भी लगाया जा रहा है, क्योंकि इसके आसपास स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों में पानी की मौजूदगी की संभावना हो सकती है।

### रूस का चांद पर पहुंचने का सपना टूटा, क्रैश हुआ लूना-25

रूस का लूना-25 मिशन चांद पर क्रैश हो गया है। रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कॉस्मॉस ने इसकी जानकारी दी है। गौरतलब है कि लूना-25 अंतरिक्ष यान में एक दिन पहले तकनीकी खराबी आ गई थी। रूस के अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने कहा कि रूस का लूना-25 अंतरिक्ष यान अनियंत्रित कक्षा में घूमने के बाद चंद्रमा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। रोस्कोस्मोस ने एक दिन पहले बताया कि लैंडिंग से पहले ऑर्बिट बदलते वक्त आसामान्य स्थिति आ गई, जिस वजह से लूना-25 ठीक ढंग से ऑर्बिट बदल नहीं सका। यह स्थिती तब उत्पन्न हुई थी जब सोमवार के लिए नियोजित टचडाउन से पहले शनिवार को 11¬10 जीएमटी पर यान को प्री-लैंडिंग कक्षा में ले जाने की कोशिश की गई।



## लद्दाख हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची** : लद्दाख में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के नौ जवानों के सर्वोच्च बलिदान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है. मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा, लद्दाख में लेह के पास सेना के ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ जवानों के बलिदान के दुखद खबर से मन व्यथित है.परमात्मा दिवगंत जवानों की आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे. उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है. बताते चलें कि बीते दिन लद्दाख में लेह के पास सेना का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इस ट्रक में सवार एक जूनियर कमिशन ऑफिसर और आठ जवानों की मौत हो गई. जबकि एक जवान घायल हुआ. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसा क्यारी इलाके के पास हुआ.
सेना से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सेना के ट्रक के साथ एक एंबुलेंस और यूएसवी भी जा रही थी. इन सभी वाहनों में कुल 34 सेना के जवान थे. शनिवार शाम साढ़े 6 बजे सेना का ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ. लद्दाख में एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि क्यारी शहर से 7 किमी दूर दुर्घटना हुई है. सेना का वाहन खाई में गिर गया था. जवान कारू गैरीसन से लेह के पास क्यारी की तरफ जा रहे थे. भारतीय सेना ने बयान जारी किया और कहा, एक एएलएस वाहन लेह से न्योमा की ओर काफिले के साथ जा रहा था. शनिवार शाम करीब 5¬45-6¬00 बजे के बीच क्यारी से 7 किलोमीटर पहले घाटी में फिसल गया. वाहन में 10 कर्मी सवार थे जिनमें से 9 की मौत हो गई और एक घायल हो गया. घायल कर्मियों को अस्पताल ले जाया गया.

**सेना से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सेना के ट्रक के साथ एक एंबुलेंस और यूएसवी भी जा रही थी. इन सभी वाहनों में कुल 34 सेना के जवान थे.**

## गंगोत्री हाइवे पर सड़क हादसे में 7 की मौत



**एजेंसी**
**देहरादून** : रविवार को उत्तरकाशी के गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास गुजरात के यात्रियों की बस खाई में गिरने के मामले में स्थानीय प्रशासन को तेजी से राहत-बचाव कार्य चलाने के निर्देश देते हुए देहरादून में हेलीकॉप्टर को तैयार रहने को कहा है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और अपर मुख्य सचिव से भी फोन पर वार्ता कर घटनास्थल पर चल रहे राहत बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, मेडिकल टीमों को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों के लिए आवश्यकता पड़ने पर देहरादून में हेलीकॉप्टर को तैयार रहने के लिए कहा है। गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी में हुई इस घटना में कुछ लोगों के हताहत होने की सूचना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। बता दें कि उत्तराखंड में गंगोत्री धाम से यात्रा कर लौट रही गुजरात के यात्रियों की एक बस गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के गंगनानी के पास खाई में गिर गई. इस बस में 35 यात्री सवार थे. बस दुर्घटना में 27 घायल यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है. जबकि 7 लोगों की मौत हो गई. एक शव बस में ही फंसा हुआ है।

### 84 सदस्यीय कांग्रेस कार्यसमिति की हुई घोषणा

## कार्यसमिति में पहली बार शामिल हुए शशि थरूर और सचिन पायलट



**एजेंसी**
**नई दिल्ली** : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई कांग्रेस कार्य समिति के गठन का ऐलान किया। इसमें शशि थरूर और सचिन पायलट को भी जगह मिली है। दोनों पहली बार इसमें शामिल हुए हैं। सीडब्ल्यूसी में कुल 84 नाम हैं।
इनमें 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित, नौ विशेष आमंत्रित, पदेन सदस्य और प्रभारियों के नाम शामिल हैं।सीडब्ल्यूसी में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी. चिदम्बरम, तारिक अनवर, ललथनहावला, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अशोक चव्हाण, अजय माकन, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कुमारी शैलजा, गैखंगम, एन रघुवीरा रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जीतेन्द्र सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सचिन पायलट, दीपक बाबरिया, जगदीश ठाकोर, जीए मीर, अविनाश पांडे, दीपादास मुंशी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन, कमलेश्वर पटेल और केसी वेणुगोपाल शामिल हैं।
**स्थायी आमंत्रित** : वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक हमीद कर्रा, दीपेन्द्र सिंह हुडडा, गिरीश राया चोदनकर, टी सुब्बारामी रेड्डी , के राजू, चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फुलो देवी नेताम, दामोदर राजा नरसिम्हा और सुदीप रॉय थुरमन शामिल हैं।
**विशेष आमंत्रित** : पल्लम राजू, पवन खेड़ा, गणेश गोदियाल, कोडिककुनिल सुरेश, यशोमति ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, प्रणिति शिंदे, अलका लांबा, वामशी चंद रेड्डी।
**पदेन सदस्य** : श्रीनिवास बीवी अध्यक्ष आईवाईसी, नीरज कुन्दन अध्यक्ष एनएसयूआई, नेट्टा डिसूजा अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, सेवादल के मुख्य संगठक लालजी देसाई।
**प्रभारी** : डॉ. ए चेल्लाकुमार, भक्त चरण दास, डॉ. अजय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, मनिकम टैगोर, सुखविन्दर रंधावा, माणिकराव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सप्पल, सचिन राव, देवेन्द्र यादव, मनीष चतरथ।

### अमित शाह ने भोपाल में बीजेपी सरकार के साढ़े 18 साल का रिपार्ट कार्ड पेश किया

## बीमारू राज्य एमपी को भाजपा ने बनाया विकसित राज्य : अमित शाह




**एजेंसी**
**भोपाल** : मध्य प्रदेश दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भोपाल में बीजेपी सरकार के साढ़े 18 साल का रिपार्ट कार्ड पेश किया. इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे. इस रिपोर्ट कार्ड को गरीब कल्याण महाअभियान नाम दिया गया है. रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए अमित शाह ने कहा कि हमने एक बीमारू राज्य को 20 सालों में विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का प्रयास किया है. अमित शाह ने कहा,मध्य प्रदेश में सबसे अधिक समय 53 साल तक कांग्रेस ने शासन कियालेकिन उनके राज में मएमपी को बीमारू राज्य का टैग दिया गया था. बीमारू राज्य जिन राज्यों से मिलकर बना था उनमें बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी थे. उस समय इन राज्यों को भारत के ग्रोथ रेट को कम करने वाला स्टेट माना गया. 2003 में बंटाधार की सरकार हटाई और उसके बाद से एमपी को बीमारू राज्य की इमेज से 20 सालों में बाहर निकाल दिया.
**दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर साधा निशाना**: दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को निशाने पर लेते हुए अमित शाह ने कहा कि श्रीमान बंटाधार और कमलनाथ को घोटालों पर जवाब देना चाहिए. उन्होंने कहा,हेल्थ, इंडस्ट्री, यूथ, एजुकेशन और कृषि हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर एमपी की नींव डालने का काम 20 सालों में हुआ है. मैं एमपी की जनता को विश्वास दिलाने आया हूं कि हम इसको बेहतर बहाने का काम करेंगे. 20 साल में 10 साल डबल इंजन की सरकार रही है .अगला इलेक्शन बंटाधार से लेकर विकसित राज्य बनाने का चुनाव है. एमपी की 9 करोड़ जनता के आशीर्वाद की हम कामना करते हैं.
**गरीबी से संपूर्ण मुक्ति का चुनाव**: अमित शाह ने कहा कि 2014 में लोकसभा की 29 में से 27 सीटें, 2019 में 29 में 28 सीटें भाजपा को मिली. उन्होंने कहा,अब मैं विश्वास के साथ कह रहा हूं कि एक सीट की कमी है, 2024 में यह कमी भी मध्य प्रदेश की जनता पूरी कर देगी, मुझे पूरा विश्वास है. आगामी चुनाव गरीबी से संपूर्ण मुक्ति का चुनाव है.

### शिवराज बोले : एमपी को मिली नई पहचान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, एक दौर था जब मध्य प्रदेश के ग्वालियर और चंबल में शाम पांच बजे बाद निकलना मुश्किल था, जो आज खत्म हो चुका है. देश की जीडीपी में एमपी का योगदान 3.6 फीसदी था जो अब 4.08 फीसदी हो गया है. 2014 से जब से मोदी जी पीम बने हैं तब से एमपी के विकास को नई गति मिली है. आज राज्य में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है.हम इससे संतुष्ट नहीं हैं.

## चार देशों में फैला कोरोना का नया वैरिएंट, बढ़ी चिंता



**एजेंसी**
**नई दिल्ली** : कोरोना वायरस के एक नए और उच्च म्यूटेटेड वैरिएंट का वैज्ञानिकों ने पता लगाया है। इस वैरिएंट को बीए.2.86 नाम दिया गया है। कोरोना के इस वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गहरी चिंता जाहिर की है।
बता दें कि जुलाई के अंत से अब तक इस वैरिएंट के चार अलग-अलग देशों में मरीज मिल चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट बीए.2.86 का एक-एक मरीज अमेरिका, ब्रिटेन और इस्राइल में मिल चुका है। वहीं डेनमार्क में इस वैरिएंट से संक्रमित तीन मरीज मिले हैं। वैज्ञानिक इस वैरिएंट पर करीब से नजर रखे हुए हैं। इसकी वजह ये है कि इस वैरिएंट में 36 म्युटेशन दिखे हैं, जो इसे कोरोना के मौजूदा प्रभावी कोरोना वैरिएंट एक्सबीबी.1.5 से इसे अलग करते हैं। हालांकि अभी तक इस बात के सबूत नहीं मिले हैं कि कोरोना का यह नया वैरिएंट तेजी से फैलता है और लोगों को गंभीर रूप से बीमार करता है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पलामू के कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू कांग्रेस जिला कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक तथा संचालन अजय साहू ने की। विचार गोष्ठी में लक्ष्मी नारायण तिवारी विनोद तिवारी मिथलेश सिंह रूद्र शुक्ला ईश्वरी सिंह इंदु भगत राहुल दुबे, राजेश चौरसिया आदि लोगो ने विचार रखा।कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आदर्श जीवन एवं देश सेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी देश के युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं आधुनिक भारत के निर्माता थे। वे अक्सर कहा करते थे कि भारत में युवाओं की संख्या अधिक है देश के हर युवा का सपना है कि भारत एक विकसित राष्ट्र बने युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए राजीव गांधी ने सूचना एवं तकनीकी के क्षेत्र में क्रांति लाई वे दूरदर्शी सोच और महान व्यक्तित्व के धनी थे देश के विकास में उनके द्वारा जो कार्य किया गया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पंचायती राज व्यवस्था, जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना, कंप्यूटर और दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है उनके बताए रास्ते पर चलकर ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकता है पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गांधी ने 18 वर्ष की आयु के युवाओं को वोट देने का अधिकार दिया मौके पर नसीम खान सुरेश पाठक ओम प्रकाश अमन सिद्धनाथ गुप्ता जितेंद्र कमलापुरी अजय साहू राजेश चौरसिया मुना खान सोनू खान मिथिलेश सिंह बागेश्वर पांडे विश्राम दुबे कृष्ण मणि दुबे शहजाद अली रविंद्र कुमार शहनाज खान नितेश पासवान सूर्यांश प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## श्री सदगुरू सदाफल देव महाराज के अनुयायियों द्वारा सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत जासा ग्राम स्थित गुलाबराम चंद्रवंशी के आवास पर श्री सदगुरू सदाफल देव महाराज के अनुयायियों द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ श्री सदगुरू सदाफल देव महाराज के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर, अखण्ड दीप प्रज्वलित कर, स्वागत गान, मंगल गान व भजन के साथ किया गया.सत्संग में उपस्थित गढवा जिला उपदेष्टा परशुराम विश्वकर्मा ने 21 लोगो को विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान का उपदेश किया। इस अवसर पर गुलाबराम चंद्रवंशी ने कहा कि जो माया लोक को छुड़ाकर चेतन लोक की प्राप्ति करा दे वही सद्गुरु है। उन्होंने कहा कि हमसबों का सौभाग्य है कि हमे ऐसे सद्गुरु मिले हैं. उसी ब्रह्मविद्या के पथ पर हम चल रहे हैं। आवश्यकता है सेवा सत्संग व साधना में निरंतरता की। इस अवसर पर मुंद्रिका पासवान, सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन राम, शिवचन्द गुप्ता, आरुष पांडेय, अर्चना पांडेय, शशिकला देवी, सुनील कुमार, उदय गुप्ता, गणेश बैठा, रमौती देवी, पूजा कुमारी, हरिहर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखण्ड के पिंडरा गांव में युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती दिवस मनाया। युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना खान की अध्यक्षता में पलामू ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का जयंती मनाई गई। मौके पर डालटनगंज विधानसभा के चैनपुर ब्लॉक के पिंडरा ग्राम में बच्चो के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया। मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज़ अली मुन्ना खान ने कहा की पंचायती राज, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी व टेलीकॉम क्रांति के जनक, युवाओं को मतदान का अधिकार देनेवालें, अलगाववाद व आतंकवाद के विरोधी, वर्तमान भारत के शिल्पी, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, हमारे प्यारे नेता राजीव गांधी जी को पूरा देश उनके किए कार्यों का हमेशा ऋणी रहेगा आज इस मौके पर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। अजय कुमार, तोसिफ कमर, नीतीश पासवान, नावेद खान, सोनू खान अभिषेक कुमार, करण कुमार, प्रीतम गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

## राजद के शीर्ष नेतृत्व ने किया पिपरा प्रखंड का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हुसैनाबाद हरिहरगंज संजय कुमार सिंह यादव सहित राजद पार्टी के शीर्ष नेतृत्वकर्ताओं ने दिन रविवार को पिपरा प्रखंड का दौरा किया। दौरे के दौरान प्रखंड के पिपरा बाजार स्थित विद्यालय के मैदान में प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान के अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं एवं सभा में पहली बार राजद के विचारधाराओं से अवगत होने पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि जात नहीं जमात की बात की जाए। तभी क्षेत्र का विकास हो पाएगा। सभी लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी का विस्तार करें। जन-जन तक राजद पार्टी के नीति एवं विचारों को पहुंचाएं। साथ ही सभा स्थल पर पहुंचे अन्य नेताओं ने भी अपने-अपने विचार लोगों के सामने रखें। सभा स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा रवि कुमार यादव जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव प्रदेश महासचिव जाकिर अली जिला परिषद सदस्य पिपरा ददन पासवान मुखिया राजेश राजवंशी युवा नेता समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद यादव सुनील यादव विजय भुइया सौरभ सिंह जितेंद्र सिंह मुकेश यादव सहित सैकड़ो लोग सभा में उपस्थित थे।

## जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। सत्संग में माला देवी, रीना जायसवाल, लालती देवी, अखिलेश प्रसाद द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी अजय दा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य ईश्वर की संतान है, इसलिए प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की आराधना करना चाहिये.ईश्वर सर्वव्यापी हैं.ईश्वर की प्राप्ति हेतु हमसबों को सत्संग करना चाहिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी के द्वारा प्रदत्त सतनाम का स्मरण करना चाहिये। पुरुषोत्तम के द्वारा दिया गया सतनाम कलयुग में भवसागर को पार करने वाला है.सत्संगी गीता देवी ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी ने नारियों के उत्थान के लिये मातृ सम्मेलन करने को कहा है.मातृ सम्मेलन करने से प्रत्येक नारी में मातृत्व का भाव जागृत होता है.उन्होंने नारी के आठ वैशिष्ट्य का विस्तार से वर्णन किया. उन्होंने कहा कि आठो वैशिष्ट्य का पालन करने पर नारी देवी हो जाती है.यह गुण सभी नारियों में है, जरूरत है उसे जागृत करने की। सत्संगी ललिता देवी ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी के गुणों की चर्चा परिवार व समाज मे करना चाहिये। श्री श्री ठाकुर जी के सतनाम की आवश्यकता प्रत्येक मनुष्य को है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य को कामिनी व कांचन से दूर रहना चाहिये। अहंकार का त्याग करना चाहिये, क्योकि अहंकारी व्यक्ति में भक्ति कभी नही आ सकता है। सत्संग में प्रसाद की व्यवस्था गोविंद रजक द्वारा किया गया था। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, आयुष कुमार, प्रत्यूष कुमार, श्रीकांत प्रसाद, अरविन्द कुमार, प्रमिला देवी सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

## रांची फेडरेशन के सदस्यो को जॉइंट्स ग्रुप ऑफ इंटरनेशनल के सदस्यों ने किया स्वागत



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची फेडरेशन 8 के अध्यक्ष आर के चौधरी, सेंट्रल कमिटी सदस्य ए के पाठक, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, यूनिट निदेशक मनोज केशरी ने रविवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया। इसके बाद जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों की उपस्थिति में राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर परिसर में आगन्तुक सदस्यों ने 15 फलदार पौधे लगाये। जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने अल्का मैरेज गार्डेन में आगन्तुक अतिथियों को बुके व बाबा बंशीधर की तस्वीर देकर स्वागत किया। मौके पर नगर अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, सचिव अनूप कुमार निराला, शम्भूनाथ सौदागर, अशोक जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, राहुल जायसवाल, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, उमेश कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन पर बेटिकट 196 यात्री पकड़े गए, हुआ फाइन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज-धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से नगर उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 196 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 31 हजार 920 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार को रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी का केतार में हुआ कमेटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहत जिला अध्यक्ष ललित राम के अध्यक्षता में केतार प्रखंड इकाई का गठन हुआ। जिसमें प्रदेश महासचिव सिराज खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गिरजानंद उरांव, प्रदेश सचिव अजय वर्मा, प्रदेश संगठन सचिव दीपक कुमार, उपाध्यक्ष फैजान खान इस अवसर पर शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद रावण को झारखंड प्रदेश कमेटी पुनर्गठन पर बधाइयां पेश किया इस दौरान नवनियुक्त आजाद समाज पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी को फूल माला से स्वागत भी किया गया साथ ही केतार प्रखंड इकाई का गठन हुआ जिसमें सर्व समिति से समरेश कुमार रवि को अध्यक्ष, नरेंद्र अनमोल को महासचिव, अरुण कुमार को उपाध्यक्ष, प्रताप कुमार राम को संगठन सचिव एवं प्रवक्ता संतोष कुमार राम को बनाया गया। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद का होगा विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र के परती पंचायत में सामाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद का पंचायत कमेटी गठन के लिए एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता रविंद्र सिंह एवं संचालन रंजन रजक के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उक्त बैठक में सर्वसम्मति से रविंद्र सिंह को पंचायत अध्यक्ष, रंजन कुमार रजक को सचिव, अखिलेश कुमार प्रजापति को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनीष कुमार रजक, सुजीत कुमार राम को उपसचिव, बृजेश कुमार चौधरी को संगठन मंत्री सहित 51 सदस्यीय पंचायत कमेटी का चयन किया गया। साथ ही सभी युवाओं ने संकल्प लिया कि हम सभी लोग मिलजुल कर के अपने पंचायत और प्रखंड में आपसी भाईचारा बनाते हुए समाज हित में सामाजिक कार्य करने का काम करेंगे वही मौके पर उपस्थित युवा समाजसेवी छोटन कुमार सिंह ने संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी देते कहा कि यह संगठन तीन सालों से लगातार समाज की सेवा करते आ रही है और आगे भी करती रहेगी इस संगठन के साथ जुड़कर कई समाज हित के लिए कार्य किया जा सकता है। वही संगठन के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने कहा कि सामाजिक संगठन को सभी पंचायत में विस्तार करना है आज परती पंचायत में कमेटी का गठन किया गया।

## 9 गांव में होगा स्वास्थ्य सहिया का चयन, ग्राम सभा की तिथि निर्धारित



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र के 9 गांव में स्वास्थ्य सहिया का चयन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने बताया कि सहिया चयन के लिए सभी गांवों में ग्राम सभा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। हरिहरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत के सलैया गांव में तथा कूलहिया पंचायत के कोल्हुआड़ा गांव में 21 अगस्त को डेमा पंचायत के डेमा गांव में 22 अगस्त को कटैया पंचायत के शोभनाथ चक में 23 अगस्त को सरसोत पंचायत के बलरा गांव में 24 अगस्त को जबकि पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत के रजौखड़ गांव में 22 अगस्त को तेंदुई पंचायत के बरवाडीह गांव में 23 अगस्त को बभंडी पंचायत के तरवनकला में 24 अगस्त को तथा पिपरा पंचायत के डिहरिया गांव में 25 अगस्त को सहिया चयन के लिए ग्राम सभा आयोजित होगी।

## डिज्नीलैंड के तर्ज पर इस बार लगा है मेदिनीनगर का महाझूलन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला में प्रत्येक वर्ष सावन महीना में लगने वाला झूलन मेला इस बार नए रूप में नजर आएगा। इस मेले का इंतजार पलामू जिला के अलावा गढ़वा ,लातेहार के लोग साल भर से करते हैं। इसी मेला के बहाने कई रिश्तेदार आपस में मिलकर सुख-दुख भी बांटते हैं। श्रावणी झूलन मेला के आयोजक लव कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि पारंपरिक मेला को जीवित रखने के लिए मेले को नए रूप में लगाया जा रहा है। यह मेला डिज्नीलैंड के तर्ज पर है। पहले खुले में मेला लगता था।जिसके कारण कई लोगों के साथ खासकर के महिलाओं के साथ छेड़खानी आदि का मामला आता था। इस बार घेरा के अंदर इस मेले को लगाया जा रहा है और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। हर एक व्यक्ति पर सीसीटीवी कैमरा के द्वारा नजर रखा जाएगा। महिला और पुरुष सुरक्षा कर्मियों की विशेष व्यवस्था की गई है। कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के साथ आकर के मेला का आनंद ले सकता है ।अब यह झूलन नही महा झूलन के रूप में जाना जाएगा।इस महा झूलन में टावर झूला(सबसे उंचा झूला), ब्रेक डांस,विदेशी जापानी झूला (टोला टोरा), नाव झूला के साथ-साथ मनोरंजन के लिए जादू का भी आयोजन रखा गया है। इसके अलावा मौत का कुआं आकर्षण का केंद्र होगा।इसमें 35 स्टाल लगाए गए हैं। बिहार, बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश के कई दुकानदार एक से एक आकर्षक सामान लाकर बेच रहे है। उन्होंने कहा कि एंट्री फीस मात्र 10 रखी गई है और साथ ही टिकट का दर भी काफी किफायती ह झूलों का मूल्य 30, 40 और 50 रखा गया है। इस मौके पर मुख्य संरक्षक मथुरा प्रसाद एवं व्यवस्थापक सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

## भाजपा धार्मिक उन्माद फैला कर देश में लोगों को बांट रही है : महेंद्र पाठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय छात्र संगठन एआईएसएफ का चौथा राज्य सम्मेलन जीएलए कॉलेज परिसर के इलेक्शन इन होटल में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता विक्रम कुमार, अफजल गिलानी और कौशल किशोर ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन एआइएसएफ के राष्ट्रीय परिषद सदस्य आमिन हाजमा ने किया। इससे पहले शाहिद बेदी पर फूल चढ़कर शहीदों को याद कर कम रेट विदेशी एवं सहित अन्य शहीदों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए एआइएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम बनर्जी ने करते हुए कहा कि आज देश में आशीर्वाद तत्वों से लड़ने के लिए एआइएसएफ को मजबूत होना होगा। एआइएसएफ ने हमेशा शिक्षित बेरोजगार छात्रों को भगत सिंह रोजगार गारंटी योजना के तहत दस हजार बेरोजगारी भत्ता देने का मांग किया। जिसका आंदोलन देश स्तरीय चल रहा है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य सचिव महेंद्र पाठक जी ने कहा कि पूरे झारखंड में एआईएसएफ को मजबूत बनाकर छात्रों के हक एवं अधिकार के लिए संघर्ष को तेज करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि आज देश के अंदर भारतीय जनता पार्टी धार्मिक उन्माद फैलाकर लोगों को बांट रही है। नई शिक्षा देश हित में नहीं है। इसके खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत है। एआइएसएफ एवं यूथ के झारखंड प्रभारी रूचिर कुमार तिवारी ने कहां की आज शिक्षा की व्यवस्था पलामू सहित पूरे झारखंड राज्य में चरमरा गई है घूसखोरी बढ़ गया जिसके खिलाफ एआईएसएफ लड़ना होगा। शिक्षित बेरोजगार छात्रों को बेरोजगारी भत्ता देना होगा। बैठक में गढ़वा जिला से गणेश सिंह ऐस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, बिहार से कौशिक आलम, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कैशर रेहान, फैजल खान, जफर पठान, धीरज कुमार, प्रियांशु कुमार, सलामत, मुकेश राजक सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। इप्टा ने शहीदों ले लो मेरा सलाम गीत गाकर शहीदों को याद किया। अंत में 31सदस्यी राज्य कमेटी का गठन किया गया जिसका संयोजक विक्रम कुमार को बनाया गया।

## कार्यशाला के आयोजन से कार्य क्षमता में होती है वृद्धि : रो अनुग्रह नारायण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रोटरी स्कूल चैनपुर के प्रशाल में सीबीएसई द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीबीएसई, पटना प्रक्षेत्र के प्रशिक्षक अनुप कुमार, विधालय के प्राचार्या अश्लेष कुमार पांडेय, उप प्राचार्या रितुल मुस्कान, एस,आर,के ठाकुर, एन के शुक्ल एव वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र द्वारा उच्चारित वेद मंत्रों के बीच दीप प्रज्जवलित कर एक दिवसीय ऑफ लाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम सह अभिगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षक अनुप कुमार को विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा पुष्पगुच्छ तथा अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर रिसोर्स पर्सन अनुप कुमार ने फाइनेंसियल लिटरेसी एंड यूज़ ऑफ डिजिटल टूल्स टॉपिक पर बहुत ही सरल और बोधगमय शब्दों में प्रशिक्षण देने का कार्य किया जिसका भरपूर लाभ प्रशिक्षुओं को मिला। उन्होंने बताया कि आज विकास के क्रम में हमारे जीवन में आर्थिक असंतुलन आ गया है जिसका संतुलन बहुत जरूरी है। इस प्रशिक्षण में रोटरी स्कूल, संत मरियम तथा जवाहर नवोदय विद्यालय डाल्टेनगंज के लगभग 150 प्रशिक्षु उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन ने रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यशाला का आयोजन समय-समय पर किया जाना बहुत ही लाभकारी है इससे कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडे ने कहा कि विगत कई वर्षो से सीबीएसई शिक्षक/ शिक्षिकाओं को अद्यतन बनाने के लिए उनकी कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रशिक्षण को अनिवार्य कर दिया है। प्रशिक्षण का विषय ज्ञानवर्धक और जीवनोपयोगी है, लेकिन इसका लाभ हमे तब ही मिलेगा जब इसका क्रियानवयन अपने व्यवहारिक जीवन में किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि आप इसे सिर्फ सैदांतिक ज्ञान न समझ इसे क्रियानिवित करे। रिसोर्स पर्सन एस अनूप कुमार ने बहुत ही सरल शब्दों में सारगर्भित बातों को सबके सामने रखा जिसका लाभ निश्चित रूप से सबको मिलेगा। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य रितुल मुस्कान तथा मंच संचालन विद्यालय की समन्वयक सिमता सिंह ने किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## सरकारी शिक्षक नौ सितंबर तक स्थानांतरण के लिए कर सकेंगे आवेदन

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक अब वे नौ सितंबर तक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस मामले को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा से मिला था। संघ के प्रतिनिधिमंडल प्राथमिक शिक्षा निदेशक से सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतारण की विसंगति, उसमें सुधार और विकल्प चुनने की समय सीमा विस्तारित करने और प्रोन्नति के लिए जल्द ही डेट शीट जारी करने की मांग रखी थी। सरप्लस शिक्षकों की सूची में सुधार, डाटा सुधार, मानव संपदा में सुधार आदि में लगने वाले समय को देखते हुए संबंधित शिक्षकों को विकल्प चुनने की समय सीमा 18 अगस्त से विस्तारित करने की मांग की थी।निदेशक ने इसे बढ़ाने का आश्वासन दिया था। संघ की मांग पर शिक्षक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को बढ़ाकर नौ सितंबर कर दिया गया।

## सुदेश महतो की पीएम से गुहार, सिल्ली हादसे के पीड़ित परिवारों की मदद का आग्रह

**रांची :** रांची के सिल्ली में कुआं में फंसे बछड़े को निकालने के दौरान हुए हादसे में छह लोगों की मौत पर आजसू सुप्रीमो और सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने प्रधानमंत्री को एक्स (पूर्व ट्वीट) में संदेश भेजा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद की गुहार लगाई है। सुदेश महतो ने शनिवार रात यह संदेश किया है। उन्होंने कहा है- दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सिल्ली के पिस्का गांव में हुए इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल भी है। यह लोग साधारण और किसान परिवार के हैं। आप इन पर दया करें।

# कमल भूषण हत्याकांड का मुख्य आरोपित लोहरदगा से गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर को लोहरदगा जिले से रविवार को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व आज सुखदेव नगर थाना पुलिस ने हेसल स्थित जतरा मैदान के समीप छोटू कुजूर के घर में कुर्की-जब्ती शुरू की। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में छोटू कुजूर के घर की कुर्की-जब्ती चल रही थी। इसी बीच छोटू ने पुलिस से संपर्क किया और कहा कि घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई नहीं करें। वह सरेंडर कर देगा। एक घंटे के अंदर उसने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। सुखदेव नगर थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि छोटू कुजुर को लोहरदगा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार होने के बाद छोटू के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई रोक दी गई है। रांची पुलिस की टीम छोटु कुजूर से पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि राजधानी के बड़े रियल एस्टेट और जमीन कारोबारी कमल भूषण की अपराधियों ने 30 मई, 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी थी। छोटू कुजूर ने दावा किया था कि उसने कमल भूषण की हत्या की है। छोटू कुजूर डबलू कुजूर का भाई है। छोटू कुजूर ने कहा था कि कमल ने पुलिस के साथ मिलकर उसके परिवार को परेशान किया है। यदि अब पुलिस उसके परिवार के सदस्यों को परेशान करेगी, तो वह रांची को साफ कर देगा। हर पांचवें दिन हत्या होगी। उसने पूर्व में यह भी कहा था कि वह कमल भूषण के बेटे की भी हत्या कर देगा और उसे ऐसा करने से कोई नहीं रोक पायेगा। इस मामले में रांची पुलिस छोटू कुजुर के भाई डबलू कुजुर, उसके बेटे राहुल कुजुर सहित कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपित छोटू कुजुर के घर पुलिस ने की कुर्की

**रांची :** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड मामले में रांची पुलिस ने मुख्य आरोपी छोटू कुजुर के घर की कुर्की जब्ती की है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में रविवार की दोपहर पुलिस की टीम ने पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल जतरा मैदान के पास स्थित छोटू कुजुर के घर का कुर्की जब्ती की। राजधानी के बड़े रियल एस्टेट और जमीन कारोबारी कमलभूषण (54 ) की अपराधियों ने बीते 30 मई 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी थी। जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या मामले में छोटू कुजूर ने दावा किया था कि उसने कमल भूषण की हत्या की है। छोटू कुजूर डब्लू कुजूर का भाई है। डब्लू के बेटे राहुल कुजूर से कमल भूषण की बेटी यामिनी ने लव मैरिज की थी। छोटू कुजूर कह रहा है कि कमल ने पुलिस के साथ मिलकर उसके परिवार को परेशान किया है। अगर अब पुलिस परिवार के सदस्यों को परेशान करेगा, तो वह रांची को साफ कर देगा। इस मामले में रांची पुलिस छोटू कुजुर का भाई डब्लू कुजुर उसका बेटा राहुल कुजुर समेत कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि छोटू अभी तक फरार चल रहा है।

# नृत्य संगीत की बदौलत हमारी संस्कृति बचा रहा है दीपक : अनुराग गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** फ्रेंड्स कॉलोनी, पंडरा अवस्थित रांची दरबार बैंक्वेट हॉल में शहर के प्रतिष्ठित नृत्य एवम कला प्रशिक्षण संस्थान पाजेब एवम आसरा के संयुक्त तत्वावधान में आजादी की 77वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में देश मेरा रंगीला 2023 नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस आयोजन में करीब 250 कलाकारों के लिए खास रहा। कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम राँची के होनहार गायक शगुन पाठक का सम्मान किया गया। तीन रंगों में रंगे कलाकार एक के बाद कई नॉन स्टॉप बेहतरीन कार्यक्रम पेश करते नज़र आये। नन्हे कलाकारों के माता पिता भी देशभक्ति के रस में डूबे नज़र आये। गृहणियों (माताओं) ने एक मीरा एक राधा एवम नमामि नमामि नामक सुन्दर प्रस्तुति दी। पाज़ेब का टाइटल सांग लॉन्च किया गया , जिसे पाजेब के सेक्टर-2 शाखा द्वारा पेश किया गया।

**सम्मानित किया गया:** सम्मानित कोरियोग्राफर में प्रवीण दीक्षित, अरुण राम, दीपक कुमार डेनिस , दीपक पांडे, अमन मालाकार, रिया कुमारी, शिखा श्रेया, सुरभि , पिंटू राम रहे।

**नृत्य नाटिका:** कार्यक्रम में कन्या सुरक्षा आधारित नृत्य नाटिका मौली ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। वहीं बुजुर्ग अभिभावक जिन्हें वृद्धाश्रम में बेकार समझ जो बच्चे छोड़ जाते है, उनपर आधारित पापा की चिट्ठी नामक मार्मिक नृत्य नाटिका पेश की गई। पर आधारित नृत्य नाटिका सीमा दर्शकों उक्त कार्यक्रम के दौरान कई बार भावुक होते हुए दिखें। पाजेब हमेशा से नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है, इसी क्रम में छोटे बच्चों का समाज सेवा एवम प्रेम का विस्तार पूर्वक संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीआईडी के डी जी अनुराग गुप्ता मौजूद रहे। पाज़ेब जैसे संस्थान के माध्यम से दीपक सिन्हा ने नृत्य, संगीत की बदौलत हमारी संस्कृति को बचाने में अपना योगदान दे रहे हैं यह बहुत ही बड़ी बात है, हम इस संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दूरदर्शन राँची की सेवा निवृत्त सहनिदेशक शर्मिष्ठा मजूमदार तथा स्पेनिन संस्थान के निदेशक कुमार संजय ने अपने अपने आशीर्वचन प्रदान किये। मंच संचालन शिक्षा लाल एवम दीपक सिन्हा ने किया , वहीं धन्यवाद ज्ञापन अनुश्री सिन्हा ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ सहाय, आलोक वर्मा, दीपक गुप्ता, दिनेश महतो , बॉबी, अनीश पाण्डे, राहुल , पूजा वर्मा, श्रेया, सुरभि, छाया, उषा वर्मा एवं अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

## दिव्यांग, कुष्ठ रोगी और जरूरतमंदो के बीच किया गया खाद्य सामग्री का वितरण

**साई सेवाश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित लाल ने कहा कि साई सेवाश्रम ट्रस्ट नियमित रूप से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य करता आ रहा है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** साई सेवाश्रम ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी के कई क्षेत्रों में दिव्यांग, कुष्ठ रोगी और जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। खाद्य सामग्री में चावल, दाल, चीनी, मिक्स मसाला, हल्दी पाउडर, चना, सोयाबीन बरी, साबुन, सर्प, चूड़ा, चायपति, माचीस, मोमबत्ती, आलू, प्याज, सरसो तेल, नमक, बिस्कुट, मिक्चर समेत कई घरेलू उपयोग में आने वाली समाग्री का वितरण कार्य किया गया। यह खाद्य सामग्री प्राप्त करने वालों में नामकुम बाल्मीकि आवास, केतारी बागान, कड़रू, चुटिया आसपास के लोग शामिल है। इस अवसर पर 20 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरण किया गया। साई सेवाश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित लाल ने कहा कि साई सेवाश्रम ट्रस्ट नियमित रूप से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य करता आ रहा है। यह कार्य निरंतर जारी है। खाद्य सामग्री वितरण के सहयोग में समाजसेवी रमेश शर्मा, शिवजीत कुमार, आरव राउत आदि का अहम योगदान रहा है।

# उत्पाद विभाग की छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद, छह गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ टाटीसिलवे, कांके और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के कारोबार में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने अवैध चुलाई शराब 600 लीटर,जावा महुआ 12000 किलो, विदेशी शराब 243 लीटर, भारी मात्रा में कॉर्क, ढक्कन और विदेशी शराब का खाली बोतल बरामद की है। उत्पाद विभाग की टीम ने टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के होराब में छापामारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जबकि कांके थाना क्षेत्र के आइटीबीपी रिंग रोड में छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा आइटीबीपी रिंग रोड स्थित साहू होटल में छापेमारी कर एक, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 2 बॉस्को नगर में छापेमारी कर एक और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रेमनगर सिंह मोड़ में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी ललित सोरेन ने रविवार को बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर शनिवार रात से रविवार सुबह तक छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है।

## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का यथाशीघ्र गठन करवाने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर रांची जिला में जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का यथाशीघ्र गठन करवाने की मांग की। विदित हो कि राज्य के लगभग सभी जिलों 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन हो चुका है परन्तु किसी कारणवश रांची जिला में इसका गठन नहीं किया जा सका है।इस वजह से प्रखण्डों में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर कार्यान्वयन की निगरानी नहीं हो पा रही है। जिला अध्यक्ष डॉ. महतो ने प्रदेश नेतृत्व को इस आशय से संबंधित पत्र सौंपा और बताया कि जिला के विभिन्न प्रखण्डों में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार इस विषय की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जाता है तथा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए यह आवश्यक है । जिला अध्यक्ष डॉ.महतो ने दोनों नेताओं से इस समिति का जल्द गठन करवाने का आग्रह किया जिसपर उन्होंने इस दिशा में यथाशीघ्र पहल कर मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से बात करने का आश्वासन दिया। प्रदेश नेतृत्व से जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो के साथ मिलने वालों में प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद, महासचिव संजय कुमार, महताब आलम एवं सचिव मिथलेश मुण्डा शामिल थे।

# उपायुक्त ने दी अभियोजन की स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एयरपोर्ट थाना काण्ड सं0-29 / 23 , 12.06.2023 से संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। एयरपोर्ट थाना काण्ड सं0-29 / 23, 12.06.2023 के अभियुक्त रोनित राज भगत, पे0 - शिव प्रसाद भगत, सा0-सरना टोली एयरपोर्ट रोड, हिनू एयरपोर्ट थाना, जिला-रांची को उसके ही घर से ब्राउन शुगर के कारोबार की गुप्त सूचना के आधार पर 12.06.2023 को गिरफतार किया गया था।तलाशी के क्रम में अभियुक्त के पास से 18 छोटा-छोटा पुडिया में बंद ब्राउन सुगर जैसा पदार्थ एवं 02 (दो) मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुछने पर बताया गया कि यह पुडिया ब्राउन सुगर है, जिसे वह जमशेदपुर के सलमा खातुन से लाकर बेचता है। उसके दिये गये बयान के आधार पर उसके घर के कमरे से 192 पुड़िया ब्राउन सुगर जैसे पदार्थ, 40 (चालीस) पीस 7.65 एम.एम. बोर का जिंदा गोली एवं अन्य सामान बरामद किया गया। प्राथमिकी अभियुक्त रोनित राज भगत को 12.06.2023 को गिरफ्तार कर 13.06.2023 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त काण्ड के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के क्रम में पकड़ाये प्राथमिकी अभियुक्त के विरूद्ध घटना सत्य पाया गया। पुअनि, अभिजीत रंजन, एयरपोर्ट थाना, जिला-रांची द्वारा समर्पित एवं पुलिस अधीक्षक, नगर रांची द्वारा अनुशंसित एयरपोर्ट थाना काण्ड सं0-29 / 23, 12.06.2023 से संबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# कलाकार ताहिर हव्वारी और शिव कुमार महली को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में 20 अगस्त 2023 को ऑड्रे हाउस रांची में एक शोक सभा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया , जिसमें रांची शहर के दो बेशकीमती दिवंगत कलाकारों स्वर्गीय ताहिर हवारी उर्फ छोटू भाई (उद्घोषक) तथा स्वर्गीय शिव कुमार महली उर्फ डब्बू महली (गीतकार) को श्रद्धांजलि देने के लिए काफी संख्या में कलाकार एवं संगीत प्रेमी जन उपस्थित हुए ।इस अवसर पर जेसीएए के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी ने सभा का प्रारंभ दोनों दिवंगत कलाकारों के नाम पर मौन धारण कराकर किया । उपस्थित सभी ने फूल - माला अर्पित कर एवं अगरबत्ती - मोमबत्ती जलाकर अपने प्रिय दोनों कलाकारों को श्रद्धांजलि अर्पित किए ।

**आयोजन स्थल पर उपस्थित प्रमुख व्यक्ति :** झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक पद्मश्री मुकुंद नायक , अध्यक्ष मोनु राज , सचिव डॉ. जयकांत इंदवार , कोषाध्यक्ष राज मौर्य , पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी , पूर्व उपाध्यक्ष राजीव सिन्हा , पूनम सिंह , सुमन गाड़ी , श्रीकांत इंदवार , रमन गुप्ता , कैलाश जैक्शन , वर्षा लकड़ा , सलोनी तिर्की , राजेश कश्यप , रंजू मिंज , राजू रंजन , प्रवीण कुमार , विजय प्रभाकर , केशव करमाली , शत्रु नायक , राजीव सिन्हा , राम बाबू , रंजीत रंजन , पंकज गोस्वामी , राकेश मुंडा , आकाश लोहरा , राज आनंद , प्रकाश कुमार , बालकरन उरांव , उज्जवल कुमार , रंजीत बिहारी , दिनेश नामदेव , प्रणव कुमार बब्बू , सुभाष साहू , हिमांशु शेखर , अविनाश बाड़ा , देवाशीष मुखर्जी , गौतम वैद्य , उपेंद्र पाठक , मनीता राज , तरुण नायक , अल्बर्ट गाड़ी , मोहन प्रसाद , समीर सेलेम , मंगल करमाली , सामू नायक , कुमार यूमी ,मनोज सहरी , सोनू कुमार , पंकज उरांव , विकास बाबू , शीतल महली , मोहन सेलेम , सुशीला लकड़ा , विपिन आईंद , विजय उरांव के अलावा काफी संख्या में कलाकार , निर्माता एवं संगीत प्रेमी इत्यादि उपस्थित रहे। दोनों दिवंगत कलाकारों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित हुए थे।

# रिसालदार बाबा दरगाह कमिटी के चुनाव के लिए टीम खिदमत है तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव आगामी 3 सितंबर को होने जा रहा है , जिसको लेकर टीम खिदमत ने तैयारी पूरी कर ली है। टीम खिदमत की सभी पदाधिकारियों ने नामांकन दाखिल किया। टीम खिदमत के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में अयूब गद्दी, उम्मीदवार उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बिलाल अहमद, सचिव पद में जावेद अनवर,सह सचिव पद में मोहम्मद सादिक और जुल्फेकार (उर्फ भुट्टो),कोषाध्यक्ष पद में जैनुल आबेदीन,वही कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे अब्दुल खालिक, अनीश गद्दी, शमशुल होदा,समी अख्तर,एजाज गद्दी, मुमताज गद्दी, नजू अंसारी , मोहम्मद फारुख, सरफराज गद्दी ने भी नामांकन किया। मौके पर उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन ने बताया की टीम खिदमत डोरंडा और पूरे रांची के आवाम का भरोसा जीतकर रिसलदार बाबा दरगाह के विकास में हर संभव प्रयास करेगा और रिसलदार बाबा दरगाह का नाम और बुलंदी पर लेकर जायेगा।

## पहाड़ी मंदिर में बाल कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ को चढ़ाया जल

**रांची :** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के बैनर तले रविवार को रांची में बाल कावड़ यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में 150 से भी अधिक पांच से 12 वर्षीय बच्चों ने भाग लिया। यात्रा की शुरुआत नक्षत्र वन से हुई, जहां बाल कांवरियों को कांवड़ में जल देकर संकल्प करा कर रवाना किया गया। यात्रा रातू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां बाल कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ पर जल अर्पण किया। यात्रा में शिव पार्वती की झांकी भी निकाली गयी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि यह आयोजन दूसरी बार किया गया है।

# राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वक्त के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जब स्वर्गीय प्रधानमंत्री आधुनिकरण की ओर अपने कदम बढ़ाते हुए देश में कंप्यूटर लाने का दृढ़ निश्चय किये, उस वक्त जो लोग आज कंप्यूटर और मोबाइल का प्रयोग से सत्ता का भोग भोग रहे हैं, वे सभी इस विकास यात्रा पर विधवा विलाप कर रहे थे।



युवा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा की यह हमारे दूरदर्शी नेताओं के सोच का ही नतीजा है कि आज हम कंप्यूटर और इंटरनेट के सहारे दुनिया को आगे बढ़ते देख रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि देश में आधुनिकरण, कंप्यूटर और संचार क्रांति के मंजूरी पर पश्चिमी सभ्यता से देश को खतरा बताने वाले लोग आज अपनी पूरी पार्टी इसी कंप्यूटर और इंटरनेट के सहारे चल रहे हैं, ये लोग पहले कांग्रेस के नीतियों का विरोध करते हैं, बाद में उसी को अपनाकर विकास का दंभ भरते हैं। इनके कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर होता है।, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन , मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह जी, खिजरी विधायक श्री राजेश कश्यप, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी ,रांची ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश किरण महतो, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सतीश कौल, प्रोफेसर विश्वनाथ मुंडा, डॉ एलिस अमरनाथ मुंडा, रांची महानगर के प्रभारी संजीव रंजन, फहद खान रांची ग्रामीण के प्रभारी देव शर्मा , परमिंदर मिश्रा, रिशु कुजूर ,जमील अख्तर ,विक्की ठाकुर, अवलीन सुरेंद्र सहित युवा कांग्रेस प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू

**सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही मान्य**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसके तहत आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, साथ ही कहा गया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऐसे में सभी जिलों के जिला कल्याण पदाधिकारी के स्तर से कहा गया है कि रोजगार सृजन योजना के लिए योग्य कैंडिडेट केवल ऑनलाइन ही आवेदन करें। इसके लिए वेबसाइट www.cmegp.jharkhand.gov.in की मदद लेनी होगी। किसी प्रकार की जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, संबंधित बीडीओ, संबंधित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 25 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। इसमें अनुदान की राशि भी शामिल है। इस योजना के अंतर्गत अब तक पांच हजार से अधिक युवाओं के बीच 77 करोड़ रुपये से अधिक राशि ऋण के तौर पर बांटी जा चुकी है। विशेषकर आरक्षित तबके के युवाओं को इसके जरिये आत्मनिर्भर बनाने पर सरकार का फोकस है।



# दुर्गा सोरेन जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** दुर्गा सोरेन स्मारक समिति की अहम बैठक दुर्गा सोरेन चौक में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जयंती मनाने को लेकर तैयारी समिति की एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा एवं संचालन सचिव बीरू ने किया।जिसमें हर साल की भांति इस साल भी आगामी 10 सितंबर को दुर्गा सोरेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पार्टी के विधायक सांसद मंत्री एवं सभी स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। तैयारी समिति की अगली बैठक 25 अगस्त 2023 को रखी गई है । जिसमें दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के तमाम पदाधिकारी/सदस्य एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला के पदाधिकारी एवं सभी स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, संरक्षक अंतु तिर्की, वीरू साहू, शांति तिर्की, मंटू लाला, सुनीता लिंडा, ब्रिस मिंज,किशोर कुजूर सीमा लकड़ा, अनीमा , माइकल रुंडा, किरण भंवरा, आश्रिता गुड़िया, इमानुएल टोप्पो, रवि एक्का, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## पत्रकार की माता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दैनिक अखबार के पत्रकार केदार महतो की माता मोटरिया देवी 75 वर्षीय का रविवार की अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे बेड़ो स्थित निवास स्थान में हार्ड अटैक से निधन हो गया। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत अपने पीछे दो पुत्र केदार महतो व देवेन्द्र महतो सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार रविवार की शाम पाकलमेढ़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इनके अंतिम संस्कार में विश्व हिन्दु परिषद के वाणी कुमार राय, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, नवदीप महतो, शिवशंकर कुमार, उज्जवल कुमार गुप्ता, सुनिल गुप्ता, तबरेज अंसारी, खालिद अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## खूंटी जिला पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करके खूंटी जेल भेजा



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरियागढ थाना में रविवार को तोरपा अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि लापा रेलवे पुल के पास घात लगाकर हथियार बंद अज्ञात पांच अपराध कर्मीयों के द्वारा रांची से पीबीसी पाईप व राशन सामग्री लेकर सिमडेगा जा रही पिकअप वैन को हवाई फायरिंग कर भय क्रांत कर 11 अगस्त कि रात्रि करीब पौने दस बजे लुट लिया गया था. जिसकी गंभीरता को देखते हुए खुंटी एसपी अमन कुमार ने तोरपा एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था. गठित एस आई टी टीम के द्वारा तकनीकी एवं गहन अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर 19 अगस्त की रात्रि में बरवादाग जंगल के पास से कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों को हथियार,गोली,एवं मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों शेख रिजवान, शेख तनमीर,शेख जावीर,मो0 हम्जावीर एवं शेख सलीम सभी ग्राम चचकोपी थाना बेडो जिला रांची के निशान देही पर घटना में लुटी गयी पिकअप वैन को चान्हो थाना क्षेत्र के गैराज से बरामद किया गया. साथ ही देशी पिस्तौल एक, कार्बाइननुमा देशी कट्टा पिस्तौल एक, 3.15 का जिन्दा गोली तीन, मोबाइल फोन चार, पी वी सी पाईप दो बंडल एवं नगद बाइस हजार रुपये बरामद किया गया. शेख तनमीर का पहले से ही अफराधिक इतिहास रहा है.जिसमें मांडर थाना कांड संख्या 104/23 दर्ज हैं. एसपी द्वारा गठित एस आइ टी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा ओमप्रकाश तिवारी,इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, जरियागढ थाना प्रभारी पंकज कुमार, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, तोरपा थाना प्रभारी मनिष कुमार,तपकरा थाना प्रभारी रंजीत किशोर,पुअनि रंजीत कुमार यादव, जयदेव सराक,निशांत केरकट्टा संदीप कुमार, विश्वजीत ठाकुर,राकेश कुमार मंडल, अंगरक्षक एवं जरियागढ थाना का सस्त्रबल शामिल थे।

## झामुमो द्वारा निःशुल्क पांच दिवसीय मनी प्राइज फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गोविन्दपुर मैदान में झामुमो तोरपा विधान सभा के सौजन्य से पांच दिवसीय मनी प्राइज फूटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को किया गया. उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथ झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ,झामुमो कर्रा प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज व रनिया 20सूत्री अध्यक्ष देवनाथ मघाईया झामुमो कर्रा प्रखंड कार्यकारिणी अध्यक्ष बिनोद उरांव उपस्थित रहे. जिसका उद्घाटन ने मैच रूंजू पुरना पानी जोरको बनाम् युथ बिरसा कल्ब निधिया के बीच में खेला गया. जिसमें रूंजू पुरना पानी मैदानी खेल में 01 गोल का बढ़ता बनाकर विजय रहा. प्रतियोगिता में कुल 60 टीमों ने भाग लिया है. जिसका फाइनल मैच 26 अगस्त को गोविन्दपुर मैदान में खेला जाएगा. जिसमें विजेता टीम को नगद 15,000 जर्सी व फुटबॉल, उपविजेता टीम को 10,000 नगद जर्सी व फुटबॉल एवं तृतीया पुरस्कार? 5,000 नगद जर्सी व फुटबॉल दिया जाएगा. मैच का मंच संचालन अनुज हेमरोम और आशीष केरकेट्टा ने किया. इस अवसर पर खूंटी जिला झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, झामुमो नेता नामजन होरो, शम्भू शर्मा,शोशन होरो, लाला होरो, सुशील सुरीन, राजकेश्वर गोप, विपुल लकड़ा, नरेश नायक,मुन्ना हेरेंज, शिमोन होरो,विकसल सुरीन, सुशील भेंगरा,अमर गुप्ता,असित लकड़ा,आशीष केरकेट्टा,बैजू सुरीन,बैजु लोहरा, मानशीद होरो, एजस लकड़ा, बैजू सुरीन, मानसिद होरो, मनोज डांग, अनुज डांग, शिशिर हेमरोम, पवन , अनमोल डंग, अशोक डांग , अंकित बरला, अमित कुजूर, गुडू होरो,यूनुस गड़िया,,के अलावे झामुमो तोरपा विधान सभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसका उद्घाटन मैच रंजू पुराण पानी जोर को बनाम युद्ध बिरसा क्लब मीडिया के बीच खेला गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की मनाई गई जन्म जयंती

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में जियारपा ग्राम में युवा कांग्रेस की टीम ने ग्रामीण और बच्चों के साथ युवा कांग्रेस के प्रेरणा स्रोत और प्रिय नेता राजीव



गांधी की 82वी जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाया। मौके में अरुण संगा ने बच्चों के साथ मिलकर राजीव गांधी के नाम से केक काटा साथ में युवा कांग्रेस की पूरी टीम ने मिलकर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। मौके में अरुण संगा ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे जिनकी वजह से भारत देश में कंप्यूटर एवं दूरसंचार क्रांति आई है। मौके में युवा कांग्रेस खूंटी जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, विधानसभा अध्यक्ष उस्मान खान,खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, दशरथ, निकोदीन के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

# संकट में दामोदर की सहायक नदी सोनाडुबी, दूषित हुआ नदी का पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी-चान्हों की सीमा से शुरू होकर खलारी में ही दामोदर में मिलने वाली दामोदर की सहायक नदी सोनाडुबी संकट में है. कभी निर्मल रहने वाला सोनाडुबी का पानी आज दूषित हो गया है. जेहली टांड़ स्थित छलटा पुल सहित कई जगहों पर दूषित होने के कारण नदी के पानी से दुर्गंध उठने लगा है. सोनाडुबी के आसपास बसी कई बस्तियों व गांव के लोग सोनाडुबी पर आश्रित रहे हैं. चालीस के दशक में एसीसी लिमिटेड के सीमेंट कारखाना का ताप विद्युत संयत्र सोनाडुबी के पानी पर ही निर्भर था.



मुंडा टोली और जेहलीटांड़ में सोनाडुबी नदी में बांध बनाया गया था. जिससे पानी को स्टॉक किया जाता था. हुटाप के पहाड़ियों में पत्थरों के अवैध खनन के कारण मिट्टी बहकर सोनाडुबी को भरती गई. सीसीएल प्रबंधन ने तो अपने खदान के अनुसार नदी की धारा ही बदल दिया.

इधर रहा सहा कसर मोनेट कोल वाशरी ने निकाल दिया. सोनाडुबी नदी को वाशरी के कैंपस में ले लिया गया. कई बार कोयला खदानों का गंदा पानी भी सोनाडुबी नदी में बहा दिया जाता है. गहराती खानों के कारण खलारी में जल संकट हमेशा रहता है. ऐसे में सोनाडुबी नदी के किनारे व आसपास बसे नायक बस्ती, मुखिया धौड़ा, बाजारटांड़ आदि जगहों के ग्रामीण नदी में चुहाड़ी बनाकर पीने के लिए पानी ले जाया करते हैं.उल्लेखनीय है कि विशाल नकटा पहाड़ की गोद तथा आसपास इलाकों से निकली सोनाडुबी नदी खलारी में आने से पहले तक निर्मल है. पर नदी किनारे बढ़ते अतिक्रमण और सीसीएल से बढ़ते प्रदूषण के कारण नदी दूषित हो चुका है.

## श्रम कल्याण पर निर्माण कामगार यूनियन का धरना 22 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** मजदूरों के विभिन्न मांगों पर कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीडब्लूएफआई) के देशव्यापी आह्वान पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले मंगलवार 22 अगस्त को श्रम कल्याण परिसर में श्रम अधीक्षक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा और मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों पर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा. आंदोलन को सफल बनाने के लिए झुमरीतिलैया के विभिन्न वार्डो टोलों में जागरूकता सह प्रचार अभियान चलाया जा रहा है. अभियान का नेतृत्व कर रहे सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश ने मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि कहा कि भारतीय निर्माण उद्योग कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। जहां लगभग 51 मिलियन लोग काम करते हैं और देश की जीडीपी में लगभग 11त्न का योगदान देते हैं। लेकिन आज निर्माण मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. महंगाई रोज बढ़ रहा है, मजदूरों को परिवार चलाना मुश्किल हो गया है. लेकिन मजदूरों की मजदूरी बढ़ाया नहीं जा रहा है. मजदूरों के रजिस्ट्रेशन के लिए श्रमाधान पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है और जिसके कारण उनका लेबर कार्ड नहीं बन रहा है और कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं. इन्हीं समस्याओं पर बुधवार को धरना का आयोजन किया गया है.

## झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के सम्मेलन में शामिल हुए पिपरवार के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** चतरा जिले के टंडवा प्रखंड के कामता गांव में रविवार को आयोजित झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक दिवसीय सम्मेलन में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश सचिव इस्लाम अंसारी और हाजी अब्दुल रहमान के नेतृत्व में दर्जनों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी इदरीस अंसारी,प्रदेश महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी, प्रदेश सचिव इस्लाम अंसारी, चतरा जिला अध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन, यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष निसार अहमद सहित कई लोग शामिल हुए।इस कार्यक्रम में मोमिनो के वर्तमान आर्थिक,राजनीतिक और शैक्षणिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही टंडवा प्रखंड कमेटी का चुनाव कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रोशन अंसारी को अध्यक्ष साजिद अंसारी उपाध्यक्ष और इदरीश अंसारी को सचिव बनाया गया,इसके अलावे टंडवा प्रखंड युथ मोमिन कॉन्फ्रेंस का भी गठन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल सुभान और संचालन साजिद अंसारी एवं रोशन अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर तस्दीक आलम,कयूम अंसारी, आशिक अली,इदरीस अंसारी, लियाकत अंसारी, शकील अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सविमं करकट्टा में आयोजित संकुल स्तरीय प्रश्नमंत्र प्रतियोगिता में सशिविमं डकरा अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शनिवार को संकुल स्तरीय प्रश्नमंत्र प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. इसमें डकरा संकुल के पांच विद्यालयों के बच्चे भाग लिए. प्रश्नमंच प्रतियोगिता में अंग्रेजी, संस्कृत, संगणक, विज्ञान, संस्कृति महोत्सव व वैदिक गणित विषय के प्रश्न पूछे गए. प्रश्नमंत्र प्रतियोगिता में सशिविमं डकरा अव्वल रहा. द्वितीय स्थान पर सविमं पुरानी राय तथा तृतीय स्थान पर सविमं करकट्टा रहा. प्रतिभागियों को शिशु, बाल, किशोर व तरूण चार वर्ग में बांटा गया था. प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती माता, ऊं और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया.



प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया. शेष प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया. प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे. कार्यक्रम में बतौर अतिथि अवधेशकुमार सिंह, संकुल संयोजक, फणीन्द्रनाथ ओझा, विभाग निरीक्षक, जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, विद्यालय के सचिव संजीवरंजन सिंह, महेन्द्र यादव, तुमांग के मुखिया संतोषकुमार महली, विश्रामपुर की मुखिया दीपमाला कुमारी, पिपरवार विद्यालय के सचिव अखिल पांडेय, धनंजय भारती, विद्यालयों के प्रधानाचार्य में गोपालमिस्त्री विश्वकर्मा, अभिमन्यु पासवान, संजय प्रसाद, शालीग्राम सिंह सहित अभिभावक प्रतिनिधि में शिवकुमार चौधरी, उदय जी, सुधीर जी आदि उपस्थित थे.

## खलारी के पहाड़ी मंदिर पहुंचा अमेरिकन नागरिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एक अमेरिकन नागरिक खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर पहुंचकर बजरंगबली का दर्शन कर प्रणाम किया. दिन के करीब 11 बजे वह खलारी पहाड़ी मंदिर पहुंचा और करीब आधे घंटे तक मंदिर प्रांगण में रूका रहा. पुजारी बृजराज दुबे से बातचीत के क्रम में उसने अपना नाम जलजिया बताया. बताया कि पिछले दो महीने से भारत में मंदिरों के दर्शन कर रहा है. वह जमशेदपुर से खलारी आया था. गुगल के माध्यम से उसे खलारी के पहाड़ी मंदिर की जानकारी हुई थी. बस से खलारी आया तथा पैदल मंदिर तक पहुंचा। यहां दर्शन, प्रणाम कर चतरा के लिए रवाना हो गया. चतरा के बाद आगे बोध गया जाएगा. बृजराज दुबे ने बताया कि



जलजिया ने बकायदा दंडवत कर परिसर के तीनों मंदिरों में प्रणाम किया. जलजिया ने बताया कि अभी सात-आठ महीने तक भारत भ्रमण कर हिन्दू देवी देवताओं के दर्शन करेगा. हाल ही में उसके अन्य साथी भी भारत आए हैं.वे भी मंदिरों के दर्शन करेंगे.

## सिल्ली प्रखण्ड के कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 79वीं जयंती के अवसर पर रविवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में स्व. राजीव गांधी जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी,



जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो,अंसारी, मनीराम दास, पिनाकी बनर्जी, सदानंद सोनार, घासिराम पातर, तापस पोद्दार समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोनाडुबी के प्रदूषण को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सजग

**खलारी :** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भी सोनाडुबी के प्रदूषण को लेकर सजग है. हाल ही में एनजीटी के आदेश के आलोक में मोनेट कोल वाशरी का निरीक्षण करने आए उपायुक्त व केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों ने सोनाडुबी को लेकर मोनेट प्रबंधन को कड़ा निर्देश दिया है. प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने कहा कि अवैध उत्खनन और उद्योग प्रदूषण के कारण सोनाडुबी नदी का जो प्रदूषण हुआ है उसे ठीक करना एक व्यापक कार्य है. इसके लिए एक बेहतर प्लानिंग कर ग्रामसभा से योजना पारित कराना होगा और डीएमएफटी मद से कार्य कराना होगा. अंचल अधिकारी एसपी आर्य ने बताया कि नदी किनारे अवैध अतिक्रमण और बढ़ते प्रदूषण को लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने की जरूरत है.इसको लेकर जिला को सूचना भेजी गई है. उन्होंने बताया कि जिला द्वारा जो निर्देश दिए जाएंगे उसके आधार कार्य किए जाएंगे.

## केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** यूनियन बैंक की ओर से सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों के बीच केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो एवं जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, बीडीओ पवन आशीष लकड़ा, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी तथा विभिन्न पंचायतों के मुखिया आदि ने विभिन्न गांवों के कुल 172 किसानों के बीच केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित यूनियन बैंक के डिप्टी जोनल हेड आलोक कुमार ने बताया कि इसके माध्यम से किसानों को चार करोड़ 85 लाख रुपए के ऋण दिए जाएंगे। इस मौके पर चीफ मैनेजर (आरएबीडी) राजीव रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमला कांत महतो, मुरी शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार, सिल्ली शाखा प्रबंधक अमूल कुमार, आरडीओ सिल्ली रिशा वरण, आरडीओ मुरी रवि रंजन, सोमरी देवी मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, लालू उरांव, हरिपद मांझी, समेत प्रखंड के मुखिया, पंसस एवं किसान मौजूद थे।

## स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय बचरा के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय बचरा के द्वारा ऑफीसर्स क्लब बचरा में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम सह वर्कशॉप का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और श्रीमती मिनिता सहाय उपस्थित थी। वहीं विशिष्ट अतिथि में एजीएम निरंजन सेनापति, एक पाठक,विनीता पाठक, मीरा कुमार,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इस कार्यक्रम में स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय



बचरा श्रमिक क्लब के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसमें मुख्य रुप से शास्त्रीय संगीत,भजन, गजल,गीत और संगीत जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय के निदेशक संतोष दास महंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि बचरा श्रमिक क्लब में स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय के द्वारा क्षेत्र के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है,जिसको लेकर आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को दर्शा रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है।मंच का संचालन ज्योति कुशवाहा ने किया।इस मौके पर डीपी राय,शिशिर गर्ग,रविन्द्र सिंह,पिंकी सिंह, रूपिन्द्र सिंह,महेन्द्र पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिव चर्चा का आयोजन

**कोडरमा :** कोडरमा जलवाबाद अनिल राम के घर प्रांगण में विमला देवी ने की चर्चा में मुख्य रूप से नारियल चढ़ाकर अगरबाति जलाकर कार्यक्रम को शुरू किया गया। और गीत गाया गया शिव के बारे में के कथा का करके उसकी महिमा के बारे में बताया गया और उनकी आराधना किया गया शिव चर्चा के कर्म में लोगों को यह भी बताया गया, कि देवों के देव महादेव भोलेनाथ का शक्ति मनुष्य आराधना करते हैं उसे सुख समृद्धि मिलती है। और जीवन में आने वाला कष्ट बाबा भोलेनाथ की कृपा से अपने आप दूर हो जाती है और मनचाहे वर मिलता है और जीवन में कभी भी कोई कठिनाई का सामना करना नहीं पड़ता है कार्यक्रम में मौके पर वर्षा कुमारी, मुन्नी देवी, बबीता देवी, पुष्पा देवी, विमला देवी, प्रमिला देवी, पिंकी देवी, प्रीति देवी, सीता देवी, कलवा देवी, रीता देवी, सुशीला देवी, ललिता देवी, पिंकी देवी आदि काफी संख्या में मौजूद थे।

## टंडवा पिपरवार मुख्य मार्ग के सदाबह पुल के पास बस और कार में हुई टक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** टंडवा पिपरवार मुख्य मार्ग के सदाबह पुल के पास रविवार की दोपहर बस और कार में जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना में चालक सहित दो लोग घायल हो गया।घटना में बस और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,जबकि बस में बैठे दर्जनों सीसीएल कर्मचारी बाल बाल बच गए।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त महाप्रबंधक कार्यालय में चलने वाली शिफ्ट



बस जेएच 02एआर-4631 नेनरल शिफ्ट के कर्मचारियों को लेकर आम्रपाली से बचरा लौट रही थी,इसी बीच टंडवा के सदाबह पुल के पास एक आर्टिगा कार से जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि काफी दूर तक इसकी आवाज सुनाई पड़ी जिसके बाद वहां पर काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।इस घटना में अनूप कुमार नामक एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि एक महिला को भी चोटें आयी है।घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।घटना के बाद उक्त मार्ग पर सड़क जाम लगने से वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय पुलिस के अथक प्रयास के बाद करीब चार घंटे के बाद सड़क जाम को हटाया गया,जिसके बाद आगमन चालू हो सका। घटना के संबंध में बताया गया की शिफ्ट बस में बचरा के दर्जनों सीसीएल कर्मचारी बैठे थे,जो आम्रपाली से ड्यूटी कर लौट रहे थे,इस हादसे में दर्जनों सीसीएल कर्मचारी बाल बाल बच गया।

# योग करनेवाले न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रुप से भी रहते है भी फिट : एसएसपी

## सरकार योगा एकेडमी का साकची रविन्द्र भवन में सिल्वर जुबिली समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** योग के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुके कदमा के सरकार योगा एकेडमी ने आज साकची रविन्द्र भवन में सिल्वर जुबिली समारोह का आयोजन किया. इस अवसर पर अतिथि के रुप में मौजूद जिले के एसएसपी प्रभात कुमार, कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डा. शुक्ला मोहंती, टाटा स्टील के पूर्व वीपी टी मुखर्जी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, योगसना एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह तथा एलिट स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के निदेशक निशांत दयाल सहित अन्य ने समारोह का उद्घाटन किया. इस दौरान अलग-अलग श्रेणी तथा दो दिनों तक चले जिला योग प्रतियोगिता के लगभग 350 प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया. मौके पर एसएसपी ने एकेडमी के 25 वर्षों की याद समेटे प्रकाशित सोविनियर का विमोचन भी किया.

अपने संबोधन में एसएसपी ने कहा कि योग करनेवाले न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रुप से भी फिट रहते हैं. इसलिये रोग से बचने के लिये सभी को प्रतिदिन इसके लिये समय निकालना चाहिये और कम से कम एक घंटा जरुर परिश्रम करना चाहिये. कहा कि स्वास्थ्य ही सबकुछ है. अगर व्यक्ति फिट न हो तो दौलत, घर, गाड़ी सब बेकार है. मौके पर डा. शुक्ला मोहंती ने कहा कि योग न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखता है, बल्कि हमें एक अनुशासित जीवन भी प्रदान करता है. एकेडमी के संस्थापक व निदेशक अंशु सरकार ने स्वास्थ्य को जीवन में सफलता का मूलमंत्र बताते हुए कहा कि शारीरिक क्षमता से भी बड़ा मानसिक क्षमता है. इसके सहारे हम हारे हुए बाजी को भी जीत सकते हैं. कार्यक्रम का संचालन उदय चंद्रवंशी ने किया. मौके पर एकेडमी के कई विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें योगा लवर्स एवार्ड, एकेडमी के पुराने विद्यार्थी (पुरुष-महिला), बेस्ट हेल्पिंग हैंड ऑफ एकेडमी, अनुशासित विद्यार्थी (पुरुष-महिला) तथा एकेडमी के आज्ञाकारी विद्यार्थी 2023 (पुरुष-महिला) शामिल है. कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशु सरकार के साथ अर्जुन शर्मा, रविशंकर नेवार, ललिता शर्मा, आरती झा, प्रज्ञा पारोमिता दास, लक्ष्मी साहू, श्रावणी बोस, रानी सिंह, शेफाली गोराई, अजय वर्मा, देव कुमार सेन, सहर्ष अमृत, शुभम कुमार, शर्मिष्ठा राय, शिखा शर्मा, विनीता सिन्हा, गौरी कर, इराक्षी सामल, संगीता डे, किरण कुमारी, सुष्मिता दास, करुणा धरासिंह, रंजना सरकार, शीला गुप्ता, ममता सिंह, बबिता पाणिग्रही, ममता पाणिग्रही, धनंजय कुमार आदि ने सहयोग किया.

## मायुमं सुरभि शाखा ने साकची बाजार शिव मंदिर में किया प्रसाद वितरण

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा जन सेवा कार्य के तहत रविवार की सुबह स्वर्गीय गिरधारी लाल देबूका की पुण्यतिथि पर साकची बाजार स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद लगभग 450 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में विनोद देबूका एवं संजय देबूका के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छितरमल धूत, निशांत धूत, सुभाष शाह, ओमप्रकाश रिंगसिया, बजरंग अग्रवाल, उमेश शाह, सांवरमल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल अरुण बाकरेवाल, प्रदीप देबूका आदि शामिल होकर अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया। इसे सफल बनाने में शाखा सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, उषा चौधरी, अनीता अग्रवाल, खुशबू कांवटिया आदि का योगदान रहा।



## सेवादल कांग्रेस महिला विंग की मुख्य संगठक के पद पर रीता शर्मा नियुक्त

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम सेवादल कांग्रेस कमिटी के द्वारा संगठन सशक्तिकरण के उद्देश्य से संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन बारीडीह कांग्रेस कैम्प कार्यालय में सेवादल कार्यवाहक मुख्य संगठक के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने जिला स्तरीय पूर्वी सिंहभूम सेवादल कांग्रेस महिला विंग का मुख्य संगठक के पद पर रीता शर्मा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने पोटका प्रखण्ड सेवादल कांग्रेस मुख्य संगठक के पद पर बलराम दास अधिवक्ता को नियुक्ति पत्र जिला कार्यवाहक मुख्य संगठक अरविंद साहू के माध्यम से प्रदान किया। उपरोक्त विज्ञप्ति संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने जारी कर बताया।



## कांग्रेसी नेता अंसार ने केक काटकर मनाया राजीव गांधी की जयंती

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में जवाहर नगर अपने आवासीय कार्यालय में राजीव गांधी जयंती पर केक काटकर मनाई गई। जिसमें कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं बस्तीवासी काफी संख्या में शामिल हुए। अंसार खान ने कहा राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत में नीव रखी थी। जो आज पूरे भारत में लोगों को फायदा मिल रहा है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव रुकैया खातून, मोहम्मद अरशद खान, हाजी अब्दुल लतीफ, हाजी मोहम्मद रियाज, मोहम्मद हमदानी, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद अली इमाम, सादिक अली, मोहम्मद मोईन, बदला खातून, मोहम्मद शमशी, मोहम्मद आदिल खान, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद अली, मोहम्मद अलाउद्दीन, भोलू भाई, मिससु, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद तौसीब, आरजू खान, मोहम्मद अरफात, सिदरा खानम आदि शामिल हुए।



## राजीव गांधी की जयंती पर साकची में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के दिवंगत नेता राजीव गांधी की 79वीं जयंती (20 अगस्त) के अवसर पर जिला कंग्रेस नगर ओबीसी सेल द्वारा रविवार को साकची शहीद चौक के पास हनुमान मंदिर के पीछे पार्किग स्थल में नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 60 से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर कांग्रेस के नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, कांग्रेस नगर ओबीसी सेल के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, एसआरके कमलेश, मोहम्मद रिजु, सोनू, मुकेश, राकेश, अमन, करण सोनकर, नमिता महतो, रवि रंजन कुमार, शमीम गददी आदि उपस्थित थे।



## आजसू आसनबनी पंचायत में कार्यकर्ताओं की बैठक में 15 ग्राम प्रभारी मनोनीत

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को चांडिल अनुमंडल के आजसू पार्टी की चिलगु प्रधान कार्यालय में पार्टी के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप के अध्यक्षता आसनबनी पंचायत के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान, आसनबनी पंचायत के पंद्रह ग्राम प्रभारियों को मनोनीत किया गया। सभी प्रभारियों को संगठन की मजबूती तथा आजसू के विचारों को जन जन तक प्रचार प्रसार करने का दायित्व सौंपा गया है। बैठक के दौरान आजसू के जिला उपाध्यक्ष बासुदेव प्रमाणिक के प्रयास से पूर्व मुखिया प्रत्याशी गुरुपद सिंह सरदार के नेतृत्व में अनेकों युवाओं ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।



## सांप काटने से महिला की स्थिति गंभीर, राउरकेला रेफर

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्पदंश से पीड़ित एक महिला को गंभीर हालात में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए राऊरकेला रेफर कर दिया। पीड़ित महिला 45 वर्षीय तारामनी तोपनो मनोहरपुर के इचापीड़ गांव की रहने वाली है। इस घटना के बारे मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात को तारामनी अपने घर में सोई हुई थी।उसे सोई अवस्था में रविवार सुबह करीब 3 बजे एक जहरीले पहाड़ी चित्ती सांप ने उसके गर्दन पर काट लिया। सर्प के काटने से महिला कि हालात गंभीर हो गई, इसके बाद परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे।

## पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें याद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का जयंती समारोह कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आयोजित किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद ने किया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन बिष्टुपुर बाजार में की गई। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने स्व राजीव गांधी के साथ बीते दिनों के कुछ क्षणों का परिचर्चा किया। कांग्रेसजनों ने सरल स्वभाव, व्यक्तित्व के धनी, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मान सम्मान का सम्मान करने वाले महान नेता के रूप में संज्ञा दी। इस दौरान खगेनचन्द्र महतो, अवधेश सिंह, रियाजुद्दीन खान, के के शुक्ला ने अपने विचारों को रखते हुए भावुक हो गए। कार्यक्रम में एल बी सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, बिजेन्दर पाण्डेय, संजय सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह, मो शब्बीर ऊर्फ लालबाबू, बुद्धदेव गिरी, अशोक सिंह क्रांतिकारी, रीता शर्मा, रविकांत अग्रवाल, अनन्त लाल, बिरेंद्र पाण्डेय, सुदर्शन तिवारी, अशोक सिंह, राकेश साहू, रंजीत सिंह, सन्नी सिंह, रानी राव, हरेंद्र मिश्रा, राजकुमार वर्मा, अजय मिश्र, गुरदीप सिंह, कुलदीप सिंह शामिल हुए।

## बिष्टुपुर राजस्थान भवन में रक्तदान शिविर 22 को

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम सेवा समिति बिष्टुपुर एवं जिला मारवाड़ी सम्मलेन बिष्टुपुर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार 22 अगस्त को होने जा रहा है। यह शिविर प्रातः 9.30 बजे से संध्या 4 बजे तक चलेगा। इस संबंध में रविवार को श्री श्याम सेवा समिति के संयोजक मुकेश आगीवाल एवं मारवाड़ी सम्मलेन बिष्टुपुर शाखा के अध्यक्ष सुनील सोंथालिया ने संयुक्त रूप से बताया की स्व.रमा देवी एवं स्व. श्याम सुंदर अग्रवाल की पूण्य स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित होगा।

## रेलवे अस्पताल से रेलकर्मी मरीज लापता, परिजन परेशान

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में इलाजरत एक मरीज लापता हो गया।बताया जाता है कि चक्रधरपुर रेल मंडल की डोंगापोसी के सिंगनल एवं टेलिकॉम विभाग में कार्यरत 26 वर्षीय रेलकर्मी सचिन गोप को तबियत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को वह अस्पताल से लापता हो गया। वह डोंगापोसी के कलाइया गांव का निवासी हैं। इसे लेकर रेलकर्मी के परिजन काफी परेशान है।सचिन गोप को इलाज के लिए 9 अगस्त को रेलवे अस्पताल में भर्ती किया गया था। शनिवार देर रात लगभग 1.30 बजे अस्पताल से वह अचानक लापता हो गया। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में रात 1.30 बजे वह अस्पताल के मुख्य गेट से निकलते दिखाई दे रहा है। उसके बाद से वह कहां गया है, यह पता नहीं चल पाया है।जबकि रात के समय उसके साथ उसका साला सोना राम गोप तथा पत्नी भारती देवी भी मौजूद थी।



## सरस्वती शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला में संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिशु मंदिर सरायकेला, बुरुडिही, सिनी और महालीमुरूप के भैया- बहनों ने अलग-अलग विषयों में हिस्सा लिए। संकुल संयोजक रमानाथ आचार्य, प्रधानाचार्य पार्थ सारथी आचार्य, कोषाध्यक्ष प्रसाद महतो, सदस्य गुरु चरण महतो, उप प्रधानाचार्य तुषार कांत पति एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छह विषय संस्कृति बोध, संस्कृत, वैदिक गणित, विज्ञान, संगणक और अंग्रेजी के साथ कथा कथन और तत्काल भाषण, आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। संस्कृति बोध शिशु वर्ग में शिशु मंदिर सरायकेला के अमनदीप आचार्य, सूर्या राउत और रितेश पंडा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि शिशु मंदिर सिनी के नंदनी कुमारी और अनीमा गोराई को द्वितीय स्थान मिला। कथा कथन शिशु वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिशु मंदिर सिनि के दिव्या गोराय और द्वितीय स्थान शिशु मंदिर सरायकेला के सौम्या महापात्र को मिला। कथा कथन बाल वर्ग में प्रथम स्थान शिशु मंदिर सराइकेला के स्नेहा आचार्य और द्वितीय स्थान सिनि के अंजलि हांसदा को प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग में प्रथम स्थान शिशु मंदिर सरायकेला के महक रानी महतो ने प्राप्त किया। अंत में सभी प्रतिभागी भैया बहनों को भी पुरस्कृत किया गया।



## आधुनिक भारत के शिल्पकार थे राजीव गांधी : धर्मेंद्र सोनकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के निर्देशानुसार जुगसलाई बिस्टुपुर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष अभिजीत सिंह ने जुगसलाई स्टेशन रोड, जिला सचिव राजा सिंह राजपूत ने सिदगोड़ा स्थित पार्टी कार्यालय, जिला सचिव रईस रिजवी छब्बन ने बिस्टुपुर, जिला सचिव अजितेश उज्जैन ने बारीडीह एवं ओबीसी पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्म ने साकची कार्यालय में भारत रत्न जननायक राजीव गांधी का 79 वा जयंती समारोह को राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, राकेश साहू एवम अविनाश सिंह उपस्थित रहे। विभिन्न स्थानों के कार्यक्रमों में स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर दीपक जलाकर उन्हें याद किया । धर्मेंद्र सोनकर ने कहा की कहा राजीव गांधी को 'आधुनिक भारत का शिल्पकार' कहा जाता है। दरअसल राजीव गांधी ने देश में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया। इसके तहत इन्होंने कंप्यूटर के व्यापक प्रयोग पर जोर डाला। इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति अभियान व डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर आयोजित हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाज में फैली डायन प्रथा जैसी कुरीति तथा नशा मुक्ति अभियान को लेकर सिदगोड़ा टाउन हॉल में एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला का शुभारंभ जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, पद्मश्री छुटनी महतो, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कार्यशाला के वक्ताओं तथा उपस्थित पदाधिकारियों ने किया।

कार्यशाला की शुरूआत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फुलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ लेकर समाज में सुखद बदलाव की वाहक बनी मोनिका हांसदा एवं सात्रो हांसदा ने हड़िया-दारू बेचना छोड़कर कैसे समाज को नशामुक्त बनाने तथा स्वरोजगार से नई राह दिखाई है इससे हुई। सीओ बहरागोड़ा जीतराय मुर्मू ने संताली भाषा में उपस्थित जनसमूह को नशा के दुष्प्रभाव तथा डायन प्रथा को लेकर समाजिक में उत्पन्न होने वाली विसंगतियों से जनसमूह को अवगत कराया। बीडीओ डुमरिया साधुचरण देवगम ने %हो% भाषा में गाये जागृति गीत से समाज को इन कुप्रथाओं के विरूद्ध आवाज दी तथा लोगों को डायन प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने व नशामुक्ति के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया । वीमेंस यूनिवर्सिटी की सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता सिंह, प्रीति, करीम सिटी कॉलेज से डॉ. शीतल पांडेय व डॉ. जाकिर अख्तर, राजेश कैवर्त ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपने विचार रखे। उक्त सामाजिक बुराइयों पर बने शॉर्ट फिल्म का भी प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर सुसभ्य समाज बनाने का प्रण लिया ।

जिला उपायुक्त ने कहा कि सरकार चाहती है कि प्रत्येक ग्रामीण के बच्चे स्वस्थ रहें, अच्छी पढ़ाई करें, नौकरी लें अंधविश्वास और कुरीतियों की तरफ नहीं जायें। कुप्रथायें समाज में समस्या उत्पन्न करती हैं, नशापान से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा, युवा पिछड़ रहे । इन सभी कुरीतियों के खिलाफ हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि एकजुट हों, जनजागरूकता लायें।

पद्मश्री छुटनी महतो ने डायन बताकर प्रताड़ित किए जाने से पद्मश्री से नवाजे जाने तक की अपनी जीवन यात्रा में डायन कुप्रथा के कारण व्यक्तिगत रूप से उन्हें किस तरह की मानसिक अवसाद से गुजरना पड़ा, समाज के रूप में इन कुरीतियें के खिलाफ हम कैसे विफल होते हैं इसपर अपनी भावनायें प्रकट की ।

### व्यवस्था की कमी से जिला प्रशासन के कार्यशाला से वंचित हुए पटमदा व बोड़ाम के ग्राम प्रधान

**पटमदा :** जिला प्रशासन द्वारा रविवार को सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित डायन प्रथा उन्मूलन एवं नशा मुक्ति अभियान में व्यवस्था की कमी से शामिल होने से वंचित रह गए पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के ग्राम प्रधान। इससे क्षेत्र के ग्राम प्रधानों में काफी नाराजगी है। रविवार की सुबह करीब 9 बजे ही पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड मुख्यालय पहुंचे ग्राम प्रधानों ने वाहनों का इंतजार किया और करीब डेढ़ घंटे बाद सभी लोग वापस अपने-अपने घर लौट गए। इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदाबन दास व सचिव मृत्युंजय महतो ने बताया कि बीडीओ से पूछने पर बताया गया कि व्यवस्था बड़ाबाबू (प्रधान सहायक) करेंगे। फिर बड़ाबाबू से पूछा गया तो जिला से व्यवस्था होने की बात बता टाल दिया गया। प्रधानों ने इस बात पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर उनलोगों को पहले बता दिया गया होता तो उनलोग अपने से ही कार्यक्रम में शामिल होते।

## जुबिली पार्क में आओ मिलकर पढ़ें कार्यक्रम का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जुबिली पार्क में आओ मिलकर पढ़ें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) एवं फेसबुक ग्रुप जमशेदपुर मैत्रेय परिवार की संयुक्त पहल पर पिछले माह से यह कार्यक्रम शुरू किया गया था। युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को आयोजित किया जाता है। अरविंद तिवारी ने बताया कि लोग धीरे-धीरे किताब पढ़ना छोड़ रहे हैं। बच्चों को मोबाइल की आदत छुड़ाने के लिए जरूरी है कि अभिभावक भी किताब पढ़ने की खुद आदत डालें। तभी बच्चों में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभोजित घोष, सविता घोष, शिवानी गिरी, सार्थक गिरी, राजेश कुमार ,तरुण कुमार,वर्णाली चक्रवर्ती, सपना चौधरी, अनुराग अरविंद रुद्रांश राज, अंतरा चौधरी, इशिका पटनायक आदि मौजूद थे।



# लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की मुहिम में जुटा है यंग इंडियंस का जमशेदपुर चैप्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियां संचालित कर लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की कवायद में जुटा है. संगठन का फोकस यूथ लीडरशिप, विचारधारा की लीडरशिप और राष्ट्र निर्माण पर है. यह युवाओं को वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों के प्रति जागरूक कर मुख्य धारा में लाने की कोशिश में जुटा है. सार्थक बदलाव लाने के लिए यंग इंडियंस जलवायु परिवर्तन प्रोजेक्ट का संचालन कर रहा है जिसके तहत जमशेदपुर से 25 किलोमीटर के दायरे में आनेवाले ग्रामीण इलाकों में संगठन ने अब तक 8 तालाबों का निर्माण कर दिया है. इससे करीब 2000 घरों को सीधे मदद मिली है. जलवायु परिवर्तन के असर के बारे में स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता के लिए कई सत्रों का आयोजन किया जा चुका है. इसके अलावा यंग इंडियंस स्कूली बच्चों को सेफ रखने के लिए प्रोजेक्ट मासूम चला रहा है. इसमें बच्चों को बाल यौन शोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है. अब तक करीब 4000 बच्चों के बीच सत्रों का आयोजन किया जा चुका है. सड़क सुरक्षा के प्रोजेक्ट के तहत छोटा कॉप के जरिए स्कूली बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा पर सत्र आयोजित किए जाते हैं और छात्रों को ट्राफिक रूल्स और संकेतों की जानकारी दी जाती है. यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के चेयर प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि संगठन की ओर से दृष्टिबाधितों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है. संगठन की ओर से जमशेदपुर में अब तक 7 रेस्तरां को ब्रेल मेनू प्रदान किया गया है जिससे दृष्टिबाधित लोग आसानी से मनाचाहे भोजन का ऑर्डर कर सकते हैं. सामाजिक सरोकारों के अलावा आर्थिक विकास की गति को बढ़ावा देने का काम भी यंग इंडियंस कर रहा है. इसके लिए उद्यमिता एवं इनोवेशन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है. जमशेदपुर वायआई 2वाय 20 इवेंट और फ्यूचर 3.0 की मेजबानी कर चुका है. इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संगठन की ओर से वार्षिक ब्लड डोनेशन कैम्प व आई तथा हेल्थ चेक अप कैम्प का आयोजन किया जाता है. वायआई जमशेदपुर को दिल्ली में आयोजित जी-20 यंग इंटरप्रेन्योर्स अलायंस (वायईए) में देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है. वायआय के संस्थापक सदस्य विशाल अग्रवाल जी-20 वायईए के राष्ट्रीय शेरपा थे और पूरा आयोजन उनकी देखरेख में हुआ. वायआई ने कई कॉलेजों के साथ एमओयू किया है, ताकि युवा विचारों को मंच व मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके. इसके तहत जिन कॉलेजों संग एमओयू किया गया है, उनमें एक्सएलआरआई, एनएसयू, अर्का जैन यूनिवर्सिटी, करीम सिटी कॉलेज, श्रीनाथ यूनिवर्सिटी, आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज शामिल हैं.

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# विकास के पथ पर

**देश** के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं आगे के लक्ष्य भी स्पष्ट किए। यह लालकिले से दिया गया प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी भाषण था। यहां से अगला भाषण किसका होगा, यह 2024 के लोकसभा चुनावों के जरिए देश की जनता तय करने वाली है। लेकिन पीएम मोदी की खासियत कही जाएगी कि पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी इस अनिश्चितता की छाया नहीं पड़ने दी। करीब 90 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कई नई योजनाओं की घोषणा की और पुरानी योजनाओं पर अच्छे ढंग से अमल के कारण होने वाले फायदों का जिक्र किया। विश्वकर्मा योजना, शहरी गरीबों को घर बनाने के लिए आर्थिक मदद और महिलाओं को ड्रोन बनाने की ट्रेनिंग देने की उनकी घोषणा ने खास तौर पर ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री अमूमन देशवासियों को भाइयो और बहनो कहकर संबोधित करते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्हें मेरे प्यारे परिवारजनों का संबोधन दिया। मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि घटनाएं भले पूर्वोत्तर के एक राज्य में हुई हों, उसकी पीड़ा पूरे देश में महसूस की जा रही है। उन्होंने शांति की अपील तो की ही, यह भी आश्वस्त किया कि केंद्र व राज्य सरकारें वहां सामान्य स्थिति बहाल करने के अपने दायित्व को पूरा करने में पूरी ताकत से लगी हुई हैं। भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर मुद्दे से भागने के विपक्ष की आलोचनाओं का उन्होंने जवाब दे दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि देश को विकास की राह पकड़ने के लिए करप्शन, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़ना होगा। उनका इशारा यहां विपक्ष की ओर था। वैसे, इस अहम मौके पर नेता प्रतिपक्ष की खाली कुर्सी अच्छा संकेत नहीं दे रही थी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। इस पर विवाद हुआ, लेकिन बाद में खरगे ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से लालकिले के आयोजन में शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने लालकिले के भाषण में देश से 2047 के लिए तैयार रहने को कहा, जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने तब तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लेने को कहा। यह महत्वपूर्ण लक्ष्य है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और इस दशक के खत्म होने से पहले वह दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। कुछ अनुमानों में कहा गया है कि 2030 तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,000 डॉलर सालाना हो जाएगी। तब भारत मिडल इनकम देश होगा। अगर सही नीतियां अपनाई जाएं और सुधार जारी रखे जाएं तो 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल भी किया जा सकता है। यह लक्ष्य मुश्किल जरूर है, नामुमकिन नहीं।



देश को विकास की राह पकड़ने के लिए करप्शन, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़ना होगा। उनका इशारा यहां विपक्ष की ओर था। वैसे, इस अहम मौके पर नेता प्रतिपक्ष की खाली कुर्सी अच्छा संकेत नहीं दे रही थी। कांग्रेस नेता मलिल्कार्जुन खरगे इस समारोह में शालिम नहीं हुए। इस पर विवाद हुआ, लेकिन बाद में खरगे ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से ल ललिके के आयोजन में शालिम नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने लाललिके के भाषण में देश से 2047 के लिए तैयार रहने को कहा, जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने तब तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लेने को कहा। यह महत्वपूर्ण लक्ष्य है ।भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और इस दशक के खत्म होने से पलहे वह दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। कुछ अनुमानों में कहा गया है कि 2030 तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,000 डॉलर सालाना हो जाएगी। तब भारत मिडल इनकम देश होगा।

## कुछ अलग

# उड़ानें बंद होने से पहले भारतीय लोग अफगानिस्तान छोड़ें

**तालिबान** के बढ़ते हमलों को देखते हुए वेंद्र सरकार ने अफगानिस्तान में रह रहे सभी भारतीयों को विमान सेवाएं बंद होने से पहले वतन वापस लौटने की सलाह दी है। काबुल स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय वंपनियों से अपने निर्माणस्थलों से भारतीयों को हटाने को कहा है। इधर भारत ने अफगानी या विदेशी वंपनियों में काम कर रहे भारतीयों को लाने की तैयारी शुरू कर दी है। सरकार ने कहा है कि अफगानिस्तान में हिसा बढ़ने के साथ शहरों के लिए विमान सेवाएं बंद हो रही हैं, इसलिए हिसा का वेंद्र बने मजार-ए-शरीफ से अपने नागरिकों और दूतावास के स्टाफ को स्वदेश लाने का पैसला किया गया है। इन लोगों को विशेष विमान से लाया जाएगा। वहां के भारतीय नागरिकों से इसके लिए तुरन्त (वाणिज्यिक) दूतावास से सम्पर्व करने की अपील की गईं है। वहां अब सिर्प स्थानीय स्टाफ के जरिये कामकाज होगा। सूत्रों के अनुसार इस समय करीब 1500 भारतीय अधिकारी और कमा अफगानिस्तान में हैं। पिछले महीने भी सरकार ने वंधार स्थित भारतीय दूतावास से 50 राजनयिकों और सुरक्षा कर्मियों को तालिबान और सेना के बढ़ते संघर्ष के बीच स्वदेश बुला लिया था। सब वुछ सही रहा तो अगले हफ्ते में सभी भारतीय देश लौट आएंगे। अफगानिस्तान में हिन्दुओं और सिखों का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। अफगानिस्तान में तालिबान और आईएसआईएस ने गैर-मुस्लिमों और शियाओं को निशाना बनाया है। पिछले साल मार्च में भी काबुल के एक गुरुद्वारे पर हमला किया गया था जिसमें 25 लोग मारे गए थे। 1980 के दशक में दो लाख हिन्दू-सिख रहते थे। 1988 में तालिबान के अदम के बाद से इन पर हमले शुरू हुए। उन्हें अगवा किया जाने लगा और हत्याएं की गईं। इस वजह से पलायन शुरू हुआ। 2016 में यहां सिर्प 1350 वयस्क बचे। अक्तूबर 2018 में चुनाव में सिर्प 583 हिन्दू-सिख वोटर दर्ज थे ।उड़ानें बंद होने से पहले भारतीय लोग अफगानिस्तान छोड़ें

सरकार ने कहा है कि अफगानिस्तान में हिसा बढ़ने के साथ शहरों के लिए विमान सेवाएं बंद हो रही हैं, इसलिए हिसा का वेंद्र बने मजार-ए-शरीफ से अपने नागरिकों और दूतावास के स्टाफ को स्वदेश लाने का पैसला किया गया है। इन लोगों को विशेष विमान से लाया जाएगा। वहां के भारतीय नागरिकों से इसके लिए तुरन्त (वाणिज्यिक) दूतावास से सम्पर्व करने की अपील की गईं है। वहां अब सिर्प स्थानीय स्टाफ के जरिये कामकाज होगा।

तालिबान के बढ़ते हमलों को देखते हुए वेंद्र सरकार ने अफगानिस्तान में रह रहे सभी भारतीयों को विमान सेवाएं बंद होने से पहले वतन वापस लौटने की सलाह दी है। काबुल स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय वंपनियों से अपने निर्माणस्थलों से भारतीयों को हटाने को कहा है। इधर भारत ने अफगानी या विदेशी वंपनियों में काम कर रहे भारतीयों को लाने की तैयारी शुरू कर दी है। वेंद्र सरकार ने कहा है कि अफगानिस्तान में हिसा बढ़ने के साथ शहरों के लिए विमान सेवाएं बंद हो रही हैं, इसलिए हिसा का वेंद्र बने मजार-ए-शरीफ से अपने नागरिकों और दूतावास के स्टाफ को स्वदेश लाने का पैसला किया गया है। इन लोगों को विशेष विमान से लाया जाएगा। वहां के भारतीय नागरिकों से इसके लिए तुरन्त (वाणिज्यिक) दूतावास से सम्पर्व करने की अपील की गईं है। वहां अब सिर्प स्थानीय स्टाफ के जरिये कामकाज होगा। सूत्रों के अनुसार इस समय करीब 1500 भारतीय अधिकारी और कमा अफगानिस्तान में हैं। पिछले महीने भी सरकार ने वंधार स्थित भारतीय दूतावास से 50 राजनयिकों और सुरक्षा कर्मियों को तालिबान और सेना के बढ़ते संघर्ष के बीच स्वदेश बुला लिया था। सब वुछ सही रहा तो अगले हफ्ते में सभी भारतीय देश लौट आएंगे। अफगानिस्तान में हिन्दुओं और सिखों का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। अफगानिस्तान में तालिबान और आईएसआईएस ने गैर-मुस्लिमों और शियाओं को निशाना बनाया है। पिछले साल मार्च में भी काबुल के एक गुरुद्वारे पर हमला किया गया था जिसमें 25 लोग मारे गए थे। 1980 के दशक में दो लाख हिन्दू-सिख रहते थे। 1988 में तालिबान के अदम के बाद से इन पर हमले शुरू हुए।

## पांच साल तक भारतीय ट्राइबल पार्टी के दोनों विधायकों ने कांग्रेस की सरकार का समर्थन किया था और बदले में जमकर सरकारी लाभ भी उठाया था

# राहुल गांधी के दौरे से राजस्थान कांग्रेस को मिल गयी है नयी संजीवनी

रमेश सर्राफ धमोरा

लोकसभा की सदस्यता पुन: बहाल होने के बाद राहुल गांधी ने राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित आदिवासियों के तीर्थ स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त मानगढ़ धाम में एक बड़ी जनसभा कर राजनीति के कई समीकरण साधे हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के आदिवासी समाज की मानगढ़ धाम के प्रति अगाध श्रद्धा है। इन चारों प्रदेश के आदिवासी समाज के लोग मानगढ़ धाम को एक बड़े तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं और यहां आकर दर्शन करते हैं। आठ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मानगढ़ धाम में एक जनसभा को संबोधित किया था। राहुल गांधी के दौरे को प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की काट के रूप में देखा जा रहा है।

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा से कांग्रेस पार्टी को नई संजीवनी मिली है। आपसी गुटबाजी में फंसी राजस्थान कांग्रेस के सभी नेता राहुल गांधी की यात्रा के बाद एक साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करने लगे हैं। लोकसभा की सदस्यता पुनः बहाल होने के बाद राहुल गांधी ने राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित आदिवासियों के तीर्थ स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त मानगढ़ धाम में एक बड़ी जनसभा कर राजनीति के कई समीकरण साधे हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के आदिवासी समाज की मानगढ़ धाम के प्रति अगाध श्रद्धा है। इन चारों प्रदेश के आदिवासी समाज के लोग मानगढ़ धाम को एक बड़े तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं और यहां आकर दर्शन करते हैं। आठ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मानगढ़ धाम में एक जनसभा को संबोधित किया था। राहुल गांधी के दौरे को प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की काट के रूप में देखा जा रहा है। इसी साल के अंत में राजस्थान व मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं। राजस्थानी विधानसभा की 25 और मध्य प्रदेश विधानसभा की 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। राहुल गांधी ने मानगढ़ धाम में जनसभा को संबोधित कर इन 72 विधानसभा सीटों पर निशाना साधा है। आदिवासी समाज कभी कांग्रेस के कोर वोट हुआ करते थे। मगर धीरे-धीरे भाजपा ने उनमें सेंध लगा दी। अपने कोर वोटरों को फिर से कांग्रेस से जोड़ने के लिए ही राहुल गांधी ने आदिवासी क्षेत्र में जनसभा कर उनसे एक बार फिर भावनात्मक रिश्ता बनाने की कोशिश की है। जनसभा में अपने भाषण में भी राहुल गांधी ने अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की चर्चा कर आदिवासी समाज को इंदिरा गांधी से उनके संबंधों को याद दिलाने का प्रयास किया है। 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के 13.5 प्रतिशत मतदाता हैं। जिनके लिए 200 में से 25 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें सिर्फ 11 जिलों तक ही सीमित हैं। जिनमें उदयपुर जिले में पांच, बांसवाड़ा जिले में पांच, डूंगरपुर जिले में चार, जयपुर, करौली व प्रतापगढ़ जिलों में दो-दो तथा अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, सिरोही व बारां जिले में एक-एक विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। उदयपुर डिवीजन में सबसे अधिक 16 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित हैं। जिनमें वर्तमान में भाजपा के पास आठ, कांग्रेस के पास पांच, भारतीय ट्राइबल पार्टी के पास दो व निर्दलीय के पास एक सीट है। 2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित 25



सीटों में से कांग्रेस ने सबसे अधिक 12 विधानसभा सीटें जीती थी। वहीं भाजपा ने नौ, भारतीय ट्राइबल पार्टी ने दो व दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। लेकिन कांग्रेस का इस बार पूरा प्रयास है कि आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित सभी 25 विधानसभा सीटों को जीता जाए। इसीलिए कांग्रेस ने अपने 12 आदिवासी सीटों पर जीते विधायकों में से पांच को मंत्री बनाया हैं। विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही कांग्रेस ने सबसे पहले बड़ी रैली भी आदिवासी बहुल क्षेत्र में ही करवाई है ताकि आदिवासी वोटों को फिर से कांग्रेस के साथ जोड़ा जा सके। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी वोटों को साधने के लिए आदिवासी बहुल उदयपुर जिले में सलूंबर को नया जिला तथा बांसवाड़ा को नया संभाग मुख्यालय बनाया है। बांसवाड़ा संभाग के बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ जिलों में कुल 11 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। जिसमें अभी कांग्रेस के चार, भाजपा के चार, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो व एक सीट पर निर्दलीय विधायक है। 11 सीटों को ध्यान में रखकर ही कांग्रेस पार्टी ने बांसवाड़ा जैसे छोटे जिले को संभाग मुख्यालय बना दिया है। उदयपुर संभाग में नवगठित बांसवाड़ा संभाग में आदिवासी मतदाताओं में भारतीय ट्राईबल पार्टी ने भी तेजी से अपनी पैठ बनाई है। पिछले विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही गुजरात के आदिवासी नेता छोटूभाई वसावा ने भारतीय ट्राइबल पार्टी का गठन कर राजस्थान की कुछ सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और डूंगरपुर जिले की दो सीट सागवाड़ा व चैरासी पर भारतीय ट्राइबल पार्टी के रामप्रसाद व राजकुमार रोत विजय हुए थे। हालांकि पांच साल तक भारतीय ट्राइबल पार्टी के दोनों विधायकों ने कांग्रेस की सरकार का समर्थन किया था और बदले में जमकर सरकारी लाभ भी उठाया था। जिससे उनके संघर्ष में कमी आने से क्षेत्र में उनकी पकड़ कमजोर हुई है। गुजरात में भी भारतीय ट्राइबल पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष छोटूभाई वसावा बुरी तरह से चुनाव हार चुके हैं। कांग्रेस पार्टी इसी का फायदा उठाकर भारतीय ट्राईबल पार्टी समर्थकों को भी कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भारतीय ट्राइबल पार्टी से जीते दोनों विधायक यदि कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उनको पार्टी का प्रत्याशी बनाया जा सकता है। कांग्रेस स्टेयरिंग कमेटी के सदस्य, राजस्थान सरकार में मंत्री व सांसद रह चुके रघुवीर मीणा के विधानसभा क्षेत्र सलूंबर को भी जिला बना दिया गया है। रघुवीर मीणा पिछले कई चुनाव हार चुके हैं। उन्हें जिताने के लिए ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सलूंबर जैसे छोटे से क्षेत्र को जिला बना दिया है। राजस्थान में इस आदिवासी क्षेत्र के आदिवासियों ने गोविंद गुरु जी की अगुवाई में अंग्रेजों के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ी थी। जिसमें अंग्रेजों द्वारा करीबन 1500 आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। उनकी याद में ही मानगढ़ पहाड़ी पर एक स्मारक बनाया गया है जिसे मानगढ़ धाम कहा जाता है। आदिवासी समाज में मानगढ़ धाम के प्रति बहुत श्रद्धा को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित सभी पार्टियों के बड़े नेता इस स्थान पर आते रहे हैं। आदिवासी समाज के लोग कभी कांग्रेस के समर्थक हुआ करते थे। मगर 1990 के बाद धीरे-धीरे भाजपा ने उनमें अपनी पैठ बना ली और आदिवासी बहुल बहुत-सी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतने लगे। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार चुनाव लड़ी भारतीय ट्राइबल पार्टी के आने से कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों में बेचैनी व्याप्त है। पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी सिर्फ दो सीट ही जीत सकी थी। मगर उसके बाद पंचायत राज, नगर पालिका व छात्र संघ के चुनाव में भारतीय ट्राइबल पार्टी ने काफी अच्छा प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति का अहसास करवाया था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अच्छी तरह से पता है कि राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं के समर्थन के बिना सरकार बनाना मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए वह आदिवासी मतदाताओं को साधने के लिए लगातार प्रयत्न कर रहे हैं। गहलोत सरकार द्वारा आदिवासी कल्याण के लिए कई योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। राहुल गांधी का आदिवासी बहुल मानगढ़ का दौरा करना भी उनके साथ सीधा संवाद स्थापित करने के रूप में देखा जा रहा है। राहुल गांधी के दौरे के बाद आदिवासी मतदाताओं का कांग्रेस के प्रति अधिक झुकाव होने की संभावना नजर आ रही है। कुल मिलाकर राजस्थान की राजनीति में अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की नई सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिस पार्टी को इनका समर्थन मिलेगा उसी पार्टी की सरकार बनना तय माना जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी का इशारा, यह एक नया इतिहास लिखने का समय है

हम मिलकर वे निर्णय लेते हैं जो हमारे देश के लिए सही हों, उसके लिए हम विश्व का मुंह नहीं ताकते। जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति चाहता है। देश के प्रधानमंत्री ने इस महान यात्रा में पूरे देश से अपनी भूमिका निभाने की ओर भी संकेत दिया। यह जागृत भारत है, जो खुली आंखों से सपने देखता और चुनौतियों से दो हाथ करने के लिए आगे बढ़ता है। हमने वर्षों से सुना कि इंडिया तो जुगाड़ से चलता है, इस शब्द जुगाड़ के हल्के प्रयोग से आज हमें आपत्ति होनी चाहिए क्योंकि यह भारत के सामर्थ्य और भारत के गौरवशाली अतीत के साथ न्याय नहीं है। यह मात्र जुगाड़ की नहीं अविष्कार की भूमि है।

**आज** हम एक अभूतपूर्व युग से गुजर रहे हैं। एक ऐसी घड़ी जो पूरी तरह से अद्वितीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में लाल क़िले से इस बार इस युग से जुड़े अवसरों और चुनौतियों को विस्तार से देश के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने सिर्फ समस्याओं की बात नहीं की, उनके समाधान और देश के संकल्प की बात भी की। उन्होंने गुलामी के अतीत को पीछे छोड़ कर भविष्य की भव्यता की बात की। हम मानव सभ्यता के इतिहास से बहुत कुछ सीख सकते हैं, पर आज हमारे सामने जो अवसर हैं वे पहले कभी नहीं थे। यह एक नया इतिहास लिखने का समय है। जब कठिन परिस्थितियां आती हैं तो या तो वे आपको तोड़ देती हैं और आप उनके समक्ष थक कर घुटने टेक देते हैं या फिर आगे बढ़कर आप उन्हें अंगीकार करते हैं। और, मुश्किलों से आंख मिलाना ही हमारे देश की रीति है जो प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में स्पष्ट था। एक ओर आंधी है, चुनौती है, झंझावात हैं पर दूसरी ओर दृढ़ संकल्प हैं, निर्णय हैं, नया सूरज है, नया कल भी है। और, हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हिम्मत को, जीवट को जिताना है, पारदर्शिता से अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने इस जीवट को परिलक्षित किया। वर्षों से हमारे देश को विश्व की ओर ताकने की आदत पड़ गई थी कि पहले देखना कि अन्य देश क्या कर रहे हैं और फिर अपने निर्णय लेना। यह एक प्रकार की गुलामी ही तो थी पर आज का भारत ऐसे नहीं सोचता, संकट की घड़ी में हम अपने समाधान स्वयं सोचने की क्षमता रखते हैं। हम मिलकर वे निर्णय लेते हैं जो हमारे देश के लिए सही हों, उसके लिए हम विश्व का मुंह नहीं ताकते। जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति चाहता है। देश के प्रधानमंत्री ने इस महान यात्रा में पूरे देश से अपनी भूमिका निभाने की ओर भी संकेत दिया। यह जागृत भारत है, जो खुली आंखों से सपने देखता और चुनौतियों से दो हाथ करने के लिए आगे बढ़ता है। हमने वर्षों से सुना कि इंडिया तो जुगाड़ से चलता है, इस शब्द जुगाड़ के हल्के प्रयोग से आज हमें आपत्ति होनी चाहिए क्योंकि यह भारत के सामर्थ्य और भारत के गौरवशाली अतीत के साथ न्याय नहीं है। यह मात्र जुगाड़ की नहीं अविष्कार की भूमि है। आज हमारे युवा, हमारे वैज्ञानिक बार-बार यह सिद्ध कर रहे हैं, स्पष्ट हो रहा है कि हमारा देश विश्व को राह दिखाने की शक्ति रखता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में उन कमियों की भी बात की जो हमें पीछे खींच सकती हैं। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के नकारात्मक प्रभाव के प्रति उन्होंने देश को चेताया जिसे हमें भूलना नहीं चाहिए क्योंकि वे समस्याएं जिन पर हम अक्सर बात करते हैं और उनसे लड़ते हैं, उनसे कहीं बड़ी वे समस्याएं होती हैं जिन्हें हम जीवन का हिस्सा मान लेते हैं और कहीं अवचेतन में भी उनसे लड़ना छोड़ देते हैं। साथ ही, भारत के पास एक शक्ति है जो हमें विश्व से अलग बनाती है और वह है हमारी आध्यात्मिक शक्ति। जब हर तरफ से बाण चल रहे हों तब और मुखरित हो जाती है हमारी ये आत्मिक शक्ति, ये इनर स्ट्रेंथ। यह शक्ति ही है जो हमें संबल देती है और जिसके होने से हमारे अंदर से पराजय की भावना समाप्त हो जाती है। और, एक विजय उठ खड़ी होती है। तब हम एक दूसरे की शक्ति बन जाते हैं, तब करोड़ों भुजाएं, करोड़ों मस्तक एकजुट हो कर एक स्वर में बढ़ चलते हैं। आज हमें उस शक्ति को भी जागृत रखना है। जब हम आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं तब महत्वपूर्ण है कि हम उसका अर्थ सिर्फ उद्योग से ही जोड़ का संतुष्ट न हो जाएं। यह आत्मविश्वास का भी द्योतक है। एक ऐसे भारत का आत्मविश्वास जिसकी भुजाओं में बल है, जिसकी आंखों में नया कल है, जिसे अपनी सोच पर विश्वास है, जहां युवा ऊर्जा एक दिशा पा रही है। एक ऐसा भारत जिसे आज अपने हित में कदम उठाने में संकोच नहीं है। जिसमें कोई आएगा और बताएगा का भाव नहीं है। जिसमें हर भारतीय कर सकता है का बोध है। जिसको अपने होने पर अभिमान है। जिसमें अपने अस्तित्व को ले कर हीन भावना नहीं है। जिसके पास एक दृष्टि है जो विश्व को भी दिशानिर्देशन दे सकता है। प्रधानमंत्री के संदेश में उस भारत का चित्र उभरता गया जो इतिहास से चुन-चुन कर अपनी हार के प्रसंगों को नहीं दोहराता। अपनी जीत का, अपनी शक्ति का स्मरण करता है। जहां देशवासी एक दूसरे को सिर्फ अपनी सीमाओं का बोध नही कराते अपने सामर्थ्य का एहसास भी कराते है। इसी सामर्थ्य के बल पर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है। आज हर भारतीय को परिवर्तन की पदचाप सुनाई देती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमें ऐसा देश ही चाहिए जो अभावों को देख कर बस अजस्ट कर लूंगा न कहे, बल्कि नए रास्ते निकालने की बात करे। भारत जहां का युवा संघर्षों से घबराकर देश छोड़ने की बात न करे, अपने देश की प्रगति के लिए काम करना चाहे। और, यह परिवर्तन आज हम देख सकते हैं। हम देख सकते हैं एक ऐसे भारत का उदय जो विश्व से सीखने को हर पल तैयार तो है पर साथ ही विश्व को सिखाने का भी विश्वास रखता है।

## दृष्टिकोण

# भारत के कृषि क्षेत्र को बदल सकता है पीएमकेएसके

**आर्थिक** सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत में इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएँ प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा। इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान, प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है। पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है। इसका उद्देश्य लाखों किसानों के जीवन को सरल बनाना है। हाल के घटनाक्रम इसकी सफलता को दर्शाते हैं। 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर में आयोजित पीएम-किसान सम्मेलन जैसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किए। देशभर के लगभग 20 मिलियन किसानों की व्यापक भागीदारी इस पहल पर अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंच की सकारात्मक मुहर दिखाती है। सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20% की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं। इन पीएमकेएसके के माध्यम से नैनो यूरिया की बिक्री भी 6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

## देश दुनीया से

# डाटा सुरक्षा पर गहन मंथन का वक्त

**कुछ** साल पहले हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी की राजनीतिक अर्थशास्त्री शोशाना ज्यूबॉफ ने एक किताब लिखी थी, द एज ऑफ सर्विलांस कैपिटलिज्म। इस पुस्तक में उन्होंने साइबर युग की अर्थसत्ता की एक नई व्याख्या दी थी। पूंजीवाद की ज्यादातर शुरुआती व्याख्याएं कहती हैं कि यह व्यवस्था मजदूरों का शोषण करके अपनी सत्ता का निर्माण करती है। इसे लेकर जो नैरेटिव तैयार हुआ था, वह आज भी जहां-तहां चलता है और उसने दूसरे विश्व-युद्ध के बाद की दुनिया की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया था। शोशाना का कहना है कि नए पूंजीवाद को श्रमिकों के शोषण की जरूरत नहीं है। वह लोगों के डाटा, यानी उनकी निजता को जमा करके अपनी नींव मजबूत करता है। हो सकता है कि इसमें किसी को श्रमिकों के शोषण जैसी क्रूरता न दिखाई दे, पर नए चलन ने बहुत से आधुनिक कारोबार को इतना मजबूत आधार दिया है, जितनी मजबूती क्लासिकल पूंजीवाद वाले दौर में भी किसी उद्यम को नहीं मिली थी। इसका एक उदाहरण है गूगल, जो किसी वस्तु का उत्पादन किए बिना ही सिर्फ डाटा के कारोबार से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल हो गई। वैसे, यह बात शोशाना की किताब से पहले से कही जा रही है कि आधुनिक दुनिया में डाटा ही सबसे बड़ी पूंजी है। इस दौर में जो डाटापति है, उसके आगे बड़े-बड़े. पूंजीपति भी पानी भरते हैं। पिछले सप्ताह कोविन वैक्सीन लगवाने वालों का डाटा लीक होने की जो खबर आई, उसे इसी संदर्भ में देखना होगा। यह ठीक है कि सरकार की ओर से इसका खंडन आ गया है। मगर हम इस खंडन को अगर सही भी मान लें, तब भी इस पर विश्वास करना थोड़ा कठिन है कि सरकारी तंत्र में जनता का डाटा या लोगों की निजता पूरी तरह सुरक्षित है। भारत ही नहीं, दुनिया भर में कहीं भी यही स्थिति है। अन्य देशों की तरह हमारे यहां भी डाटा लीक होने की खबरें इससे पहले भी आई हैं और कई मामलों में डाटा की चोरी साबित भी हुई है। साल 2017 में यह पता लगा था कि सरकार की ही 210 ऐसी वेबसाइट हैं, जिन पर लोगों का आधार से जुड़ा डाटा उपलब्ध है। बात उजागर होने पर ये सारी वेबसाइट पहले बंद की गईं और फिर उनसे आधार का डाटा हटाया गया। उसी साल अगस्त में बेंगलुरु से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया। उसने एक ऐसा स्मार्टफोन एप बनाया था, जो विभिन्न सरकारी वेबसाइट से आधार का डाटा चुरा सकता था। और यह तकनीक उसने एक एप से चलने वाली टैक्सी सेवा को बेच भी दी थी। वैसे, उसी महीने विकीलीक्स की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि आधार का सारा डाटाबेस अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पास पहुंच चुका है। डाटा लीक होने का सबसे दिलचस्प मामला है महेंद्र सिंह धौनी का। वह एक आधार सेवा केंद्र पर अपना आधार कार्ड बनाने गए। इस केंद्र ने अति-उत्साह में आधार बनवाते हुए धौनी की तस्वीर के साथ ही फॉर्म पर दर्ज उनकी सारी जानकारियों को ट्वीट कर दिया। इस ट्वीट को लाइक करने वालों में कुछ केंद्रीय मंत्री भी थे। वे सब इस बात से अनभिज्ञ थे कि इससे धौनी जैसी सेलेब्रिटी की बहुत सारी निजी जानकारियां सबके पास पहुंच रही हैं। बाद में जब उनकी पत्नी साक्षी धौनी ने गुस्से में ट्वीट किया कि इस देश में किसी की निजता बची भी है या नहीं, तब जाकर अधिकारियों को होश आया। इसके बाद उस ट्वीट तो डिलीट कर दिया गया, पर तब तक नुकसान हो चुका था। शुरू में जब आधार की योजना बनी थी, तब इसके सीमित उपयोग बताए गए थे। मगर अब इसे बहुत ज्यादा विस्तार दे दिया गया है। आप आधार के बिना न तो पासपोर्ट बनवा सकते हैं और न ड्राइविंग लाइसेंस। पहले आयकर के लिए सिर्फ पैनकार्ड काफी होता था, पर अब इससे आधार को जोड़ना जरूरी बना दिया गया है। कोविड महामारी फैली, तो वैक्सीन लगवाने की एक जरूरी शर्त थी आधार कार्ड। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी इसी को आधार बना दिया गया है।

भारत ही नहीं, दुनिया भर में कहीं भी यही स्थिति है। अन्य देशों की तरह हमारे यहां भी डाटा लीक होने की खबरें इससे पहले भी आई हैं और कई मामलों में डाटा की चोरी साबित भी हुई है। साल 2017 में यह पता लगा था कि सरकार की ही 210 ऐसी वेबसाइट हैं, जिन पर लोगों का आधार से जुड़ा डाटा उपलब्ध है। बात उजागर होने पर ये सारी वेबसाइट पहले बंद की गईं और फिर उनसे आधार का डाटा हटाया गया। उसी साल अगस्त में बेंगलुरु से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया। उसने एक ऐसा स्मार्टफोन एप बनाया था, जो विभिन्न सरकारी वेबसाइट से आधार का डाटा चुरा सकता था।

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को इंटर कॉलेज में दी गयी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया इंटर कॉलेज में कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग के द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई जयंती समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण सिंह ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे कार्य किए जिससे देश को 21वीं सदी की ओर बढ़ने में आसानी हुई है।बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने 21वीं सदी का जो सपना देखा था आज हम उस युग में जी रहे हैं। इन्होंने देश को एक मजबूत अर्थव्यवस्था प्रदान किया एवं नई-नई प्रौद्योगिकी का विकास कर औद्योगिकीकरण को नई गति प्रदान की। राजीव गांधी ने भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए इग्नू, और जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की घोषणा कर पूरे देश में उच्च शिक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया। साथ ही युवाओं के वोट देने की सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी क्योंकि वे युवाओं को अपना जन प्रतिनिधि चुनने और एक जिम्मेदार नागरिक बनाने की चाह रखते थे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने के लिए पंचायतीराज व्यवस्था की शुरुआत की श्री सिंह ने कहा की आज हम जिस विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संचार और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक प्रमुख राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आए हैं तो वह राजीव गांधी के द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम है। अपने कार्यकाल में उन्होंने जवाहर रोजगार योजना चलाकर देश के सभी गांवों को सड़क से जोड़ने का कार्य अद्भुत और अविश्वसनीय कार्य बताया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के चतरा जिला अध्यक्ष मतलूराम चंद्रवंशी ने किया। मौके पर कमख्या सिंह, रविन्द्र नाथ चौबे, धनंजय सिंह, गणेश रवि, राहुल सिंह, रंधीर सिंह, मो. अरशद, मिथिलेश प्रसाद, प्रमोद तुरी, बाल्मिकी यादव आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## गणेश पूजा महोत्सव कमेटी का हुआ पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के सुप्रसिद्ध चुन्द्रु धाम में स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में रविवार को प्रखंड क्षेत्र के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गुप्ता एवं संचालन अवध राज ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य, आने वाले कुछ दिनों में, विगत वर्षों से चले आ रहे गणेश पूजा महोत्सव को और भी बेहतर तरीके से मानने एवम् पूजा कमिटी का पुनर्गठन को लेकर किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जागेश्वर दास को अध्यक्ष, रामदेव पासवान को सचिव एवं युवा पत्रकार कुंदन पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में उपस्थित बुद्धिजीवी एवं गण्यमान लोगों ने गणेश पूजा महोत्सव संबंधी होने वाले मेला, भीड़भाड़, लोगों की सुरक्षा एवं मेले में आने वाले कई तरह के झूलों को लेकर कई अहम फैसले लेने की बाते कही गई। आपको बताते चले की गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन विगत एक दशक पहले से होते आ रहा है। यह महोत्सव टंडवा प्रखंड के साथ साथ पूरे जिले के लिए मनमोहक बना हुआ रहता है। पूजा कमिटी का पुनर्गठन होने के उपरांत, कमेटी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग के द्वारा 9 विद्युत लाभार्थी पर हुई प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारिश राखी पंचायत के दरवा गांव एवं गिद्धौर गांव से कल 9 विद्युत लाभार्थियों के प्रति विद्युत अधिकारी सहायक विद्युत अभियंता हरिमोहन चौधरी ने गिद्धौर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसका कांड संख्या 59/23 है। विद्युत लाभार्थियों का नाम मुकेश गिरी पिता तिलक गिरी, कौलेश्वर ठाकुर पिता स्व सरजू ठाकुर, नागेश्वर राम पिता स्व जगरनाथ मोची, महादेव केसरी पिता जागेश्वर साव डढुवा ग्राम निवासी हैं। एवं मुकेश दांगी पिता प्रेम दांगी,बसंत दांगी पिता स्व सुखदेव दांगी, पप्पू कुमार पिता नंदलाल दांगी, कामेश्वर राणा पिता बाढ़ो राणा, राम लखन ठाकुर पिता बाढो ठाकुर गिद्धौर निवासी का नाम दर्ज है।

## फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तिहार



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सुरकाई पाठ में दिन शनिवार को महुआडांड़ थाना पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त जतिन आहिर पिता अग्नु अहिर, बिनीता नागेसिया पति लिवन नागेसिया, लीवन नागेसिया पिता जेमुस नागेसिया के घर पर न्यायलय से प्राप्त इश्तेहार को चिपकाया। इस सम्बन्ध में एस आई एम डी जाफर अंसारी ने बताया कि तीनो में पॉस्को एक्ट का मामला है। इन लोगो को काफी ढूंढने का प्रयास किया है हालंकि तीनों नहीं मिले। इसके कारण न्यायलय इश्तहार निर्गत किया गया। इश्तेहार चिपकने के बाद 30 दिनों के आवधी में आत्म समर्पण करना है। नहीं करने में कुर्की जब्ती की जाएगी। वहीं इश्तहार चिपकाने में मुख्य रूप से एस आई एमडी जाफर, एसआई रोशन कुमार एवम् दल बल के जवान शामिल थे।

## आदिवासी समन्वय समिति का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड अंतर्गत आदिवासी समन्वय समिति का समीक्षा बैठक रविवार को आदिवासी वासा ओड़ा लातेहार में गया। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक मंडल एडवोकेट बिरसा मुंडा ने किया इस बैठक में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को आक्रोश दिवस के रूप में मनाया गया था उस कार्यक्रम में सामाजिक स्तर पर जो भी आय व्यय किया गया था उसका लेखा-जोखा समिति के द्वारा पेश किया गया। आदिवासी सामान्य समिति का आगामी बैठक 25 अगस्त 2023 को रखा गया है। सर्व समिति से पारित किया गया की आगामी बैठक में आदिवासी समन्वय समिति को विस्तार करने का बातें कही गई। गांव स्तर पर प्रचार प्रसार कर समिति गठन किया जाएगा। समिति के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि हमारे लोगों के ऊपर लगातार हो रहे हैं अत्याचार शोषण के विरुद्ध संवैधानिक स्तर पर किस तरह से एकजुट होकर के अपना हक अधिकार के प्रति बोलना है। बालूमाथ में माफियाओं के आड़ में भोले भाले आदिवासियों को बेवजह परेशान एवं झूठे केसों में फसाने का साजिश रचा जा रहा है इस पर आदिवासी समन्वय समिति घोर निंदा करती है। मौके पर मुखिया प्रवेश उरांव सर्वजीत उरांव सेलेस्टीन कुजूर लाल मोहन सिंह चमरू उरांव आर्सेन तिर्की राजेश उरांव सरोज लोहरा रंथु उरांव महेंद्र उरांव राजेश्वर उरांव धनलाल उरांव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई संपन्न अध्यक्ष बने कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत ठाकुरबाड़ी में होने वाली सार्वजनिक दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता काशीराम दांगी ने किया।एवं संचालन परमेश्वर दांगी ने किया। बैठक में अनेकों बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही साथ कुछ लोगों के द्वारा बैठक की संबोधन करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा में जो अध्यक्ष पद के लिए चयनित होते हैं। उन्हें 10 पौधा लगाने की जरूरत है। ताकि पर्यावरण को सुरक्षित हो सके।उसके बाद अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों का नाम प्रस्ताव में आया। पहला कमलेश कुमार दांगी एवं दूसरा नाम चरित्र दांगी का नाम आया। सर्व समिति से कमलेश कुमार को अध्यक्ष पद के लिए पारित किया गया। साथ ही साथ दुर्गा पूजा में डांडिया नृत्य, ड्रामा, संगीत कार्यक्रम करवाने की प्रस्तुति पारित की गई। बैठक में उपस्थित गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी समाजसेवी व ब्राह्मण समाज के जिला कार्यकारिणी सदस्यय दुनंदन पांडेय जिला परिषद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुशवाहा पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश दांगी निरंजन दांगी देवनारायण दांगी भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी लखन दांगी बंसी दांगी सेवानिवृत्त कीरानी नागेश्वर दांगी गेंदलाल दांगी देवदीप पासवान कैलाश कुमार दांगी विकास कुमार जितेंद्र ठाकुर अमेरिका प्रसाद दांगी एवं दर्जनों समाजसेवी लोग उपस्थित थे।

## बिजली चोरी मामले में सात नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली चोरी मामला में विभागीय कारवाई के दौरान सेरेंगहातू तोड़ार एवं सीठीयो ग्राम के सात नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार एवं सीठीयो में बिजली विभाग लोहरदगा के तत्वधान छपेमारी दल गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया। छपेमारी अभियान में मुख्य रूप से सहायक विधुत अभियंता अंजू कच्छप विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के अलावे मनरेगा अभियंता सह प्रतिनियुक्त दण्डधिकारी ग्रीन प्रसाद,सारणी पुरुष,सुबोध कुमार सिन्हा विधुत आपूर्ति प्रशाखा लोहरदगा से आसिफ अंसारी,मानव दिवस कर्मी अमित कुमार, भोला कुमार साहू, रंजीत उराँव के अलावे स0अ0नि0 बिरेन्द्र बाखला शस्त्र बल के साथ शामिल थे.छपेमारी के दौरान सेरेंगहातू ग्राम में नंदकिशोर साहू के घरेलू मीटर से बाईपास कर होटल में व्यवसायिक को लेकर विधुत ऊर्जा चोरी किया जा रहा था। जिसपर 37469 रुपया तथा रीता देवी पति राम कुमार के विरुद्ध एल टी लाइन से टोका फसा कर विधुत ऊर्जा चोरी पर 20412 रुपया तथा तोड़ार में सलीम अंसारी पिता बादो अंसारी के विरुद्ध एल टी लाइन से टोका लगा कर विधुत ऊर्जा चोरी पर 22995 रुपया जमशेद अंसारी पिता हस्मत अंसारी के विरुद्ध 34493 रुपया का क्षतिपूर्ति राशि को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जबकि सीठीयो में देवगन बैठा पिता स्वर्गीय महेश बैठा के विरुद्ध 20995 रुपया विशाल कुमार साहू पिता स्वर्गीय राजेन्द्र साहू के विरुद्ध 22995 रुपया तथा बजरंग साहू पिता पंचू साहू के विरुद्ध 22995 रुपया का क्षतिपूर्ति राशि भुगतान को लेकर सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज बिजली विभाग द्वारा कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा सात नामजद आरोपीयों के विरुद्ध विधुत ऊर्जा चोरी मामला में विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिसको लेकर पुलिस नियम संगत कारवाई करने में जुट गई है।

## हरिजन तुरी टोला में गहराया पेयजल संकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के सासंग पंचायत स्थित हरिजन तुरी टोला में इन दिनों पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। लोग पेयजल के लिए दरबदर के ठोकरे खाने को विवश है। जबकि सरकार के द्वारा जल नल योजना के तहत हरिजन टोला में बोरिंग निर्माण कार्य कराया गया था इसके बावजूद भी लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।लोग आधा किलो मीटर दूर से पानी लाने के लिये मजबूर हैं।ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार जैसे तैसे बोरिंग कर यहां से रफूचक्कर हो गए। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति के पास गए और अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि हरिजन टोला में पानी की सुविधा नहीं होने के कारण हम लोगों को पानी पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि 20 घरों में जो कनेक्शन दिया गया था उसमें एक भी बूंद पानी नहीं निकला।इस सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ।इस विषय में पेयजल विभाग के अधिकारी से बात कर निदान करने का प्रयास किया जाएगा।

## कांग्रेस ने मनाया पूर्व पीएम राजीव गांधी का जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्व. राजीव गांधी की जंयती प्रखंड स्थित कांग्रेस कार्यालय में मनायी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, प्रखड उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने स्व. राजीव गांधी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यो के बारे में बताया और उनके आदर्शो पर चलने को कहा। वही प्रखड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने कहा कि राजीव गांधी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की शुरुआत कि थी जिसमे आज हजारो गरीब, दलित, आदिवासी के बच्चे पढते हैं, कंपयूटर युग की शुरुआत उनके द्वारा की गई थी जिसे हमे आगे लेकर चलना है। प्रखंड उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि आज जो देश का हालत है। उसे बदलने के लिए हमे स्व. राजीव गांधी कि सोच को घर घर में जिंदा करना होगा। मौके पर पंकज पासवान, संजीव सिंह, गोपाल चंद्रवंसी, सुभम दुबे समेत सैकडो लोग मौजूद रहे।

## हाईवा ऑनर एसोसिएशन ने किया शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला हाईवा ऑनर एसोसिएशन द्वारा रविवार को न्यू बस स्टैंड के प्रांगण में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू के आकस्मिक निधन के बाद उनके आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया। वही उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कि। हाईवा ऑनर एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद साहू के निधन से हाईवा ऑनर काफी दुखी है उनके कार्यकाल में एसोसिएशन अपने हक व आधिकार के लिए कई आंदोलन किया एवं सफलता पाई थी। उनके द्वारा किए गए कार्य को बुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर हाईवा ऑनर गोपाल सिंह, देवपाल प्रसाद, गौतम कुमार, शंभू राम, मोहम्मद इरफान, मंटू यादव, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद अफरोज, दिनेश यादव, हरदयाल यादव, विकास कुमार, सोनू कुमार, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद अयूब, संतोष राणा, मो मनौवर, संदीप यादव, मोहम्मद मुजम्मिल, समित के लोग मौजूद थे।

## जर्जर सड़क व नाली की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण

**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गावा टोला चट्टी पार के ग्रामीणों ने सड़क व नाली की समस्या को लेकर रविवार की शाम स्थानीय मुखिया विजय बैठा का विरोध किया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर बताया कि इस पंचायत का मुखिया विजय बैठा है जो लगातार मुखिया बने रहे है। परंतु एक बार भी गांव में आकर ग्रामीणों की समस्या के बारे में वह जानकारी नहीं लेते हैं।यहां की मुख्य समस्या सड़क, पानी, नाली को लेकर है। इस गाँव मे जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से गांव के मुख्य मार्ग पर जलजमाव की समस्या बनी रहती है। मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में न तो सड़क का निर्माण हो रहा है और न ही नाली का। थोड़ी सी बरसात हो जाने से रास्ते मे पूरा पानी भर जाता है क्योंकि यहां पर जलनिकासी के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जल निकासी नही होने के कारण रास्ते पर जलजमाव से सड़क पर बड़े-बड़े गढ्डे बन गए हैं। इसमें लोग गिरकर आए दिन चोटिल हो रहे है। रास्ते पर हमेशा गंदा पानी बहता रहता है।ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। सड़क के किनारे नाली तो बना हुआ है परंतु पानी निकासी का कोई साधन नहीं है, इसके वजह से थोड़ी सी पानी होने पर पानी सड़क पर भरा रहता है। इससे मार्ग पर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कच्ची सड़क होने से रात के अंधेरे में कई लोग इस रास्ते से होकर आने जाने में गिर कर घायल भी हो चुके हैं। यहां की सुविधाओं को देखकर ऐसा लगता है कि ना ही ढंग की सड़क और ना ही जल निकासी की सुविधा।इस टोले में स्ट्रीट लाइट भी नही लगी है। इस कारण यह पर रात में अंधेरा पसरा रहता है। समाजसेवी राहुल पासवान ने कहा कि यहां के स्थानीय ग्रामीण नाली और सड़क की समस्या से कई बार स्थानीय मुखिया विजय बैठा और जिला परिषद फैजल अहमद को आवेदन देकर अवगत कराया गया है, इसके बाद भी इनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जयंती समारोह का कांग्रेस कार्यालय में हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** देश के बहुत ही मजबूत आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न से विभूषित स्व राजीव गांधी जी की 79 वीं जयंती कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। इस विशेष मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 से 1991 के बीच राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे. इन पांच वर्षों में ही इस युवा प्रधानमंत्री ने अपने कार्यों से देश की जनता के दिलोदिमाग में अमिट छाप छोड़ी. एक ही कार्यकाल में कई ऐसे कार्य किए, जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है. युवा सोच वाले राजीव गांधी को 21 वीं सदी के भारत का निर्माता भी कहा जाता है। 40 वर्ष में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखने की दिशा में काम किया। यह राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने भारत में दूरसंचार क्रांति लाई. आज जिस डिजिटल इंडिया की चर्चा है, उसकी संकल्पना राजीव गांधी अपने जमाने में कर चुके थे। उन्हें डिजिटल इंडिया का आर्किटेक्ट और सूचना तकनीक और दूरसंचार क्रांति का जनक कहा जाता है. राजीव गांधी की पहल पर अगस्त 1984 में भारतीय दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सेंटर पार डिवेलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स की स्थापना हुई. इस पहल से शहर से लेकर गांवों तक दूरसंचार का जाल बिछना शुरू हुआ। जगह-जगह पीसीओ खुलने लगे। जिससे गांव की जनता भी संचार के मामले में देश-दुनिया से जुड़ सकी। फिर 1986 में राजीव की पहल से ही एमटीएनएल की स्थापना हुई, जिससे दूरसंचार क्षेत्र में और प्रगति हुई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक, जिला महासचिव सुधीर दुबे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, जिला महासचिव के कौशर, जिला महासचिव राजवीर, नगर उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी, सिमरिया युवा विधानसभा अध्यक्ष अरुण यादव, मिथलेश साहू, नगर अध्यक्ष संतोष केशरी, जिला महासचिव इकबाल अंसारी, गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, सेवा दल अध्यक्ष रंजन पांडे, कार्यालय प्रभारी अज्जीमुद्दीन ख्यावजा, ब्रह्मदेव पासवान, प्रवक्ता प्रमोद त्रिवेदी, रोहन यादव, कुलदीप पांडे, मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79 वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ कांग्रेस कमिटी के द्वारा स्व राजीव गांधी का 79 जयंती मनाई गई। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात ने कहा की स्वश राजीव गांधी को भारत में संचार क्रांति का जनक कहा जाता है। राजीव गांधी वैसे जननायक थे जो आज भी लोगों के दिलो में बसते हैं। उन्होंने संचार क्रांति के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने नौजवानों को मताधिकार, पंचायती राज की स्थापना, महिलाओं की सुरक्षा एवम सरकारी नौकरियों में उचित स्थान दिलाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए।जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर्रहमान ने कहा कि राजीव गांधी कांग्रेस शासन काल में अक्टूबर, 1984 से लेकर दिसंबर 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे थे। भारत जब गुलामी की जंजीरों को तोड़कर स्वतंत्रता की खुशियां मना रहा था, तब राजीव गांधी महज तीन वर्ष के थे। गौरतलब है कि राजीव गांधी आजाद भारत के सबसे कम उम्र में देश के पीएम बने थे। राजीव गांधी स्वभाव से बेहद सरल व सीधे थे। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर ने कहा की राजीव गांधी का व्यक्तित्व इतना बड़ा था कि उन्हें सिर्फ राजनीतिक व्यक्ति के रूप में आंकना न्यायोचित नहीं होगा। वस्तुतः वे चिंतक थे, विचारक थे और सच्चे लोकतंत्रवादी थे। पंजाब, असम और मिजोरम समझौते किए, जिससे इन प्रदेशों में वर्षों से चल रही उथल-पुथल, अशांति एवं हिंसक गतिविधियों पर विराम लगा और हजारों अलगाववादी- उग्रवादी भी समाज की मुख्य धारा से जुड़े। इस जयंती में मो आकिब, विनोद भुइंया, गोबिंद, वाशिम, साजिद, साबिर, समीर इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिविल जज जूनियर डिवीजन नियुक्ति विज्ञापन त्रुटिपूर्ण : संजय मेहता

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : संजय मेहता ने सीएम को एक पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति परीक्षा विज्ञापन में कई खामियाँ हैं।ओबीसी को उम्र सीमा में छूट नहीं दी गयी है। साथ ही उम्र सीमा का कट ऑफ 2023 की जगह 2018 करने की माँग की गयी है। इसके साथ ही पत्र में अन्य माँगे भी की गयी है।

पत्र में उन्होंने विषय का उल्लेख करते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 22/2023 के संदर्भ में तथ्यों के साथ बिंदुओं को रखा है।सीएम हेमन्त सोरेन से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा है कि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 22/2023 विज्ञापन जारी किया गया है। यह विज्ञापन झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नियमित नियुक्ति परीक्षा के लिए जारी किया गया है।पत्र में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक- 791 दिनांक- 10.02.2023 द्वारा अधियाचित एवं संसूचित रिक्तियों के अनुरूप झारखण्ड न्यायिक सेवान्तर्गत 卐सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के 138 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु जारी इस विज्ञापन में संवैधानिक एवं कानूनी बिंदुओं के आधार पर त्रुटियों का उल्लेख है।

**क्या हैं पत्र के मुख्य बिंदु** : श्री मेहता ने लिखा है कि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा अभी तक सिर्फ चार बार ही झारखंड न्यायिक सेवा अंतर्गत झारखंड ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की परीक्षा का आयोजन हुआ है। पहली परीक्षा 2008, दूसरी परीक्षा 2014, तीसरी परीक्षा 2016 और चौथी परीक्षा 2018 में आयोजित हुई है।2018 के बाद अब 2023 में यह परीक्षा आयोजित हो रही है। ऐसे में उम्र सीमा में छूट देना विधिक तौर पर उचित प्रतीत होता है। क्योंकि पाँच सालों तक परीक्षा आयोजित ही नहीं हुई। जबकि इस परीक्षा में ओबीसी को उम्र सीमा में कोई भी छूट नहीं दी गयी है। ऐसे में सभी को अवसर नहीं मिल पाएगा।जबकि पड़ोसी राज्य बिहार ने झारखंड से अलग होने के बाद से ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की परीक्षा आठ बार आयोजित की है। साथ ही एसटी, एससी, ओबीसी को उम्र सीमा में पाँच साल की छूट भी दी है।उन्होंने कहा है कि जेपीएससी द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 22/2023 में उम्र सीमा का कट ऑफ डेट 31.01.2023 निर्धारित किया गया है। क्योंकि पिछले पाँच सालों में नियुक्ति हुई ही नहीं है ऐसे में उम्र सीमा का यह कट ऑफ डेट उचित नहीं प्रतीत होता है। यह अवसर की समानता के संवैधानिक अधिकार के विरुद्ध है।

**बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 का हवाला** : संजय मेहता ने लिखा है कि बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 85 में विधियों के अनुकूलन की शक्ति है। तथा धारा 86 में विधियों के अर्थान्वयन कि शक्ति का प्रावधान है। अर्थात बिहार राज्य में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की भर्ती से संबंधित एसटी, एससी, ओबीसी तथा महिलाओं की आरक्षण तथा उम्र सीमा में छूट की जो व्यवस्था है। उसी उम्र सीमा और छूट को झारखंड में लागू किया जा सकेगा। तथ्यों के आधार पर लाखों छात्रों की ओर से सरकार से माँगे भी रखी है।

उन्होंने कहा है कि झारखण्ड न्यायिक सेवा अंतर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की परीक्षा में एसटी, एससी, ओबीसी, सामान्य वर्ग के सभी अभ्यर्थियों के उम्र सीमा में वृद्धि की जाए।साथ ही सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के तुलना में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष अतिरिक्त उम्र सीमा में छूट दी जाए। साथ ही ओबीसी को केंद्र की भांति 27 प्रतिशत वर्टिकल आरक्षण की व्यवस्था की जाए।झारखंड न्यायिक सेवा की परीक्षा में सीएनटी एक्ट 1908 एवं एसपीटी एक 1949 विषय को जोड़ने की बात पत्र में कही गयी है।झारखंड न्यायिक सेवा की परीक्षा में चयन हेतू उम्र सीमा के लिए कट ऑफ डेट 31.01.2023 के स्थान पर 31.01.2018 करने की माँग की गयी है। ताकि अन्य अभ्यर्थियों को भी मौका मिल सके।झारखंड न्यायिक सेवा की परीक्षा प्रत्येक वर्ष लेने हेतू एक स्पष्ट नियमावली बनाने की भी मांग की गयी है।उन्होंने सीएम से कार्मिक, प्रसाशनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड सरकार को उचित परामर्श देते हुए संशोधित अधियाचना झारखंड लोक सेवा आयोग को भेजने का अनुरोध किया है। साथ ही यह भी अनुरोध है कि वर्तमान विज्ञापन को रद्द करते हुए जल्द से जल्द जेपीएससी द्वारा संशोधित विज्ञापन जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

**क्या कहते हैं संजय मेहता** : संजय मेहता ने कहा कि मैं भी कानून का छात्र हूँ। एलएलबी के बाद फिलहाल एलएलएम कर रहा हूँ। न्यायिक सेवा के लिए मंगाए गए आवेदन के विज्ञापन में कई त्रुटियां हैं। ऐसे में कई नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। हमलोग लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके बावजूद भी सरकार इतनी बड़ी गलती करेगी तो छात्र कहाँ जाएंगे। न्यायिक सेवा में भी अन्याय होने लगेगा तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। सरकार जल्द त्रुटि दूर कर तुरंत विज्ञापन जारी करे।

### कोल खनन कंपनियों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को मिला विधायक अंबा प्रसाद का साथ

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के विरोध में लगातार 131 वें दिन ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद इस दौरान ग्रामीणों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंची। विधायक अंबा प्रसाद का गाजे बाजे के साथ महिलाओं ने माला पहना कर स्वागत किया। एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना, अदानी गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना और जेएसडब्ल्यू मोतरा कोल खनन परियोजना के विरोध में ग्रामीणों ने नारेबाजी की और उक्त तीनों कोल खनन परियोजना को रद्द करने का मांग किया। ग्रामीणों ने कहा के चाहे परिस्थिति भी हो जाए हम जमीन नहीं देंगे।

विधानसभा में गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के विषय पर सवाल उठाने और ग्रामीणों के आवाज को सदन तक पहुंचाने पर ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद को धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने कहा के हमें भरोसा है के अंबा प्रसाद ही ग्रामीणों को न्याय दिलाएंगी।

ग्रामीणों ने कहा के जिस तरह से मानसून सत्र में संबंधित मंत्री ने जवाब दिया के गोंदलपुरा में ग्रामसभा पारित हो गया है ये सरासर गलत है। जब भी ग्राम सभा या आम सभा के लिए समय दिया गया उसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया और अधिकारी लिखित रूप से ग्रामसभा स्थगित कर वापस गए। गोंदलपुरा की जमीन को सर्वे में बहुफसला न मानना भी लोकतंत्र की हत्या है। पूरे बड़कागांव में धान की रोपाई अभी तक सही से नही हुई है वहीं गोंदलपुरा में 99 प्रतिशत धान की रोपाई हो गई है और धान लहलहा रहा है। ग्रामीणों ने ग्रामसभा पारित करने और गोंदलपुरा के जमीन को बहु फसला न मानने की जांच की मांग की है।

अंबा प्रसाद ने कहा के मॉनसून सत्र में मेरे द्वारा उठाए गए प्रश्न पर जवाब देते हुए संबंधित मंत्री ने जवाब दिया के इसका जांच करवाया जाएगा। गोंदलपुरा की जमीन को बंजर बताना और बहुफसला न मानना ये दर्शाता है के अधिकारी स्थल जांच ना करके टेबल पर रिपोर्ट बना के भेज दिए हैं इसकी भी जांच जल्द होगी। अंबा प्रसाद ने कहा के मैं आपकी बेटी हूं बहन हूं आप जब मुझे बुलाएंगे मैं आऊंगी। जब भी जहां भी मेरी जरूरत होगी मैं ग्रामीणों के साथ हूं।

अगर ग्रामीण इसी तरह से एकजुट रहे तो कोई भी कम्पनी आपकी जमीन नहीं छीन सकता है। ग्रामीणों ने कहा के प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमा ग्रामीणों के ऊपर किया जा रहा है। अंबा प्रसाद ने ग्रामीणों से कहा के आप सारे तथ्यों को मेरे पास रखें मैं प्रयास करूंगी के कोई भी निर्दोष किसी फर्जी केस में न फंसे।

मेरे पिता योगेंद्र साव और माता निर्मला देवी बड़कागांव के जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए सालो तक जेल में रहे हैं। मैं जमीन बचाने की आपकी जो लड़ाई है उसमें हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, शमशेर आलम, परमेश्वर महतो, कृष्णा राणा, आशीष चक्रवर्ती, विकास महतो, नरेश यादव, सुजीत महतो, विनोद महतो, सहदेव यादव, चंदन महतो, बालेश्वर यादव, गृजा भुइयां, सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## हजारीबाग में टीम खेल संघ का हुआ पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मेन रोड़ स्थित इंद्रलोक टॉवर सभागार में रविवार को तीन खेल एसोसिएशन का एजीएम संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग खो-खो संघ के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार ने किया। आब्जर्वर के रूप में सुबोध कुमार और राजकुमार साव रहें। इस महत्ती बैठक में भतार मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड खो- खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद उपस्थित रहें ।जिसमें हजारीबाग जिला खो-खो संघ, हजारीबाग जिला जम्प रोप संघ और हजारीबाग जिला नेट फुटबॉल संघ की बैठक हुई। जिसमें तीनों संघ के पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नवीन कमिटी का गठन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष करण जायसवाल को बनाया गया। वहीं सचिव आलोक कुमार, उपाध्यक्ष कुणाल कुमार उर्फ़ हैप्पी, कोषाध्यक्ष रोशन ऐलन मरांडी को फेडरेशन से चुना गया ।वहीं हजारीबाग जिला जंप रोप संघ का अध्यक्ष संगीत सोनल, सचिव समीर कुमार अम्बष्ठ, कोषाध्यक्ष कुमार राजा और उपाध्यक्ष राजकुमार साव को चुना गया। हजारीबाग जिला नेट फुटबॉल संघ का अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, सचिव राजकुमार साव, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार और उपाध्यक्ष मंसूर आलम एवं कोलेश्वर गोप को चुना गया ।

## सरकार दिवंगत पत्रकार के परिवार को दे एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता : राशिद अली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** इंडियन रिपोर्ट्स एसोसिएशन(ईरा) युपी ने बिहार के पत्रकार विनय कुमार यादव की हत्या पर कड़े शब्दों में आक्रोश व्यक्त किया हैं। साथ ही बिहार सरकार तथा केंद्र सरकार से पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता के साथ ही उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की हैं। आज प्रदेश कार्यालय पर ईरा युपी प्रदेश अध्यक्ष राशिद अली ने पत्रकारों के साथ आयोजित बैठक में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धाजली दिया। साथ ही बिहार सरकार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहां कि आज ऐसा समय आ गया हैं, कि राष्ट्र का चौथा स्तम्भ ही सुरक्षित नहीं, आज पत्रकारों के साथ मे जुल्म किया जा रहा हैं, पत्रकारों की आज़ादी पर अंकुश लगाया जा रहा हैं, यहां तक कि अब पत्रकारों कि हत्या भी होने लगी हैं, श्री अली ने सभी पत्रकारों से कहां कि अब वह समय आ गया हैं, जब सभी को एकजुट हो जाना चाहिए, अगर हम एकजुट नही हुए तो पत्रकारों का उत्पीड़न कम नहीं होगा, आपसी मदभेद को खत्म करते हुए पत्रकार साथी एकता का परिचय दें। मौके पर मुख्य रूप से पत्रकार राजेश सिंह, जिब्राइल खान, आदेश कुमार, अहमद खान, मोहम्मद क़ासिम, रूप नारायण, सुमन, मोहम्मद अकील, दिलशाद फैजी, मोहम्मद सलमान, जगमोहन सिंह, आदि उपस्थित थे।

## 21 अगस्त को अंबा प्रसाद का कैथा प्राचीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक करेंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुरे राज्य समेत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली की कामना के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद पवित्र श्रावन मास की सप्तम सोमवारी दिनांक 21 अगस्त को पूर्वाहन 4.00 बजे प्राचीन शिव मंदिर कैथा रामगढ़ में रुद्राभिषेक करेगी अंबा प्रसाद श्रावन मास के अंतिम सोमवारी तक अनेकों प्राचीन मंदिरों में रुद्राभिषेक में भाग लेगी। साधु संतो के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना किया जायेगा। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आदि देव महादेव की कृपा सभी पर बरसे और क्षेत्र समेत राज्यवासियों का कल्याण हो इसके लिये शिवालयों में पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सहिष्णुता कायम हो और शोषण मुक्त समाज का निर्माण हो इसकी कामना को लेकर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस अनुष्ठान में भाग लेने का आहवान किया है।

## डिजिटल इंडिया की आधारशिला पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रखी थी : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड पोटमदगा में कैलाश कोचिंग सेंटर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही राजीव गांधी जयंती पर 100 बच्चों के बीच किताब, कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, स्लेट, पेंसिल, स्टांप बाक्स आदि का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक थे। राजीव गांधी आज इस दुनिया में नही है लेकीन लोकप्रिय जननेता और प्रधानमंत्री के रूप् मे देश को विकास पथ पर ले जाकर अंतराष्ट्रीय जगत मे उन्होंने भारत को आधुनिक खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने मे बिशेष भूमिका निभाई। राजीव गांधी ऐसे भगीरथ थे जो विकास गंगा की अविरल धारा को हिमालय से कन्याकुमारी तक ले जाना चाहते थे उनहोंने अपनें निष्कंटक सार्वजानिक और राजनीतिक जीवन में जिस भूमिका का निर्वहन किया उसमें वे पुर्ण रूप से कुन्दन की तरह खरे उतरे।व राजीव गांधी भारत मे सूचना प्रौद्योगिकी के सूत्रधार थे आज जिस डिजिटल इंडिया की बात पुरा देश कर रहा है। उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी। उन्होंने संचार क्रांति का शंखनाद किया और देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक बने जन मानस मे सर्वप्रिय जन नेता की अमिट छाप छोड़ी। मौके पर उत्तम कुमार दुधेश्वर कैलाश कुमार रोशन कुमार बबलू कुमार आदि।

## दो दिनों से युवक लापता, थाना में दर्ज कराया सनहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 22 वर्षीय युवक पिंटू कुमार पिता बासुदेव प्रसाद दो दिनों से लापता है। जानकारी देते हुए लापता युवक के पिता बासुदेव प्रसाद पिता स्व बिहारी महतो ग्राम कोरियाडीह ने बरही थाना में आवेदन देकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही को अवगत करवाया कि उनका पुत्र 18 अगस्त को शाम लगभग 7 बजे से लापता है, काफी खोज बिन किया लेकिन उसका पता अब तक नहीं चल पाया है। उन्होंने बरही थाना में सनहा दर्ज करवाते हुए खोज बिन की गुहार लगाई है। इस बाबत स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के साथ पीड़ित परिवार बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर से मिलकर युवक की बरामदगी की गुहार लगाई है। मौके पर अनिल कुमार, महेश प्रसाद, बबलू कुमार, आदित्य कुमार, मीणा देवी, किरण देवी, शांति देवी मौजूद थे।

## राजीव गांधी की 79 वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धये स्व.राजीव गांधी की 79 वीं जयंती पीटीपीएस पतरातू स्थित प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कु.पटेल के आवासीय कार्यालय में एक सादे समारोह के साथ मनाया गया। मौके पर सुजीत पटेल ने कहा कि स्व.राजीव गाँधी ने ही प्रधानमंत्री रहते हुए भारत को सर्वप्रथम संचार क्राँति और प्रौद्योगिकी क्राति तथा कंप्यूटरीकरण जैसे उपलब्धियां दी,स्वर्गीय गांधी ने हीं युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार पंचायती राज व्यवस्था सहित श्रीलंका शांति समझौता एवं असम समझौता,पंजाब एवम मिजोरम समझौता जैसे कई साहसिक कार्य अपने छोटे से कार्यकाल में किए। जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल,वरीय कांग्रेसी अंजन प्रसाद, उपेंद्र यादव,संजीव सिंह,अनिल कुमार,दिनेश कुमार दास, धीरज पटेल,अमित कुमार, ओंकार,शुभम, राज,दिव्य प्रकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुजू में झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ जगेश्वर-पलानी परगना की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ जगेश्वर-पलानी परगना की बैठक वाईआरसी क्लब कुजू में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के पूर्व केंद्रीय महासचिव धनेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, खोखेंद्र प्रसाद साहू, भीम प्रसाद साहू, प्रभु साहू, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, परमेश्वर साहू, दिलीप साहू, उमेश प्रसाद, गणेश साहू, संजय साहू शामिल रहे। बैठक में समाज उत्थान समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आपसी सहयोग व सेवाभाव के तहत समाज हित में कार्य करने की बात कही गई। बैठक के दौरान आगामी 22 अगस्त को होने वाले कुजू ग्राम कमेटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही, सदस्यता अभियान तेज करने की बात कही गई। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने कहा कि समाज का उत्थान के लिए संघ हमेशा तैयार है।आप सभी लोगों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा है। तभी हमारा समाज सशक्त होगा। उन्होंने कुजू ग्राम कमेटी के गठन को लेकर कई आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए डोर तो डोर जनसंपर्क करने की बात कही। बैठक के दौरान कई वक्ताओ ने समाज हित में अपना अपना मंतव्य दिया। मौके पर केंद्रीय सदस्य लखन प्रसाद, रतन प्रसाद, मोती प्रसाद, जनक प्रसाद, खिरोधर प्रसाद,मनोज प्रसाद, रवि साहू, राजेश प्रसाद, मनीष कुमार, महादेव प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद, संतोष प्रसाद, राजेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, सीताराम प्रसाद, बिनोद प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद, संजय प्रसाद, उमेश प्रसाद, सूरज प्रसाद, अमरजीत कुमार साहू मौजूद रहे।

## सदर विधायक ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड के बेहरी पंचायत स्थित ग्राम बेहरी अवस्थित हेट टोला में विधायक निधि की राशि करीब साढ़े बारह लाख़ रुपए की लागत की सामूदायिक भवन का शुभ शिलान्यास सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। शिलान्यास के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। ग्रामीणों के सार्वजनिक आग्रह पर उन्होंने यहां निर्माणाधीन मंदिर के सौंदरीकरण में हर संभव सहयोग के साथ स्थानीय महिला जागरण समिति को बाध्य यंत्र उपलब्ध कराने का वादा भी किया ।

मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की सामुदायिक भवन समाज हित के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। ग्रामीण अपने किसी भी सामाजिक और व्यक्तिगत कार्य- प्रयोजन का निष्पादन यहां कर सकेंगे । मौके पर सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, सदर मंडल पश्चिमी अध्यक्ष रंधीर पाण्डे, महामंत्री दमोदर प्रसाद, बजरंग दल जिला प्रमुख नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू, मोहन कुमार, धीरज कुमार, देवकी राणा, बसंती देवी, मोहन प्रसाद, टिवंकल देवी सहित सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें ।

## पतंजलि योग समिति ने प्रशिक्षित सह योग शिक्षकों का प्रमाण पत्र वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी बाजार टांड मे रविवार को पतंजलि योग समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी बासुदेव कुमार ने किया। बैठक मे मुख्य अतिथि जिला संयोजक प्रमोद लाल, विशिष्ट अतिथि युवा प्रभारी ठाकुर प्रसाद उपस्थित थे। इस दौरान प्रमोद लाल ने कहा की योग से समस्त रोग दूर होता है, इसलिए लोगों को योग करना चाहिए। वहीं ठाकुर प्रसाद ने कहा की आज के युग में कई प्रकार के रोगों का आगमन हो रहा है। उससे बचाने के लिए एक ही उपाय है योग करना। उन्होंने योग शिक्षको को योग से उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दिया। वहीं बासुदेव कुमार ने कहा की जो रोज दिन योग करता है उसको रोग होता ही नही। योग के डर से रोग दूर भागता है। इस लिए लोगों को ब्रह्म मुहूर्त मे उठकर खुले मैदान में योग करना चाहिए। बैठक के अंत में अतिथियों के हाथों प्रशिक्षित योग शिक्षकों को सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर पतंजलि प्रभारी दिनेश मुंडा, महिला प्रभारी सुषमा देवी, सरिता देवी, नागेंद्र महली, बंटी कश्यप, महेंद्र मुंडा, राम नारायण महतो, पूनम कुमारी, तनु कुमारी, रूना कुमारी, प्रीति कुमारी, आरती कुमारी, पिंकी कुमारी, राधिका कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## चलंगा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सरस्वती युवा क्लब चलंगा में आयोजित दस दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता समपन्न हुवा। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया रामचंद्र टुडु आदि उपस्थित रहे। खिताबी भिंड़त मेजबान चलंगा व बरकठा प्रखण्ड के पाटीदरी टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पाटीदरी टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में मेजबान चलंगा को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि खेल जीवन मे अनुसाशन सिखलाता है, खेल से शारिरिक व मानशिक विकास होता है। शारीरिक रूप से फिट युवक अपने कैरियर के मार्ग को परास्त करते है। उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि फुटबॉल खेल सामूहिक एकता का परिचायक है। रमेश ठाकुर ने विजेता टीम को बधाई व पराजित टीम को भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजक मण्डल अध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष मुन्ना यादव, उपाध्यक्ष दिनेश पंडित, कोषाध्यक्ष अनुज यादव, सचिव विनय यादव, उप सचिव मेघलाल सिंह आदि ने महती भूमिका निभाया। मौके पर युवा भाजपा नेता संतोष यादव, अमर यादव, विजय यादव, भोला रजक, बीरेंद्र यादव, मनोज राणा, सचिन यादव, मोनु यादव, अविनाश यादव सहित अन्य।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# झारखंड भुईयां समाज ने बैठक कर विनीता के हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग रखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा रोलर चौक में रविवार को झारखंड भुईयां समाज विकास समिति के द्वारा बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता झारखंड भुईयां समाज के जिला सचिव गोविंद राम भुईयां व संचालन जिला कोषाध्यक्ष गरीबा भुईयां ने की। बैठक में वक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहां कि बीते 15 अगस्त को समाज की बरियातू मसूरिया टोला, थाना गिद्धौर, जिला चतरा की विनीता देवी की हत्या कर जंगल में दफना दिया गया। जिसका भुईयां समाज कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हत्यारे उपेंद्र यादव को जल्द गिरफ्तार करने की मांग चतरा प्रशासन से करती हैं। बताया गया कि वर्ष 2018 में स्वर्गीय विनीता देवी के पति रोहन भुईयां की भी हत्या हजारीबाग जाबड़ा रोड के एक मकान में उपेंद्र और उसके पिता के द्वारा फांसी पर लटकाकर कर दिया गया था। चुंकी विनीता ने पति हत्या को लेकर चतरा एसपी व सीएम को पत्र लिखा था। भुईया समाज के लोगों ने हत्यारे को फांसी देने की मांग की हैं। मांग करने में अनिल भुईयां, विष्णु भुईयां, अर्जुन भुईयां, जगरनाथ भुईयां, कारा भुईयां, सुरैया मामा, छोटन पहाड़, गणेश भुईयां, राजकुमार भुईयां, विक्की भुईयां, रवि भुईयां, रामकुमार भुईयां, संतोष भुईयां, प्रीति देवी रीना देवी, मालती देवी समेत कई शामिल हैं।

# उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्तरीय जांच टीम भी पहुंची जोरडिहा गांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के नावाडीह पंचायत अंतर्गत जोरडिहा गांव में डायरिया से बच्चे की मौत की खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे है।उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्तरीय जांच दल जोरडिहा गांव पहुंच कर कैंप कर रही है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार झा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच कर रही है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार झा ने बताया कि गांव में करीब घर के 279 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान दो लोगों को डायरिया से पीड़ित पाया गया है। उन्हें सामुदायिक केंद्र लाकर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी रेफर कर दिया गया है। वहीं गांव में सभी लोग को दवा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव एवं डायरिया से बचाव हेतु जानकारी दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों को हर संभव मदद उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच कर रही है। टीम द्वारा लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ आवश्यक दवा व सलाह भी दे रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों से लगातार संपर्क में है। ताकि किसी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें जरूरी सलाह के साथ-साथ आवश्यक इलाज मुहैया कराया जा सके।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत के बाला दोहर में मुखिया अनीता देवी ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। इस कैंप में लाभुक अपना-अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया।जिसमें सहिया साथी मंजू देवी एवं साबिया पांडे ने कैंप लगाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी छोटेलाल भुईयां जावेद हुसैन मोहम्मद मिस्टर आलम काफी संख्या में उपस्थित हुए।

## बिंझार में ट्रक ने हाई वोल्टेज बिजली तार को लिया चपेट में, बचे लोग व वाहन चालक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नईसराय- अरगड्डा मुख्य मार्ग के बिंझार पैट्रोल पंप स्थित रविवार दोपहर ढ़ेड़ बजे एक सफेद ट्रक जेएच 24एल 0722 के ऊपर रखे टैंक व कलपुर्जे लोहे के चपेट में सड़क के ऊपर से गुजरा हाई वोल्टेज बिजली तार आ गया। जिससे एकाएक बिजली का तार टूटकर सड़क पर इधर-उधर टुकड़ो में गिर गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली हैं। बिजली तीन घंटे बांधित रही। झारखंड विद्युत विभाग के द्वारा टूटे विद्युत तारों की मरम्मत हुई, तब जाकर हेसला व आस पास ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली सप्लाई सामान्य हुई। लोगों ने बताया कि नईसराय की ओर से एक सफेद रंग का ट्रक जिस पर टंकी और उसके ऊपर लोहे के एंगल में फंसकर हाई वोल्टेज बिजली तार तेज आवाज के साथ टूट गया। इस दौरान सड़क पर चल रहे बच्चे, लोग व वाहन चालक विद्युत के स्पर्श में आने से बाल बाल बच गए। जबकि कुछ क्षणों के लिए सड़क में जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## गिद्दी सामुदायिक भवन में रक्तदान शिविर लगा

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आओ, रक्तपात बन्द कर, रक्तदान करे इस नारे के साथ, थेलोसेमिया मरीजों के लिए गिद्दी समुदायिक भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक पुनम कुमारी ने सदर अस्पताल, रांची से मिलकर थेलोसेमिया के शिकार बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैम्प में सं रक्तदान किए रक्तदाता उपस्थित थे, जो स्वेच्छा आयोजकों में, श्यामली देवी, नीलुदेवी, आकाश महली, चरण महली, विकाश महली, प्रकाश महली उपस्थित थे। रांची, सदर हॉस्पीटल से है डॉक्टर एस मुण्डा, अमनुल्ला, रुपेश, विरसा तिर्की, अनिल बारला, अनुप टर्की आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकता उदयशंकर एवं प्रो0 अर्जुन कुमार मिश्रा, एनएसएस यूनिट जु0 कॉ0 भूरकण्डा ने रक्तदान के महत्व के बारे में सभी को जानकारी दी। मुखिया क पंचायत, गिद्दी सभी को सम्मानित किए।

# पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार के नेतृत्व में भारत रत्न,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सूचना प्रौद्योगिकी के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर पर माला पहनाकर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार ने कहा कि 21 मई 1991, जगह तमिलनाडु का श्रीपेरंबदूर शहर भारी हुजूम के बीच एक जोरदार आत्मघाती बम धमाका होता है.हादसे में कई लोग बुरी तरह जख्मी हो जाते हैं. मगर कुछ देर बाद टीवी पर एक खबर प्रसारित होती है, जो पूरे देश को दहला कर रख देती है. खबर थी हमारे देश के छठे प्रधान मंत्री राजीव गांधी की इस आत्मघाती बम हमले में मौत हो जाती है.भारी भीड़ के बीच एक आतंकी ने उनकी हत्या कर दी।उन्हीं की याद में एक साल बाद,साल 1992 में पहली बार ये खास दिन सद्भावना दिवस मनाया गया था.जो असल में एक जरिया था, राजीव गांधी के आधुनिक दृष्टिकोण, देश की प्रगति में उनके योगदान, भारत में उच्च शिक्षा के आधुनिकीकरण और हर वर्ग के विकास और विस्तार की उनकी सोच को दर्शाने का.आज एक बार फिर हमें ये मौका मिला है कि,हम भी इस खास अवसर पर अपने देश की विकास में,राष्ट्रीय एकता में और सबसे जरूरी सद्भावना बरकरार रखने में अपना योगदान दें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सेमीनुल इस्लाम,प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक, जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला सचिव पप्पू गंगवानी,आदि थे।

# विकास पसंद लोगो को मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार पसंद है : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** देश और राज्य में जब भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो सिर्फ विकास की चर्चा होती है वहीं जब कांग्रेस-झामुमो गठबंधन की सरकार बनती है तो सिर्फ और सिर्फ लूट ,भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की चर्चा होती हैं।उक्त वक्तव्य रविवार को विजय संकल्प यात्रा के दौरान पाकुड़िया में आयोजित विधान सभा स्तरीय एक विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कही। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लूट मचा है।बिना पैसे दिए जनता का कोई कार्य नही होता । राज्य में बेरोजगारी चरम पर है। इलाके के अधिकांश युवा रोजगार की तलाश में अन्य राज्य हिमाचंल प्रदेश, जम्मू,पंजाब,कर्नाटक, तमिलनाडू पलायन कर चुके हैं। लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो पार्टी दलाल पार्टी बन गई है,इसका नेता लूट का सरदार है,बालू लूट,कोयला लूट,पत्थर लूट,जमीन लूट यही इनका मुख्य काम है । सोरेन परिवार का पाकुड़िया के गोलपुर,खक्सा में सैकड़ों बीघा का खदान चल रहा है जिसके देखभाल की जिम्मेवारी राजस्थान मध्य प्रदेश के लोग उठा रहे हैं। ,उन्होंने कहा कि जबकि इस इलाके में खदान की देखभाल करने वालो की कोई कमी नहीं है। दरअसल इस सरकार को विकास से कोई वास्ता नहीं है,जब इस राज्य के मुखिया ही गड़बड़ है तो इस राज्य को भगवान बचाए। श्री मरांडी ने बताया कि आने वाले चुनाव में विकास पसंद लोगो को मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी चाहिए यही निवेदन करने आप लोगो के बीच आया हूं। श्री मरांडी ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनाने का सपना भाजपा ने पूरा किया । संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का काम भाजपा ने किया । आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय केंद्र की मोदी सरकार की देन है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भाजपा की देन है ,गरीबों के लिए मकान प्रधानमंत्री आवास योजना भाजपा की देन है । केंद्र में शामिल आठ आठ आदिवासी मंत्री आदिवासी के हित में कार्य कर रही है।

## रामगढ़ विधायक कार्यालय में स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनायी गयी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधायक कार्यालय में आधुनिक भारत के निर्माता स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जयंती के शुभ अवसर पर जयंती दिवस मनाया गया और कार्यकर्ताओं को उनके कार्यो के विषय में उल्लेख किया गया साथ ही साथ उनके रास्ते में चलने के लिए बताया गया, जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी एवं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष कुमार रोशन उपस्थित रहे, साथ ही ग्रामीण छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी और पेन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी प्रदेश सचिव ताहिर अली, जिला अध्यक्ष अजीत करमाली युवा कांग्रेस पुर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार संतोष पांडे ,जियाउल हक, मेहताब राही, मंडल महासचिव कौसर रजा, उत्तम पटवा, लखेश्वर महतो, मंटू महतो,विनोद करमाली अर्जुन कुमार, सग़ीर अंसारी, प्रदीप महतो, मनीष चिंगारी, रिजवान अंसारी, नेहाल अहमद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिवांगना शिव मंदिर में एक दिवसीय रुद्राभिषेक महायज्ञ कल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड स्थित शिवांगना शिव मंदिर बैहरी ,सखीया के प्रांगण में गोपाल शिवांगना शिव मंदिर सेवा संस्थान के सचिव जानकी महतो, अध्यक्ष रामस्वरूप महतो की अध्यक्षता में एक बैठक की गई ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की , 22 अगस्त दिन मंगलवार को शिव मंदिर में एक दिवसीय श्री रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा , जिसमें पांच आचार्यों द्वारा यज्ञ एवं प्रवचन का कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात भंडारा मे सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह के द्वारा सम्पूर्ण पूजा की सामग्री ,एकता क्लब के अध्यक्ष सिटी गोप के द्वारा खीर वितरण एक सौ क्विंटल का , गोपाल शिवांगन शिव मंदिर सेवा संस्थान के द्वारा एक सौ क्विंटल खीर का वितरण, समाजसेवी गौतम के द्वारा पूड़ी, सब्जी वितरण किया जाएगा।तत्पश्चात संध्या 7 बजे से 9 बजे तक शैलेश कुमार पांडे एवं विशाल कुमार मिश्रा आचार्य के द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम,10 बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जाएगा , जिसमें 13 गांवो के श्रद्धालु शामिल होंगे। बैठक में सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, सखिया पंचायत सरपंच रवि कुमार राम, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, जिला सचिव अशोक महतो, गोपाल शिव मंदिर सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष पूरन महतो, उपाध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा , राजकिशोर रविदास , हुलास महतो, विजय पासवान , विनोद कुमार, संयुक्त उप सचिव अरुण यादव, सचिव रविकांत सिंह , सचिव सुभाष कुमार यादव ,कोषाध्यक्ष सुबल कुमार कुशवाहा, रविंद्र कुमार, संयुक्त सचिव सह पूर्व सरपंच सुभाष यादव , ट्रस्ट अमीन सह लाइब्रेरियन विनोद कुमार साव, पूर्व उप मुखिया उमेश कुमार, दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार, ट्रस्ट के अधिकारी सह एकता क्लब चानो के अध्यक्ष सिटी गोप, गौतम गोप , दुष्यंत कार्तिक,दिलचंद महतो, देवदीप कुमार, संतोष कुमार,गोपाल कुमार, पप्पू कुमार , मनोज ठाकुर,आचार्य डब्लू पांडे उर्फ अवधेश पांडे, अमरजीत पांडे, पुजारी संतोष कुमार एवम प्रधान पुजारी राम स्वरूप महतो, परमेश्वर दयाल, ट्रस्ट के न्यायिक सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, वरुण रंजन, आदि थे ।

# यूथ कांग्रेस ने मरीजों को फल वितरण कर मनाया राजीव गांधी की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** यूथ कांग्रेस ने रविवार को भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण कर मनाया। जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट ने कार्यकर्ताओं के साथ सदर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया। महिला वार्ड और पुरुष वार्ड में जाकर मरीजों से हालचाल पूछा। उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। मरीजों के परिजनों से भी बातचीत किया। मरीजों का हौंसला अफजाई भी किया। युवा जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म आज ही के दिन 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था। आधुनिक भारत के अग्रणी नेताओं में शुमार राजीव गांधी अब हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन उनका विजन हम सबको अभी भी प्रेरणा देता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी में देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी। युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं इससे पूर्व जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास, युवा कार्यकर्ता नसीम आलम, जलालुद्दीन शेख, साकिर हुसैन, अशगर शेख, अब्दुल अजीज आदि मौजूद थे।

# राजीव गांधी की जयंती पर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सूचना क्रांति के ध्वज धारक भारत रत्न और लोकप्रिय नेता देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर हम सभी कांग्रेसजन श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।हिरणपुर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुनव्वर आलम के नेतृत्व में पाकुड़ सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच फल और पाव रोटी आदि का वितरण कार्यक्रम चलाया गया है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. मनोबर आलम ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक,महिलाओं को आरक्षण,युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट देने का अधिकार व पंचायती राज के रास्ते गांधी जी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को पूर्ण करने वाले नेता स्व. राजीव गांधी सूचना के महत्व को जानते थे,की विकास का मार्ग सूचना में भी पोसिद्धा है।जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कमेटी राष्का हेंब्रम ने कहा राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर की शुरुआत कर विकास को गति दी थी। राजीव गांधी पेशे से पायलट थे और राजनीति में इनकी कोई रूचि नहीं थी।1980 में भाई संजय गांधी की मृत्यु के बाद राजीव गांधी 1982 में राजनीति में उतर आये और देश को एक नया दिशा दिया।

## मुफ्फसिल थानेदार को अवैध लॉटरी के खिलाफ अभियान में एक और सफलता



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना प्रभारी सतीश कुमार को अवैध लॉटरी के खिलाफ अभियान में एक और कामयाबी मिली है। थाना प्रभारी सतीश कुमार को मिली सूचना पर शनिवार की रात तिलभिठा रेलवे स्टेशन के पास से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी के साथ हासीम शेख नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक तिलभिठा स्टेशन से थाना प्रभारी को सूचना दी गई थी कि एक युवक अवैध लॉटरी लेकर खड़ा है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बिना वक्त गंवाए त्वरित कदम उठाया। पुलिस की टीम स्टेशन के पास पहुंची। जहां लॉटरी लेकर खड़े हासीम शेख को घर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1570 पीस लॉटरी बरामद हुआ। जिसका बाजार मुल्य लाखों में बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ने गिरफ्तारी के बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि अवैध लॉटरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इसमें किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का हुआ शानदार आगाज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का शानदार आगाज रविवार को कटकमदाग प्रखंड स्थित कटकमदाग फुटबॉल मैदान में बैलून का गुच्छा एवं कबूतर उड़ाकर, खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबॉल में किक मारकर शानदार तरीके से सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित अन्य लोगों के द्वारा भव्य आगाज किया गया। टूर्नामेंट में भाग ले रहे सभी 50 टीमों के करीब एक हज़ार खिलाड़ियों ने नमो जर्सी और अपने क्लबों के पहचान के साथ विधायक श्री जायसवाल को सलामी दियातथा प्रखंड क्षेत्र के कटकमदाग, बानादाग, जमुआरी और फतहा ग्राम से पंहुची बालिकाओं की टीम से नमो जर्सी से लैस होकर तालियाँ बजाते हुए अतिथियों को मैदान में प्रवेश कराया ।अतिथियों के मैदान में प्रवेश करते ही राष्ट्रीय गान जन- गन- मन के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर सदर विधायक जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति युवाओं के जुनून और उनके प्रतिभा को निखाकर मंजिल तक पंहुचाने के उदेश्य से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की खेल के माध्यम से युवा समाज में मुख्यधारा से नहीं भटक कर मनोरंजन के माध्यम से एक अच्छा इंसान भी बन सकते है। उन्होंने यह भी कहा की यह टूर्नामेंट कटकमदाग की ही धरती से शुरू हुआ और भविष्य में इसे जिला स्तर पर ले जाकर राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय फलक पर ग्रामीण प्रतिभाओं को अभारकर लाना मेरा लक्ष्य है। विधायक जायसवाल ने कहा की भविष्य में इस टूर्नामेंट की राशि को भी एक बड़े और सम्मानजनक स्थिति में लाना है। उन्होंने कहा की खेल सभी खिलाड़ी अनुशासित होकर भाईचारगी के माहौल में खेलें तभी इस टूर्नामेंट के उदेश्य की पूर्ती होगी।

# डीसी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नो हेलमेट नो एंट्री का सख्ती से पालन कराने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने शनिवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की।बैठक में हुए सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की। डीसी ने सड़क दुर्घटनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिला में देखा जा रहा है कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग वाहन चालक नहीं कर रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन इजाफा हो रहा है और मृत्यु दर भी बढ़ रही है। तथा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे द्वारा बाईक एवं अन्य वाहन के विरुद्ध जांच अभियान तेजी से चलाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिया गया। इसके साथ शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग दोनों आपस में समन्वय स्थापित कर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे और 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित सभी जानकारी देकर जागरूक करेंगे। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि सड़क दुर्घटना होने के पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट लिखने में हो रही देरी का निवारण तुरंत करें ऐसा नहीं करने पर कार्यवाही की जाएगी तथा सभी आमजनों के गुड समेरीटरनं पॉलिसी के प्रति



जागरूकता फैलाने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिसे गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटना में घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जान बचाई जा सके। साथ ही जिला के सभी कार्यालय में कार्यालय में काम करने वाले सभी कर्मियों को हेलमेट पहनकर ही घर से कार्यालय आने का निर्देश दिया गया है। इसका उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर उनके ऊपर मोटर वाहन अधिनियम अंतर्गत दंड की राशि वसूली की जाएगी और अपने कार्यालय परिसर के मुख्य गेट पर कार्यालय प्रधान के द्वारा निर्देश के साथ NO HELMET NO ENTRY जैसा पोस्टर लगाया जाए। जिससे कि आमजनों के बीच इसका एक अच्छा मैसेज जाए। साथ ही एवं राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग एवं राजकीय पथ निर्माण विभाग को भी निर्देश दिया गया ।

## इग्नू में नामांकन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केकेएम कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र में रविवार को इग्नू में नामांकन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय केंद्र देवघर के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. शकुंतल कुमारी मुंडा ने इग्नू के संबंध में उपस्थित छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। वहीं सहायक निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि एससी व एसटी छात्राओं का बीए सामान्य कोर्स में नामांकन निशुल्क किया जा रहा है। इसके अलावा सभी प्रकार के सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकन चल रहा है। उन्होंने उपस्थित छात्रों को कहा कि छात्र इग्नू द्वारा संचालित कोर्सो का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 21 अगस्त 2023 तक निर्धारित है, लेकिन नामांकन की तिथि 31 अगस्त 2023 तक विस्तारित होने की संभावना है। उन्होंने छात्रों से निर्धारित समय तक नामांकन कर लेने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम में निदेशक डॉ सिंह ने छात्रों को बताया कि यूजी और पीजी के साथ सर्टिफिकेट,डिप्लोमा लाइब्रेरी साइंस की भी पढ़ाई साथ साथ कर सकते हैं।

## टुंडी के चरक गांव निवासी सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी जयनारायण सिंह का निधन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के चरक गांव निवासी सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी जय नारायण सिंह उम्र 74 वर्ष का आज रविवार अहले सुबह उनके चरक स्थित आवास में निधन हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार जय नारायण सिंह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे अपने पीछे चार पुत्रियां, एक पुत्र, समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए आज बराकर नदी तट पर उनके शरीर का दाह संस्कार किया जाएगा उनके निधन की खबर सुनकर टुंडी के गणमान्य व्यक्तियों ने दुख व्यक्त किया है।

## महुदा महाविद्यालय विकास समिति की बैठक संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा महाविद्यालय विकास समिति की एक बैठक महाविद्यालय के सभागार में जिला परिषद सदस्य आशा देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षेत्र के मुखिया पंचायत समिति सदस्य गण्यमान्य ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में महाविद्यालय के विकास को लेकर चर्चा किया गया। जिसमे डीएमएफटी के माध्यम से अभी तक भवन का निर्माण नही किया गया जिसपर सभी ने अपना अपना सुझाव दिया। जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने कहा कि महाविद्यालय के लिए जो भी सहयोग करना होगा हम करेंगे।जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद के प्रतिनिधि शेखर सिंह ने कहा कि भवन निर्माण की बात मैंने जिला में उठाया था। सभी लोग साथ में चले उपायुक्त से मुलाकात कर समस्या का समाधान किया जाएगा यदि ऐसा नही होता है तो आंदोलन के लिए आगे रहेंगे। उपस्थित लोगो ने आर्थिक सहयोग देने की भी बात कहा। अंत में एक निर्माण समिति का गठन किया गया। बैठक में शंकर रवानी अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी बोकारो, प्रोफेसर शिकंदर रवानी, सचिव दीपनारायण शर्मा, प्रदीप महतो दिनेश प्रमाणिक, आदि सभी लोगो ने बैठक को संबोधित किया ।

## नवागढ़ मोड़ में मुफ्त आंख जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजन



**बाघमारा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवागढ़ मोड़ में लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल द्वारा मुफ्त आंख जांच एवम लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया।उक्त कैंप ए एस जी हॉस्पिटल,धनबाद के सौजन्य से आयोजित था। उक्त कैंप का उद्घाटन क्लब अध्यक्ष लायन सुनील कुमार ,रीजन चेयरपर्सन लायन मदन मोहन ,नवागढ़ पंचायन मुखिया राजा लाला ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन विक्की रवानी, दिलीप विश्वकर्मा,लायन सुमन कुमार,लायन बबलू मिश्रा,लायन बिनोद मिश्रा,लायन दीपक प्रसाद,लायन सुबोध कुमार,सुरेन महतो,अमित कुमार सिन्हा,अजय कुमार रवानी,रवि कुमार,भोला महतो,संजय रवानी मुख्य रूप से उपस्थित।जबकि ए एस जी आई हॉस्पिटल,धनबाद से ऑप्टोलोजिस्ट मृत्युंजय कुमार,तकनीशियन रवि कुमार तथा अमित कुमार मौजूद थे ।

## मुखिया ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधवाडीह खैल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ । वहीं मधवाडीह में क्रिकेट मैच में दस टीमों के खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमे गांडेय प्रखंड अंतर्गत पोखरिया के खिलाड़ी प्रथम पुरस्कार का विजेता हुए जबकि दुसरे स्थान पर पंचायत मधवाडीह के बैदाडीह के खिलाड़ी रहे। वहीं दोनों टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत करते हुए मुखिया सदीक अंसारी ने कहा खिलाडी मेहनत और लगन लगाकर खेले ताकि प्रखंड, जिला व राज्य स्तर पर पहुंचकर गांव अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकें । कहा मेहनत करेगें तो उंचाईयों को छुने से कोई नहीं रोक सकता।

## सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का दिया आवेदन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में धनबाद प्रखंड के पूर्व प्रमुख भानु प्रताप,जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा सहित सैकड़ों लोगों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर से प्रदेश कार्यालय में मिलकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का आवेदन दिया। मौके पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस शोशल मीडिया के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी, जनार्दन पासवान, योगेश सिंह चौधरी, मनीष सिंह, चंद्रशेखर पाठक, सुनील यादव, राजू अंसारी, नवीन दत्ता, साजन दास, कुंदन महतो, अमित चौधरी, जितेंद्र राजभर, करण सिन्हा, अनिल चौहान, गुलाब दे, सुनील ओझा, दुलाल महतो, मंजू चौधरी, सरिता चटर्जी, लक्ष्मी महतो, पिंकी कौशल, सुनीता सिन्हा, राम जी चौहान, गोलक बिहारी सिंह चौधरी, लखन सिंह, कौशल पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 55 सूत्री मांगों के लेकर आज नगर निगम कार्यालय के बाहर घेराव प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार 20 अगस्त को मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि 21 अगस्त को मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की ओर से 55 सूत्री मांगों के समर्थन में नगर निगम कार्यालय के बाहर घेराव प्रदर्शन किया जाएगा। इस घेराव प्रदर्शन में निगम क्षेत्र के समस्या से ग्रसित आक्रोशित हजारों लोग शामिल होंगे।

# हरवे हथियार के साथ लोग पहुंचे जमीन की घेराबंदी करने

## विरोध करने पर रैयत को पीटा 6 घायल



**पुलिस मौके पर पहुची भूमाफिया हुआ फरार, पुलिस कार्रवाई में जुटी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद, गिरिडीह जिले में भूमाफिया का मनोबल सातवे आसमान पर है। यहां भूमाफिया किसी भी परती, खाली जमीन, खास कर सड़क किनारे जमीन को जबरन हथियाने को लेकर किसी भी हद तक चले जा रहे है। हरवे हथियार से लैस होकर सेकड़ो गुंडों के साथ अपना वर्चस्व कायम करने में लगे हुए है। भय और दहशत में सीधे साढ़े रैयत है। वही भूमाफिया का मन बढ़ाने में अंचल कार्यालय की भूमिका सबसे अधिक है।

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर में भू माफियाओं ने जमकर तांडव किया है। फर्जी एग्रीमेंट के आधार पर यहां पर 250 से 300 भाड़े के गुंडों के साथ हरवे हथियार से लैस होकर भूमाफिया जमीन कब्जा करने सुबह 5 बजे पहुंचे थे। जमीन की घेराबंदी चारदीवारी करने की कोशिश की।जमीन के चारो ओर दर्जनो गुंडों को तैनात कर दिया।जमीन के रैय्यतों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी।बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस के आते ही भूमाफिया गुंडे भाग खड़ा हुआ। पुलिस के वापस जाते ही भूमाफिया हथियार के साथ जमीन पर गुंडों के साथ दुबारा पहुंच गए। फिर से चारदीवारी करने लगे। अपनी जमीन को बचाने को लेकर जब रैय्यतों ने विरोध किया तो रैय्यतों के साथ जमकर मारपीट किया । लाठी डंडे,इट,पत्थरबाजी कर दिया। स्थानीय मुखिया के साथ भी मारपीट करते हुए मुखिया के मोटरसाइकिल को लाठी डंडे से मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मौके पर भगदड़ की स्थिति बनी रही।

रैयत दूसरे घर में भाग कर छुप गये। जिससे जान बच पाई। दुबारा पुलिज़ मौके पर पहुची। भूमाफिया को खदेड़ने का काम किये। हालांकि भूमाफिया पुलिस की गिरफ्त में नही आ पाया। घायलों को स्थानीय बेंगाबाद सीएससी में भर्ती कराया गया है। लाठी डंडे और पत्थर बाजी के अलावा माफियाओं के तरफ से हवाई फायरिंग करने की भी सूचना आ रही है, हालांकि पुलिस प्रशासन के तरफ से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे है। रैयत द्वारा लिखित शिकायत पुलिस को दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में कार्रवाई करने में जुट गई है।सभी घायल को सदर अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

## धारदार हथियार से वृद्ध महिला की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना इलाके के महुआर पंचायत के छा- ताबाद गांव में सो रही एक वृद्ध महिला के चेहरे में धारदार हथियार से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गयी है. घटना शनिवार रात की है. महिला की पहचान 80 वर्षीय एनपी देवी के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. मृतिका की बहू कौशल्या देवी ने बताई उसकी सास लंबे समय से घर के बगल स्थित स्कूल के बरामदे में ही रहती थी. रोज की तरह वे शनिवार को वहीं सोई थी. रविवार की सुबह छह बजे जब वे वहां पहुंची तो पता चला कि उसके चेहरे में कुल्हाड़ी से कई बार प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गयी है. घटना को किसने अंजाम दिया इसका कोई पता नहीं चल पाया है. इधर, बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए है. पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है, हर एंगल से जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

## तीन सगे भाइयों का भारतीय सीमा सुरक्षा बल में हुआ चयन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम रजमनियां के एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों का भारतीय सीमा सुरक्षा बल में चयन हुआ है, जिससे उसके परिवार में खुशी की लहर है। आपको बता दें कि युवकों का पिता एक दिहाड़ी मजदूर है जो मजदूरी कर किसी तरह से अपने परिवार का भरण पोषण करता है वहीं एक अनपढ़ गृहणी होने के बाद भी अपने बेटों को पढ़ा लिखा कर योग्य बनाया। बड़ा पुत्र प्रदीप कुमार प्रखंड मुख्यालय के समीप गोल्डेन फ्यूचर कोचिंग में सैकड़ों बच्चों को शिक्षा दे रहा है। इस बीच प्रदीप ने बताया कि वह अपने से छोटे भाइयों को सही मार्गदर्शन से संदीप साव को CISF, अनिल कुमार को BSF और छोटा भाई दीपक कुमार को BSF में चयन हुआ। इससे मुझे गर्व है तीनो भाई सही से पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया।

# नल जल योजना की टंकी निर्माण में भारी गड़बड़ी उद्घाटन से पहले रिसने लगा पानी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जल नल योजना के तहत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए बन रहे पानी की टंकी उद्घाटन करने के पहले हीं जबाब दे रही है। ऐसा हीं एक मामला प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम टाटो में देखने को मिल रही है, जहां टंकी बनकर तैयार है उद्घाटन अभी बाकी है, अलबत्ता इसके पूर्व हीं टंकी में जमा बरसात के थोड़े से पानी में हीं टंकी लीक कर रही है। इस बीच ग्रामीणों ने संवेदक के साथ साथ पीएचडी विभाग के संबधित अधिकारियो पर लूट मचाने का आरोप लगा रहे हैं। बता दें कि उक्त टंकी कुछ माह पूर्व हीं बन कर तैयार हुई है। इस बीच ग्रामीण महेश वर्मा ने कहा की टंकी के तल को जहां ऊंच कोटि के सरिए के डबल लेयर एवं बढ़िया सीमेंट के साथ ढलाई करना था परंतु निम्न कोटि के छड़ एवं सीमेंट से ढलाई की गई है, जिसकी जांच के लिए मैंने जिला पीएचईडी विभाग को पत्र लिखकर जांच करने की मांग किया हूं। वहीं पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल के दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक नल जल योजना की अनुशंसा किया था जिसमें संवेदक की लापरवाही से झांझ समेत कई गांव में होने वाला डिप बोरिंग रद्द हो गया , और जो बना भी है उसमें घोर लापरवाही बरती गई है। एक टाटो हीं नहीं बल्कि पंचायत में बने सभी पानी टंकी में भारी अनिमियतता बरती गई है, जिसकी जांच होनी चाहिए। और इसमें संलिप्त सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# ट्रक की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत, गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में रफ्तार का कहर एक बार फिर से देखने को मिला है। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकार बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गई है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटा दिया है।

**आवाजाही में बढ़ी परेशानी :-** सड़क जाम के कारण थोड़ी देर के लिए आवाजाही में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस की पहल के बाद लोगों ने राहत की सास ली है। पुटकी थाना क्षेत्र के करकेंद मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र पासवान के रूप में हुई है।

**पुटकी कोलियरी में थे कार्यरत :-** सुरेंद्र पासवान पुटकी कोलियरी में कार्यरत थे। रात्रि पाली में वह ड्यूटी पर गए थे। ड्यूटी से वापस लौटने के दौरान करकेंद मोड़ के पास एक ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और वे काफी आक्रोशित हो गए। **पुलिस ने जाम हटवाया :-** आक्रोशित लोगों ने धनबाद कतरास मुख्य सड़क मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। थोड़ी देर के लिए आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया। इसके बाद सड़क जाम खत्म हुआ। सुरेंद्र बीसीसीएल की पुटकी कोलियरी की अलगड़िया में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे और भूली के रहने वाले थे। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

## डॉ. नरेंद्र दाभोलकर के 11वीं शहादत पर मनी राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस



**सिंदरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के अंतर्गत रोहड़ाबांध, सिंदरी में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के राज्य उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल के अध्यक्षता में डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की 11वीं शहादत पर राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस मनाई गई। संचालन विकाश कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर मुख्य रूप से ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के सचिव भोला नाथ राम, एडवा के मिठू दास, रानी मिश्रा, सुबल चंद्र दास, गौतम प्रसाद, प्रफुल कुमार स्वयं, राजू ठाकुर व शिबू राय, लवली कुमारी आदि लोग मौजूद थे। डॉ. नरेंद्र दाभोलकर के तस्वीर पर माल्यार्पण करने के पश्चात सभी उपस्थित लोगों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

## राशिद रजा की अध्यक्षता में राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान, जिला कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक भारत के निर्माता, भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 79वीं जयंती, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी की अध्यक्षता में मनाई गई। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता,सूचना क्रांति व पंचायती राज के जनक,देश की सबसे युवा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से देश को एक मजबूत दिशा दी थी। स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने देश को दुनिया की उच्च तकनीकी से पूर्ण करने के साथ भारत की एकता को बनाए रखने व 21वीं सदीं के भारत का निर्माण का लक्ष्य था। आगे कहा की देश को महत्वपूर्ण सौगात व नई दिशा देने वाले महापुरुष शौर्य राजीव गांधी जी के शहादत व सद्भावना दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सप्रेम श्रद्धांजलि व कोटि-कोटि नमन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीके सिंह, गुड्डू खान, सरफराज आलम, इरफान खान चौधरी, अफजल खान, पप्पू कुमार तिवारी, पप्पू पासवान, गोपाल कृष्ण चौधरी, सूरजकांत मिश्रा, कामता पासवान, आशीष सिंन्हा, अरविंद सैनी, जयप्रकाश चौहान, मृत्युंजय सिंह, गुड्डु खान, अशोक दत्ता, वाई पी दत्ता समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ह्यूमन राइट्स मिशन की बैठक में दी गई अधिकारों की जानकारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को धनबाद जिला तोपचांची प्रखंड ड्रीम पब्लिक स्कूल स्कूल में ह्यूमन राइट्स मिशन के धनबाद जिला अध्यक्ष धुर्जटी प्रसाद दुबे के अध्यक्षता में एक बैठक हुआ जिसका संचालन झारखंड प्रदेश प्रवक्ता रवींद्र नाथ तिवारी के द्वारा किया गया। इस बैठक में मानव अधिकार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दिया गया और संगठन विस्तार के बारे में चर्चा-परीचर्चा किया गया विशेष करके मानव अधिकार के सात बिंदु में चर्चा-परीचर्चा विशेष रूप से हुई। भोजन पाने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल शोषण उत्पीड़न पर अंकुश, महिलाओं के लिए घरेलू हिंसा से सुरक्षा, उसके शारीरिक शोषण पर अंकुश, प्रवास का अधिकार, धार्मिक हिंसा से रक्षा। तदुपरांत ह्यूमन राइट मिशन के तरफ से सेवा संस्थान संगठन के दो आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को सेल्फ डिफेंस कोर्स कराने के लिए गोद लिया गया।

## रविंद्र वर्मा के आवासीय कार्यालय में मनी राजीव गांधी की 79वीं जयंती



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टेंपल रोड स्थित कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रविंद्र वर्मा के आवासीय कार्यालय में स्वर्गीय राजीव गांधी की 79वें जयंती में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश्वर सिंह यादव, योगेंद्र सिंह योगी,अशोक साव, संदीप कुमार कक्कू, जितेन्द्र प्रसाद, ओम प्रकाश दास, तारिक अंसारी, राजू दास, मो आलम,गणेश सिंह, रामजी कुशवाहा, भास्कर झा एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पण और नमन करके उनको श्रद्धांजलि दी।

# दी आर्ट ऑफ लिविंग की श्रावण मास स्पेशल, सामूहिक रुद्र पूजा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को वैदिक धर्म संस्थान श्री श्री रविशंकर से प्रेरित एक सार्वजनिक धर्मार्थ, धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षिक संस्था है। यह भारतीय संस्कृति और शैक्षिक विरासत की उन्नति के लिए काम करता है और बड़े पैमाने पर लोगों के सामाजिक सांस्कृतिक शैक्षिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देता है।धनबाद आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन मीडिया प्रभारी मयंक सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के सावन महीने में वैदिक धर्म संस्थान बैंगलोर के तले संस्था द्वारा देश भर में रुद्राभिषेक कराया जाता है। रविवार को राजकमल सरस्वती विद्यामंदिर स्कूल में श्री रुद्रम के पवित्र वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामुहिक रुद्र पूजा का आयोजन किया गया। जहां भगवान शिव की दूध, दही, शहद, घी के साथ रुद्र के रूप में पूजा हुई। जिसमें आश्रम से पधारे ब्रह्मचारी श्री अभय जी एवं वेदाचार्य स्नेहाशीष एवं अर्पित दुबे जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवजी का अभिषेक किया गया। ब्रह्मचारी अभय ने बताया रूद्र पूजा का प्रभाव हमारी चेतना और वातावरण दोनों पर पड़ता है। यह पूजा सिर्फ व्यक्ति विशेष के लिए ही नहीं अपितु पूरे परिवार समाज व राष्ट्र के लिए प्रभावशाली है। रूद्र पूजा में विशेष महत्व ध्यान और संकल्प का होता है जिसमें श्रावण मास इसके लिए सर्वोत्तम माना जाता है। बताया गया कि ध्यान के द्वारा सभी नकारात्मकताऐं सकारात्मकता में बदलती है। संकल्प से मनोवांछित कामना की पूर्ति होती है। यह अनुष्ठान में आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्था धनबाद कोऑर्डिनेटर गौरी शंकर, मेधा दुदानी, वरिया प्रशिक्षिका सोनाली सिंह, अनुप्रिया गुप्ता चिल्ड्रन टींस झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर मयंक सिंह की विशेष भागीदारी रहीं साथ ही साथ इस आयोजन को सफल बनाने में विनोद तुलसीयान, प्राचार्य सुमंत मिश्रा, प्रीति लोहानी, शरद अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, किरण अग्रवाल, सोनी, जुही, क्षितिज, रित्विक, अनिल कुमार, प्रियंका, नीतीश, अपर्णा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आधूनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अहम : विधायक भूषण बाड़ा

## जिला कांग्रेस कमिटि ने सादे समारोह में मनाई राजीव गांधी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमिटि ने रविवार को पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी जी की जयंती सादे समारोह में मनाई। लद्दाख में सड़क हादसे में नौ सैनिकों के शहीद होने पर कार्यक्रम सादे समारोह में मनाया गया। मौके पर शहीदों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। रोहल्ला गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही उनके पदचिंहो पर चलते हुए देश ओर समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि



देश को 21 वीं सदी की महाशक्ति के रुप में खड़ा करने में राजीव गांधी का अहम योगदान था। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आज भी हम सभी के दिल में बसते हैं। उन्होंने हमेशा देश को मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। 18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार देने का निर्णय लिया। उन्होंने पंचायतों और नगरपालिकाओं को वैधानिक दर्जा प्रदान किया। दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति लाई थी। विधायक ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत देश में कंप्यूटराइजेशन और टेली कम्यूनिकेशन क्रांति का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जाता है। वे देश की कम्प्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम, प्रदेश सचिव पुष्पा कुल्लू, कौशल किशोर रोहिल्ला, जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, जिला उपाध्यक्ष जोनसन मिंज, शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर खान, सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष नवीन वीरेन तिर्की, अल्पसंख्यक जिला सचिव जमीर हसन आदि उपस्थित थे।

# भुखला भगत की अध्यक्षता में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को समय 12:00 बजे दिन में लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड परिषद में श्री भुखला भगत के अध्यक्षता में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का बैठक किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में जिला समिति लोहरदगा से जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह, जिला सचिव श्री बिहारी भगत, जिला प्रवक्ता पवन तिग्गा उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से मुजाहिद अंसारी, लक्ष्मी साहू, भुखला भगत, मोहम्मद मुस्लिम, करण देवी, समीना खातून, ताऊजीर अंसारी ने भाग लिया। बैठक में काफी मंथन के बाद प्रखंड संयोजक श्री भूखला भगत एवं उप संयोजक श्री मोहम्मद मुस्लिम अंसारी को पदभार दिया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा की प्रखंड समिति से पंचायत एवं ग्राम समिति का विस्तार करने का निर्देश दिए और अभी तक जो लोग अपनी भुगतान हेतु आवेदन नहीं दे पाए हैं वैसे भाइयों एवं बहनों से अनुरोध है कि जिला कार्यालय में उपस्थित होकर फार्म प्राप्त कर सकते हैं। बिहारी भगत ने कहा कि भुगतान हम सब उनका जरूरी नहीं अधिकार है अगर झारखंड सरकार भुगतान देने में आनाकानी करेगी तो हम लोग पूरे झारखंड में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। पवन तिग्गा ने कहा की butts act 2019 का कानून के पन्नों में यही टाटा बिरला अदानी अंबानी हित का कानून बना होता तो अभी तक धड़ल्ले से धरातल पर चाबुक घूमने लगता है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 34 लोग अपना स्वास्थ्य जांच व इलाज कराकर हुए लाभान्वित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 62 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया, सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया।आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 34 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही ईश्वर के सेवा करने के बराबर है। समय-समय पर लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। और कहा की अगले रविवार 27 अगस्त को हड्डी व नस के विशेषज्ञ एवं जनरल चिकित्सक डॉ कुमार मृत्युंजय उपस्थित होकर लोगों का चेकअप करेंगे, डॉ कुमुद ने कहा की लगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देना चाहिए, और लोग मच्छरदानी लगाकर ही सोए,नहीं तो मच्छरों के साथ कई बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। सचिव जयप्रकाश शर्मा एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 से 1 घंटा के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे।

# स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के प्रणेता थे : सुखैर भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 20 अगस्त 2023 को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 79 वीं जयंती कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अध्यक्षता में राजीव गांधी के जीवनी एवं उनके प्रधानमंत्रित्व काल में किए गए कार्यो पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजीव जी प्रतिभा के धनी होने के साथ-साथ दूरदर्शी और कुशल नेतृत्व क्षमता के धनी थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में 40 वर्ष की आयु में देश का कमान संभाला। इन्होंने अपने कार्यकाल में देश को आधुनिकता की तरफ अग्रसर किया



था। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्य किया इन्होंने देश में संचार क्रांति और कंप्यूटर जैसे विज्ञान को लाया। वे युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार का प्रयोग एवं नई पंचायती राज अधिनियम बनाकर सत्ता का विकेंद्रीकरण करने का भरपूर प्रयास किया। शिक्षा को आधुनिकता की ओर ले जाने के लिए पूरे भारतवर्ष में जिला स्तर पर जवाहरलाल नवोदय विद्यालय की स्थापना की। अपने 5 वर्षों के प्रधानमंत्रीत्व काल में विकास के अनेकों आयाम गढ़े। आज हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है और उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहना होगा। तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस विचार गोष्ठी में कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष निशित जयसवाल, रीना भगत, मोहन दुबे, जिला महासचिव सदरुल अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, शामुल अंसारी, सनियारो उरांव, हाजी सिकंदर अंसारी, विनय उरांव, शंभू प्रजापति, कुणाल अभिषेक, जय नाथ साहू, विनोद सिंह खेरवार, युनूस अंसारी, अनिल उरांव, सत्यदेव भगत, प्रकाश उरांव, जमील अंसारी, परवेज आलम, शुभम सहदेव, कैस आलम, तारीक अनवर, नुसरत अंसारी, उल्फत अंसारी, संतोष महतो समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# सिमडेगा कावड़ यात्रा में झारखंड पार्टी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने किया कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा कांवरिया सेवा संघ की ओर से 19 अगस्त से आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा बासँजोर के तरगा के पास कांवरियों को जमाने के उद्देश्य से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम झारखंड पार्टी की ओर से आयोजित करवाई गई जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा विधिवत रूप से रिबन काटकर किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि सिमडेगा जनजातीय क्षेत्र है जहां पर भगवान भोलेनाथ की हमेशा कृपा बनी रहे और यही प्रयास और यही सोच को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों का आवाहन किया कि सभी लोग इसी प्रकार एक सूत्र में बंधकर इस



कावड़ यात्रा को युगो युगो तक ऐतिहासिक बनाते रहे इसमें झारखंड पार्टी की ओर से हर वर्ष बढ़-चढ़कर सहयोग दिया जाएगा ताकि कांवरियों को किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत ना हो। इस मौके पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक फिल्मी आधुनिक नागपुरी सहित विभिन्न भाषाओं के बोल बम के भक्ति गीतों से उपस्थित कांवरियों को झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के अलावा झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, झारखंड पार्टी के प्रखंड प्रभारी बेलास एक्का, निकोल्सन कोंगाडी, राजेश महतो सुनील साहू कामेश्वर साहू नुवल हेरेंज रवि बड़ाईक, आशीष कुमार सिंह, रसाल खलखो, भोला दास ,लल्लन प्रसाद पिंटू सिंह सहित काफी संख्या में लोगों की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका रही।

# भाई-बहन का प्रमुख त्योहार रक्षा-बंधन 31 अगस्त को मनाया जायेगा : कौशल कान्त त्रिपाठी



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इस वर्ष 2023 मे भाई-बहन का प्रमुख त्योहार रक्षा-बन्धन 31 अगस्त को मनाया जायेगा, वैसे 30 अगस्त को ही पवित्र महीना श्रावण मास की पूर्णिमा है, और प्रत्येक वर्ष पूर्णिमा को ही मनाया जाता रहा है रक्षाबंधन का त्योहार लेकिन 30 अगस्त पूर्णिमा के दिन भद्रा रहने के कारण 31 अगस्त बुधवार को मनाया जायेगा रक्षा बंधन का त्योहार, उक्त बाते मीडिया के समक्ष मुखातिब होते हुए दो टुक शब्दो मे कहते हुए आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने संबाददाता से कहा कि 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार सर्वमान्य है। 30 अगस्त को चतुर्दशी दोपहर 12:10 बजे और भद्रा रात 9:00 बजे तक है, इसलिए उदय पूर्णिमा गुरुवार प्रात 7:45 बजे तक ही हैं इस दिन सूर्योदय प्रात 5:43 बजे होगा एसे मे पूर्णिमा का मान दिन रात को होगा इस प्रकार 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जायेगा। उन्होने कहा कि भद्रा बुधवार 30 अगस्त को रात मे समाप्त हो रही है, लेकिन रात मे रक्षा सूत्र बान्धना अशुभ है। कहा जाता है कि भद्रा काल मे कोई भी शुभ कार्य सफल नहीं होता, कार्य शुरु होते ही इसमे तरह-तरह के बिघ्न आने लगते है, 30 अगस्त को भद्रा का वास पृथ्वी पर है। इसलिये रक्षाबंधन का त्योहार 31 अगस्त को ही शुभ होगा।

# पंचायत समिति सदस्य सह मिशन बदलाव टीम के द्वारा मृतक परिवार को खाद्य सामग्री दे कर किया सहयोग



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के जलडेगा पंचायत अंतर्गत केलुगा गिरजा टोली में पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी सह मिशन बदलाव टीम के द्वारा मृतक अगुस्तुस लुगुन के परिजनों को मच्छरदानी तथा खाद्य सामग्री सहयोग के तौर पर दिया गया। जानकारी के अनुसार 16 अगस्त को केलुगा गिरजा टोली निवासी अगस्तस लुगुन उम्र 20 वर्ष वज्रपात की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। परिजनों की दयनीय स्थिति को देखते हुए पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी सह मिशन बदलाव टीम के द्वारा मच्छरदानी तथा खाद्य समरी सामग्री सहयोग के तौर पर परिजनों को दिया। इस मौके पर जयंती देवी ने कहा कि हर संभव पीड़ित परिवार को मदद करने की आश्वासन दिया इस मौके पर राजस्व उप निरीक्षक उमेश कुमार ठाकुर मिशन बदलाव के जिलाध्यक्ष तुलसी साहू मिशन बदलाव के एसटी एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष जोजो, सुनीता देवी, दीपक चीक बड़ाईक, मुकेश साहू, रवि गोप, रोहित राणा मौजूद थे।

# मिशन बदलाव टीम द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड स्थित सामुदायिक भवन में मिशन बदलाव की बैठक जयंती देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, बैठक में मिशन बदलाव की तत्वधान में 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर जलडेगा हाई स्कूल मैदान में बालक तथा बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया, तथा आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष आकाश कुमार साहू, सचिव आशीष कुमार इंदवार तथा कोषाध्यक्ष दीपक चीक बड़ाईक को सर्वसम्मति से बनाया गया, इस मौके पर मिशन बदलाव के जिला अध्यक्ष तुलसी साहू, संतोष जोजो, दीपक बडाईक, सुनीता देवी, रवि गोप, रोहित राणा, मुकेश साहू, अमन चीक बडाईक, दिलीप खड़िया, मनोज सिंह,नरेश बड़ाईक एवं गणमान्य तथा खिलाड़ी गण उपस्थित थे।।

# 14 एकड़ में आम बागवानी कार्य आरम्भ मजदूरों को मिला रोजगार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** डांडू ग्राम में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 14 एकड़ में आम बगवानी कार्य आरम्भ मजदूरों को मिला रोजगार। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत के डांडू ग्राम में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 14 एकड़ में आम बागवानी कार्य आरम्भ हुआ है। बागवानी कार्य आरम्भ होते ही मजदूरों को रोजगार मुहैया भी कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें डांडू पंचायत ग्राम में योजना का लाभ उठा कर किसान वर्ग के लोग आत्मनिर्भर के साथ गरीब मजदूर को रोजगार मुहैया करा रहें है। इससे पलायन भी रोक लगया जा रहा है। वही मजदूर वर्ग के लोग गांव में काम मिलने से काफी उत्साहित हैं। साथ ही बताया जाता है। कि आम बागवानी के साथ अन्य फसल की बुआई कर दोहरा लाभ उठा सकते है। वहीं सरकार भी किसान वर्ग को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा प्रोत्सान देने को लेकर योजना धरातल पर आरम्भ कराते हुए मनरेगा विभाग के माध्यम से कार्य प्रगति पर ध्यान रखने का कार्य किया जा रहा है।

# पंचायत क्षेत्र में होने वाली कूप निर्माण कार्य की खुद से करेंगे निगरानी, ताकि समय से पूर्ण हो सके : मुखिया संघ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा, भंडरा :** प्रखंड क्षेत्र के भंडरा पंचायत भवन में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में चल रहे बिरसा हरित आम बागवानी योजना एवं कूप निर्माण सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। प्रखंड मुखिया संघ के सभी मुखिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में जितने भी जनहित में योजनाएं चलाई जा रही है, उसे साहीपूर्वक धरातल पर उतरना है। योजना में उपर्युक्त होने वाले सामग्री की आपूर्ति एवं निगरानी स्वयं मुखिया को करना है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि सरकार के द्वारा जितने भी जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है, उसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है की सिंचाई कूप का निर्माण कार्य लाभुक समय से पूर्ण नहीं कर पाते हैं और वह बरसात के समय पानी आने पर पूरी तरह से ढह जाता है, इसलिए इस वर्ष 2023-24 में ली जाने वाली सभी कूप निर्माण कार्य की निगरानी और सामग्री की आपूर्ति सभी मुखिया अपने से करेंगे, ताकि समय से कार्य पूर्ण हो सके। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड मुखिया संघ के सचिव सुमित उरांव, मुखिया इंद्रदेव उरांव, टेले उरांव, धनेश्वरी उरांव, सुमंति तिग्गा, ममता कुमारी, कैली उरांव, मोहन उरांव, जगजीवन उरांव सहित अन्य शामिल थे।

# सिद्धिपीठ मां बागेश्वरी मंदिर के दर्शन के लिए हजारों भक्तों का जत्था हुए रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति ने बीते कुछ वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्तों के जत्था को एक दिवसीय धार्मिक यात्रा पर ले जाने का कार्य किया। इस वर्ष यह दूसरा मौका रहा जब समिति के बैनर तले रविवार सुबह लगभग 8 बजे हजारों भक्तों का जत्था चतरा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थलों में एक गिद्धौर के बलबल स्थित सिद्धिपीठ मां बागेश्वरी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थल के लिए रवाना हुआ। कुल 14 बसों पर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से महिला पुरुष व बच्चे इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा को लेकर जत्था में शामिल हर एक लोग उत्साहित दिखा। जत्था को ब्लॉक मोड़ निकट स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष से समिति के पदाधिकारियों ने रवाना किया। बताया गया कि समिति द्वारा भक्तों के लिए बस से यात्रा की व्यवस्था दूसरी बार की गई है। इससे पूर्व रामरेखा धाम भक्तों को ले जाया गया था। इस बार




भी 14 बड़ी बस एवं कई छोटी गाड़ी से भक्त रवाना हुए। समिति के संरक्षक गुप्तेश्वर प्रसाद, अजय सोनी, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल, हेमंत वर्मा, दया शंकर सिंह, बिक्की कसेरा, प्रदीप साहू, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, सुरेंद्र उरांव, अनूप अग्रवाल, पंकज महतो, चंदन साहू, अजय घोष, अमित कुमार, धीरज गुप्ता सहित हजारों महिला पुरुष सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौके पर उपस्थित रहे। लोहरदगा से निकली जत्था चंदवा होते हुए 115 किमी दूर मां बागेश्वरी देवी मंदिर पहुंची। बताया गया है कि मां बागेश्वरी मंदिर में स्थित गरम कुंड का अपना एक अलग ही महत्व व इतिहास रहा है। श्रद्धालु यहां पहुंच कर गर्म कुंड में स्नान करने के बाद मां बागेश्वरी का दर्शन करते हैं। चतरा और हजारीबाग जिले के सीमाने में स्थित इस स्थल की ख्याति दूर-दूर तक बताई जाती है। नवरात्र के मौके पर यहां हजारों की संख्या में लोग दर्शन को उमड़ते हैं। सलाखें वर्षभर श्रद्धालुओं का जत्था यहां दर्शन को आता जाता रहता है। यह भी बताया जाता है कि स्थल की मान्यता एक सिद्धिपीठ के रूप में है और पिछले 1000 वर्ष से मां की प्रतिमा व मंदिर विराजमान है।

# वर्षो का सपना आज पूरा होता देख रहे नगरवासी, हजारों लोगों ने मिलकर किया था 1997 में जन आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वैसे इसे खबर को पढ़ते वक्त आपको यह बात किस्से कहानियों की तरह लगेगी,परंतु यह एक ऐतिहासिक कदम था जिसे आज लोगो ने अपने आंखों से पूरा होते देख रहे है बात बहुत पुरानी है और हैरतअंगेज भी आज वर्ष 2023 में लोहरदगा जिले में रेलवे परिचालन को लेकर काफी चर्चा है,घोषणाएं भी हुई और कार्य भी हुआ,यहां तक की 13 अगस्त 2023 से राजधानी ट्रेन का ठहराव भी शुरू हुआ और वंदे मातरम ट्रेन के ठहराव की घोषणा भी हो चुकी है,लेकिन वहीं 21 अगस्त 1997 को बड़ी रेलवे लाइन को स्थापित करने हेतु जनआंदोलन की शुरुआत तत्कालीन युवा जनता दल के जिला अध्यक्ष बलवीर कुमार देव के नेतृत्व में अनिश्चित आमरण अनशन के साथ शुरुआत की गई थी। उस आमरण अनशन में तत्कालीन दलित सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार



राज, युवा जनता दल सचिव कंवलजीत सिंह, उदय दत्ता( दादू), अयाज अहमद लड्डन, मोहम्मद हाशिम सलमानी, आलोक कुमार, पंकज कुँवर के द्वारा आमरण अनशन शुरू कर किया गया था, उसके पश्चात एक अभूतपूर्व आंदोलन लोहरदगा में देखने को मिला था। लगभग 64 संगठनों का समर्थन मिलने के पश्चात 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन लोहरदगा बंद रहा और यह आमरण अनशन का कार्यक्रम 6 दिनों तक चलता रहा, 23 अगस्त से लेकर 26 अगस्त तक लोहरदगा पूर्णतः बंद रखा गया और हजारों हजार की संख्या में लोग आमरण स्थल पहुंचते गए थे, अंततः 26 अगस्त 1997 को तत्कालीन रेल मंत्री रामविलास पासवान जी को लोहरदगा आकर घोषणा करनी पड़ी की बड़ी लाइन का काम शीघ्र शुरू होगा और यह पारित हो भी हो गया, उस समय उन्होंने कहा था कि आप लोग अपना आमरण अनशन समाप्त करें,इस आंदोलन के बीच में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों व प्रबुद्ध नागरिकों का भरपूर सहयोग रहा था,25 अगस्त को टोरी में भी चक्का जाम कर दिया गया था, रेलों का परिचालन बाधित कर दिया गया था,इस बीच में पूर्व सांसद शिवप्रसाद साहू जी के द्वारा भी नाराजगी व्यक्त करते हुए छोटा नागपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स की आजीवन सदस्यता से इस्तीफा भी दे दिया गया था और स्वयं भी खुलकर आंदोलन में शामिल रहे। तत्कालीन विधायक सघनु भगत जी के नेतृत्व में बड़ी रेलवे लाइन संघर्ष समिति का निर्माण भी 23 अगस्त को किया गया था और उपायुक्त कार्यालय का घेराव करते हुए सारे काम को भी ठप्प कर दिया गया था,यह एक ऐतिहासिक आंदोलन रहा जिसमें एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि 21 अगस्त आंदोलन शुरू होने के पश्चात 23 अगस्त को रेलवे बोर्ड के पदाधिकारी और तात्कालिक उपायुक्त मुखमीत सिंह भाटिया के द्वारा आंदोलनकारियो से वार्ता कर बताया गया था कि दूरभाष से दिल्ली रेल मंत्रालय से बात हो गई है कि यह कार्य शीघ्र शुरू होगा,और इस जोन के रेलवे अधिकारी भी आपके सामने यह आश्वस्त कर रहे हैं,इसके बाद भी अनशनकारी नहीं माने और तत्कालीन रेल मंत्री का बयान भी आया था चूँकि 27 से 30 अगस्त तक संसद का विशेष सत्र चल रहा था, उसके बाद के सप्ताह में ही मैं आ सकता हूं, लेकिन आंदोलन इतना तेज था की 26 अगस्त को ही तत्कालीन रेल मंत्री को लोहरदगा आकर घोषणा करके आमरण अनशन को तोड़वाना पड़ा था। इस बीच अनशनकारियो की हालत भी खराब होती जा रही थी,लेकिन अनशनकारियों ने हार नहीं मानी थी, इस आंदोलन में आमरण अनशन के अलावा प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग क्रमिक कंसर्न पर भी बैठने लगे थे और इस बीच पोस्टकार्ड अभियान की भी शुरुआत कर दी गई थी,वही इस बड़े आंदोलन में तमाम राजनीतिक दलों के छोटे कार्यकर्ता से लेकर बड़े-बड़े नेता और जनप्रतिनिधि शामिल थे,अभी लगभग 26 साल बाद अनशनकारी बलवीर कुमार देव से बात करने पर उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष और खुशी महसूस होती है कि हम लोग का आंदोलन सफल रहा।

चलते चलते एक नजर

## मिस और मिसेज सावन क्वीन ऑफ रांची 2023 का पोस्टर लांच



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिस और मिसेज सावन क्वीन ऑफ रांची 2023 का पोस्टर लांच किया गया। इस मौके पर ऑर्गनाइजर टीम में अभिषेक प्रधान, मौमिता बनर्जी, नीरू घोष, आस्था किरण , रंजीत रंजन नीतू वर्मा, नीरज कुमार, उपस्थित रहे। इस कांटेस्ट में भाग लेने के लिए महिलाओ को अपने दो फोटोग्राफ भेजने होंगे। उसके बाद फेसबुक पेज के लाइक से प्वाइंट लाना होगा। साथ ही ग्रैंड फिनाले में जज राउंड के दौरान अतिरिक्त प्वाइंट भी लाना पड़ेगा। इसमें सबसे अधिक प्वाइंट लाने वाली प्रतिभागी को मिस और मिसेज सावन क्वीन का खिताब दिया जायेगा। यह जानकारी कार्यक्रम संचालक मौमिता बनर्जी ने दिया।

## विधानसभा का चुनाव विकसित भारत को मजबूती देने का चुनाव : नरेंद्र सिंह तोमर

**ग्वालियर :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनाव एक परीक्षा होती है। आज हम चुनावी योजना में हैं, यह चुनाव सिर्फ मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव नहीं है। यह चुनाव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर और कैलाश विजयवर्गीय या किसी व्यक्ति के लिए नहीं है, यह चुनाव विकसित भारत को मजबूती देने का चुनाव है। इस राजनीतिक यात्रा में हमारे लिए देश प्रथम पार्टी द्वितीय और स्वयं को तीसरे स्थान पर रखते हैं। हमारे लिए देश और दल दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। इसलिए विधानसभा चुनाव में हर कार्यकर्ता को प्राणपण के साथ जुटना है। हमारे केंद्रीय नेतृत्व और सभी नेताओं ने पार्टी को सक्रिय बनाने के लिए जो योजना बनाई है, उसके क्रियान्वयन में पूरी पार्टी और हम सब लगे हुए हैं। हमें मिलकर पार्टी के कार्यक्रमों को नीचे तक ले जाना है। केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक तोमर ग्वालियर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश वह राज्य है जहां के कार्यकर्ता अगर मजबूती के साथ संकल्प लेते हैं तो कोई भी माई का लाल उन्हें रोक नहीं सकता। 2003 और 2008 में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया तो हमें विजय मिली। 2013 में कार्यकर्ताओं ने फिर पूरी जोश और उत्साह के साथ संकल्प लिया। जिसके परिणाम स्वरूप विराट विजय हुई।

# अमृत महोत्सव का प्रतीक है केसरिया गुलमोहर : अरुणा शंकर

## *आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर गांधी उद्यान में लगाया गया 75 केसरिया गुलमोहर का पौधा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर के ऐतिहासिक गांधी उद्यान में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने केसरिया गुलमोहर का पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव का अधिकारीक यात्रा 12 मार्च 2021 को शुरू हुई थी। यह हमारे स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के साथ 15 अगस्त 2023 को समाप्त हो गई। इस ऐतिहासिक गांधी मैदान में हम शहरवासी 75 केसरिया गुलमोहर को लगाकर आजादी के अमृत महोत्सव का साक्षी बन रहे, जो हम सबों के लिए गौरव की बात है। प्रथम महापौर ने गांधी उद्यान योग संस्थान को विशेष बधाई देते हुए कहा कि जैसे पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा राजा हरिश्चंद्र घाट की देखरेख किया जा रहा, उसी तरह योग संस्थान एवं यहां के वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, अमिताभ मिश्रा, ललन गुरुजी एवं साथियों द्वारा गांधी मैदान की व्यवस्था देखी जा रही है। जिसके चलते गांधी उद्यान की सर्वत्र चर्चा है। मैं सब को कोटि-कोटि बधाई देती हूंद्य इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा डायबिटीज पेशेंट की जांच एवं ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाई गई तथा अल्पाहार की व्यवस्था शहर के चर्चित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार राधे-राधे के सौजन्य से किया गया द्य इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने उन सभी लोगों से अनुरोध किया, जिन्होंने पौधे लगाए हैं।खा कि पौधों का देखरेख 1 वर्ष तक वे करें। ताकि आजादी के अमृत महोत्सव में लगाए गए केसरिया पौधे गांधी उद्यान के खूबसूरती के साथ इतिहास बन सके। लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर ने प्रथम महापौर अरुण शंकर को केसरिया गुलमोहर पौधा बाहर से मंगा कर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि गांधी मैदान में लगाए गए सारे पौधे अगले वर्ष खिलखिलाते नजर आएंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर,रूपेश कुमार, संजय पाठक, नवीन गुप्ता, समीर खन्ना, रजत कपूर, सत्य सिंह, अनवर ,सुधीर अग्रवाल, रितेश कुमार एवं काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# झारखंड स्टेट जमीयतीर राईन महापंचायत चौरासी की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड स्टेट जमीयतुर राईन महापंचायत चौरासी की बैठक जिला चतरा जोरी की सर जमीन पर रविवार को हुआ। इसमें पूरे झारखंड अलग-अलग जिलों से सभी नुमाइंदे शरीफ हुए जिसमें या संकल्प लिया गया कि दहेज की चलन और निकाह को आसान बनाना है तालीम पर बच्चे बच्चियों के पुख्ता तरीकों से ध्यान देना और हायर एजुकेशन के आगे बढ़ाना के साथ मेडिकल काउंसिल की स्थापना के लिए भी चर्चा हुई। काफी पुराने काम को अंजाम दिया गया और पुराने जोवर जो नही शामिल हो सके आज के इजलास में उन्हें भी जोड़ने का फैसला लिया गया और डिलेगेट्स को टीम उनसे मिलने को भी जायेगी। बहुत सारे ऐसे मुद्दे जो समाज में बेदारी ला सके और जहालत दूर किया जा सके इस तरह का फैसला लिया गया है और आगे की इजलास और कैबिनेट बैठक की तारीख भी तय की गई। इस इजलास की अध्यक्षता हाजी समीउल्ला, नाआइफ सदर खलील, सेक्रेटरी हाजी सोहैल, ज्वाइंट सेक्रेटरी मुस्लिम, खंजांची अशफाक, ज्वाइंट खंजांची जमील, स्पीकर इम्तियाज सोनू, मीडिया प्रभारी रब्बिल अहमद और बाकी ज्वार के ओहदेदार और एक्टिव मेंबर शामिल होकर इजलास को कामयाब किए।

# जयपुर में सक्रिय हुआ मौसम



एजेंसी

**जयपुर :** प्रदेशभर में मानसून दोबारा सक्रिय हो गया है। जयपुर में रविवार सुबह से ही हल्की बौछारें गिरने से मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक परिसंचरण तंत्र कायम हो गया। इससे कम दबाव का क्षेत्र बनने से शनिवार से मानसून दोबारा सक्रिय हो गया है। जोधपुर संभाग में 20 और 21 अगस्त तक छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। विभाग के ताजा अपडेट में कहा गया है कि 20 अगस्त को कोटा, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर व अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस बीच विभाग ने अगले 3 घंटे के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने सुबह 8 बजे अगले तीन घंटे के लिए अलर्ट जारी करते हुए सात जिलों में अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार जयपुर, अजमेर, पाली, बूंदी, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और झालावाड़ में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। आईएमडी की ओर से 19 से 23 अगस्त तक के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अनुसार 20 अगस्त को 19 जिलों में, 21 अगस्त को 13 जिलों में, 22 अगस्त को 11 जिलों में और 23 अगस्त को राजस्थान के 9 जिलों में वज्रपात के साथ-साथ मेघगर्जन होने की आशंका जताई गई है।

# विकास, आर्थिक तरक्की व कामयाबी की नई इबारत लिख रहा है उत्तर प्रदेश



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विकास, आर्थिक तरक्की और कामयाबी की नई इबारत लिख रहा है। गरीबी उन्मूलन, शेयर बाजार के निवेशकों, घरेलू पर्यटकों, इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या और बैंकों के पसंदीदा निवेश वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश ने देश के अन्य राज्यों को काफी पीछे छोड़ दिया है। समृद्धि को दर्शाने वाली ये उजली तस्वीर भारतीय स्टेट बैंक रिसर्च, भारतीय रिजर्व बैंक, नेशनल स्टाक एक्सचेंज, पर्यटन मंत्रालय, आयकर विभाग और नीति आयोग की अलग-अलग रिपोर्ट से सामने आई है।विभिन्न परियोजनाओं के लिए बैंकों से फंडिंग लेने के मामले में उत्तर प्रदेश ने शानदार रफ्तार पकड़ी है। रिजर्व बैंक के अगस्त बुलेटिन के मुताबिक वर्ष 2013-14 में बैंकों से कुल प्रोजेक्ट फंडिंग में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी केवल 1.1 फीसदी थी। ये बढ़कर 16.2 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी के साथ यूपी महाराष्ट्र को पछाड़कर देश में नंबर वन हो गया है।गरीबी सूचकांक को लेकर नीति आयोग की रिपोर्ट की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 3.43 करोड़ लोग गरीबी के दलदल से बाहर लाए गए हैं। उत्तर प्रदेश ने शेयर बाजार के नये निवेशकों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है।

### आईटीआर दाखिल करने में यूपी दूसरे पायदान

आयकर विभाग के मुताबिक आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या में भी यूपी दूसरे पायदान पर आ पहुंचा है। जून 2014 में, प्रदेश से केवल 1.65 लाख आईटीआर दाखिल हुए थे। जून 2023 में ये संख्या बढ़कर 11.92 लाख हो गई। यूपी में पर्यटकों की संख्या में भी आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। घरेलू पर्यटकों की संख्या के लिहाज से यूपी देश का पहला राज्य बन गया है। पर्यटन मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक साल में प्रदेश में 31 करोड़ से ज्यादा घरेलू पर्यटक आए, जो देश के कुल घरेलू पर्यटन का 18.4 फीसदी है।

### बीमारू राज्य से राजस्व सरप्लस हो गया

कभी बीमारू कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज रेवेन्यू सरप्लस राज्य हो गया है। वर्ष 2016-17 में राज्य कर राजस्व लगभग 86 हजार करोड़ था, जो वर्ष 2021-22 में 1.47 लाख करोड़ से अधिक हो गया। वर्ष 2016-17 सेल्स टैक्स/वैट लगभग 51,883 करोड़ था जो आज में 1.25 लाख करोड़ के पार रहा।

## पिछले नौ वर्ष में बनी पहचान सदियों तक भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी: सिंधिया

**ग्वालियर :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जो पहचान पिछले नौ वर्ष में बनी है वह सदियों तक भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि क्षमता से शक्ति तक और निर्भरता से आत्मनिर्भरता तक 140 करोड़ जनता के साथ मिलकर आज भारत विश्व पटल पर एक नक्षत्र की तरह उभर चुका है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ग्वालियर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुर्सी और पद महत्वपूर्ण नहीं, लेकिन भारत माता की माटी के लिए बलिदान देना सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक नई विचारधारा के तहत सबका साथ-सबका विकास, सबका साथ और सबका प्रयास लेकर एक जुट होकर भारत माता को आगे बढ़ाने का संकल्प किया।

# पुश अप प्रतियोगिता में डॉ. ए. अंसारी ने किया टॉप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदिक मंजिल चौक स्थित लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर ए अंसारी ने मसल्स फैक्ट्री जिम में आयोजित पुश अप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीम के निदेशक प्रभात सक्सेना ने डॉ. ए. अंसारी को पुरस्कृत किया। दितीय अविनाश कुमार तथा तृतीय अनुज रहे। बता दें कि डॉक्टर ए अंसारी रांची के वेटलिफ्टिंग कंपटीशन में तृतीय स्थान प्राप्त कर चुके हैं। पलामू जिला के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर ए अंसारी पिछले 20 वर्षों से फिटनेस गुरु के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि आदमी को जब ब्लड शुगर हो जाता है तब व्यायाम करना शुरू करते हैं। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए शुरू से ही व्यायाम करना चाहिए, ताकि मनुष्य स्वस्थ रहे। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। डॉ ए अंसारी ने पलामू समेत सभी झारखंड वासियों को यह संदेश दिया है कि कि आप चाहे कितना भी व्यस्त क्यों नहीं हो अपने शरीर के लिए अपने स्वास्थ्य के लिए थोड़ा वक्त जरूर निकालें। ताकि आप स्वस्थ रखकर अपना और अपने परिवार के साथ देश का भी ख्याल रख सके, क्योंकि अगर आप स्वस्थ नहीं रहेंगे तो ना तो स्वयं ना परिवार ना समाज का ख्याल रख पाएंगे। इसलिए आपका स्वस्थ रहना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लेकर स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम बहुत ही आवश्यक है। पलामू जिला के कई महत्वपूर्ण हस्तियों ने लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल के निर्देशक एवं पलामू के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अंसारी के इस सफलता पर गर्व महसूस किया है और उन्हें बधाई दिया है की डॉ. ए अंसारी दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करें। इसी तरह स्वस्थ रहकर अन्य पलामू वासियों को भी स्वस्थ रखें। यही कामना सभी पलामू वासियों ने किया है।

# जुल्म की खेती में रामचन्द्र विद्यार्थी जैसा इंसान पैदा होता है : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद बालक रामचन्द्र विद्यार्थी यूनियन जैक के झंडे उतार तिरंगा फहराने के जुर्म में उतर प्रदेश के देवरिया जिला मुख्यालय सचिवालय पर अंग्रेजों के गोली से छलनी कर दिया गया था।अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन से प्रेरित सातवीं के विद्यार्थी रामचन्द्र 14 अगस्त 1942 को अंग्रेज के गोलियों से सर्वस्व न्योछावर किया था। आज पूरा देश रामचन्द्र विद्यार्थी का शहादत सप्ताह मना रहा है। इसी कड़ी में चैनपुर प्रखण्ड के केकतुआ ग्राम में आज रामचन्द्र विद्यार्थी शहादत समारोह का आयोजन किया गया जिसके बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के तस्वीर पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किये। आयोजन समिति के अध्यक्ष फूलमाला अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किये। सभा के संबोधित करते हमने कहा जब बहारों को खड़ा नीलाम पतझड़ कर रहा हो,साथियों आंधी उठाने का जमाना आज्ञा है। अपनी शहादत देकर रामचंद्र विद्यार्थी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंधी उठाया था जिन्हें हम आज बड़े ऐहतराम से याद कर रहे हैं। शहादत समारोह के आयोजक अशोक प्रजापत्ति, संचालक सामाजिक सुरक्षा बल के केंद्रीय अध्यक्ष अनूप प्रजापत्ति किये। समारोह में गरिमामयी उपस्थिति रही वे हैं आदरणीय वर्तमान मुखिया पपलू दुबे,पूर्व मुखिया कुलबुल दुबे, शोभा प्रजापत्ति सत्येंद्र प्रजापत्ति, मनीष जी, त्रिपुरारी गुरुजी, राहुल दुबे, संजीव तिवारी, मनोहर कुमार, आशीष पासवान, अरविन्द चौरसिया, गुड्डु दुबे, संजय दुबे, नीलमणि चंद्रवंशी, राजकुमार राम, बसंत राम, किरण देवी,पुष्पा देवी, सोनम देवी,संतोष प्रजापत्ति, भुनेश जी राजू जी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला मत्स्य पालन प्रदर्शनी में भाग लेने जाएंगे नॉर्वे

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला और राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 21 से 24 अगस्त तक नॉर्वे का दौरा करेगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य मार्च 2010 में दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार, मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। प्रतिनिधिमंडल 22 से 24 अगस्त तक नॉर्वे के ट्रॉनहैम में द्विवार्षिक मत्स्य पालन प्रदर्शनी और व्यापार मेले %एक्वा नोर 2023% में भी भाग लेगा। यह जलीय कृषि प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए दुनिया के सबसे बड़े व्यापार शो में से एक है। प्रतिनिधिमंडल नॉर्वे में मत्स्य पालन और जलीय कृषि से संबंधित कुछ अत्याधुनिक सुविधाओं, जैसे मछली पकड़ने के जहाज, मछली पकड़ने के बंदरगाह, हैचरी, पिंजरे फार्म और समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का भी दौरा करेगा।

# मप्र चुनाव की आहट के बीच केजरीवाल ने दीं 10 गारंटी, फ्री बिजली, मुफ्त इलाज का वादा



एजेंसी

**सतना :** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को सतना पहुंचे। यहां उन्होंने एक कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में केजरीवाल ने राज्य के सामने 10 गारंटियों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज हम केजरीवाल की गारंटी जारी कर रहे हैं। हम राज्य में 24 घंटे बिजली की गारंटी देते हैं। आपने दोनों पार्टी (भाजपा एवं कांग्रेस) देख ली, लेकिन इन दोनों पार्टी पिछले 75 साल में 24 घंटे बिजली नहीं दे पाए। अगर आपको बिजली चाहिए तो आआपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि हर पार्टी एक दूसरी पार्टी को गाली देती है, लेकिन उससे काम नहीं चलता। हम देश बनाने के लिए आए हैं। पैसे कमाने नहीं आए हैं। केजरीवाल ने कहा कि 10 गारंटियां देते हुए कहा कि हम मप्र में बिजली फ्री करेंगे। नवंबर तक के सारे पुराने बिल भी माफ होंगे। पंजाब में 16 मार्च को सरकार बनी, हमने दिसंबर तक के बिल माफ कर दिए। जैसे मैं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देता हूं, वैसी आपके बच्चों को भी मिलेगी। दिल्ली में मैंने सरकारी स्कूलों को इतना बेहतर बनाया कि चार लाख लोगों ने अपने बच्चों के नाम प्राइवेट स्कूल से कटवा दिए। कच्चे शिक्षकों को पक्का करेंगे। शिक्षकों से शिक्षा के अलावा कोई काम नहीं कराया जाएगा। दिल्ली में सबका इलाज मुफ्त है। जांच-इलाज, दवा फ्री है। मोहल्ले क्लिनिक खुल गए। कोई कार्ड नहीं लगता। मप्र में भी यही करेंगे। हर मप्र वासी का सारा इलाज फ्री होगा। अपोलो फोर्टिस मैक्स से भी शानदार सरकारी अस्पताल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में दो लाख सरकारी नौकरियां दी है। हमारी नीयत साफ है। मप्र में भी हर बेरोजगार को रोजगार देंगे। जब तक रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक हर बेरोजगार को 3 हजार हर माह देंगे। सरकारी नौकरी में कोई रिश्वत नहीं लगेगी। मप्र के सरकारी दफ्तर में बिना पैसे कोई काम नहीं होता। हम भ्रष्टाचार बंद करेंगे। पंजाब में बड़े-बड़े पुराने मंत्रियों को जेल भेज दिया गया। दिल्ली में हमने टोल फ्री नंबर शुरू किया है।

सरकार लोगों के घर काम करने आती है। मप्र में भी यही व्यवस्था लागू करेंगे। बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने की योजना दिल्ली में है। हम उन्हें 12 जगह ले जाते हैं। अभी तक 73 हजार बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई है। उन्होंने कहा कि पुलिस वाले ड्यूटी पर शहीद हो जाते हैं। सैनिक शहीद होते हैं तो उन्हें एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। बहुत कर्मचारी ठेके पर काम करते हैं। रोज डंडे खाते हैं, आंदोलन करते हैं।